दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, मंगलवार, 10 फरवरी 2026 कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2082 | वर्ष-11 अंक- 292 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जन सुराज पार्टी के अध्यक्ष प्रशांत किशोर उर्फ पीके लगता है पी के सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगा बैठे थे। जिसमें उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव रद्द कर फिर से चुनाव कराने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने न सिर्फ याचिका खारिज की बल्कि कड़ी फटकार लगाकर पीके का सारा नशा हिरण कर दिया। पीके की पार्टी को पहले ही बिहार की जनता ने अंडा देकर नकार दिया था। इतनी बेइज्जती खराब होने के बाद भी मुंह उठाकर सुप्रीम कोर्ट चले गए थे। जहां मुंह की खानी पड़ी। लब्बोलुआब यह कि चौबेजी गए थे छब्बेजी बनने दुबेजी बनकर लौटे।

परीक्षा पे चर्चा : रायपुर जिले के धरसीवां क्षेत्र की छात्रा प्रधानमंत्री के परीक्षा-पे-चर्चा कार्यक्रम में हुई शामिल, पीएम मोदी से मिलकर गदगद हुए बच्चे

पीएम ने छात्रों संग बांटी छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी-खुरमी, मोदी बोले- अपनी संस्कृति पर हमेशा गर्व होना चाहिए

रायपुर-नई दिल्ली (नवप्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से युवाओं और छात्रों से सीधे संवाद के लिए जाने जाते हैं। इसी कड़ी में उनके लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का 9वां एडिशन भी चर्चा में रहा।

इस एडिशन के दूसरे एपिसोड में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने न सिर्फ छात्रों बल्कि पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। पीएम मोदी ने स्टूडेंट्स के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक स्नैक्स ठेठरी और खुरमी को शेयर किया। यह पल सिर्फ खाने तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके पीछे भारत की विविध संस्कृति, परंपरा और अपनापन भी झलकता नजर आया।

पढ़ाई के साथ संस्कृति का जुड़ाव: परीक्षा पे चर्चा का मकसद केवल परीक्षा के तनाव पर बात करना नहीं है, बल्कि छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत बनाना और उन्हें जीवन को संतुलित तरीके ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्या है ठेठरी और खुरमी?

ठेठरी छत्तीसगढ़ का एक नमकीन पारंपरिक स्नैक है, जो चने के आटे से बनाया जाता है। इसे खासतौर पर त्योहारों और पारिवारिक मौकों पर तैयार किया जाता है। वहीं खुरमी एक मीठा व्यंजन है, जो आटे, घी और शक्कर से बनता है और स्वाद में कुरकुरा होता है। छत्तीसगढ़ के गांवों में आज भी ये दोनों चीजें मेहमानों के स्वागत में बड़े प्यार से परोसी जाती हैं।

पीएम सर ने सभी बच्चों को दिए ठेठरी-खुरमी

रायपुर जिले के धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा की छात्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका। संस्था की प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि यह शाला परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। कक्षा 11वीं कॉमर्स की छात्रा दीक्षा वर्मा पिता सालिकराम वर्मा को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री से रुबरु होने का अवसर मिला। दीक्षा ने बताया कि हमारे पीएम सर ने बहुत ही सहजता से उनसे बातें करते हुए बताया कि जीवन में अनुशासन एवं निरंतरता से ही कामयाबी मिलती है। हमें सदैव अपनी संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए एवं बौद्धिक विकास के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। पीएम सर ने अपने हाथों से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन खुरमी और ठेठरी हम सभी बच्चों को खिलाया।

बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सीएम विष्णुदेव साय

बस्तर की पहचान बारूद नहीं, संस्कृति: शाह

जगदलपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर की पहचान बारूद से नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध संस्कृति से है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद का तेजी से सफाया हो रहा है और सरेंडर करने वाले नक्सलियों को कोई आंच नहीं आएगी। लेकिन स्कूल और अस्पताल जलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। तय समय में नक्सलवाद खत्म होगा। शाह ने भरोसा दिलाया कि बस्तर को प्रदेश का सबसे विकसित संभाग बनाया जाएगा। उन्होंने ये बातें जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित बस्तर पंडुम के मंच से कही। इससे पहले स्वागत के दौरान उन्हें कौड़ी की माला और पारंपरिक पगड़ी पहनाई गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर की पहचान बारूद नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध संस्कृति और कला है। बस्तर पंडुम पहले 7 विधाओं तक सीमित था, लेकिन अब 5 नई विधाएं जुड़ने से यह 12 विधाओं का उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि बस्तर की कला और संस्कृति विश्व में अद्वितीय है, जिसे प्रभु श्रीराम के समय से संजोकर रखा गया है। आयोजन में करीब 55 हजार लोगों ने भाग लिया, जिसमें दंतेवाड़ा से सबसे अधिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ तय समय में खत्म होगा नक्सलवाद, बस्तर सबसे विकसित संभाग बनेगा

■ शाह की अपील- हथियार डाल दो, विकास की मुख्यधारा में शामिल हो जाओ

दशकों से बंद स्कूल फिर से खुल गए

गृह मंत्री शाह ने कहा कि यह क्षेत्र अब देश के सामने एक चमकते उदाहरण के रूप में उभर रहा है। दशकों से बंद स्कूल फिर से खुल गए हैं। उन्होंने वादा किया कि पांच साल के भीतर, बस्तर छत्तीसगढ़ का सबसे विकसित डिवीजन बन जाएगा। गृह मंत्री शाह ने बस्तर के आदिवासी लोगों की एक बड़ी सभा को बताया कि 27 दिसंबर तक हर गांव में बिजली, मोबाइल कनेक्टिविटी और अस्पतालों, कॉलेजों, डाकघरों और अन्य ज़रूरी सुविधाओं तक पूरी पहुंच होगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार सभी आदिवासी किसानों का धान खरीदेगी और मुफ्त चावल, गैस सिलेंडर और पाइप से पानी देगी, जबकि नक्सलवाद खत्म होने के बाद एडवेंचर टूरिज्म, होमस्टे, कैनोपी वॉक और ग्लास ब्रिज जैसे नए अवसरों को बढ़ावा देगी।

जनजातीय कला, शिल्प और परंपराओं का संरक्षण

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर पंडुम जनजातीय संस्कृति को सहेजने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। राज्य सरकार जनजातीय कला, शिल्प और परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री ने बस्तर पंडुम की बारह विधाओं की प्रतियोगिता में विजेता दलों से भेंट कर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंह देव उपस्थित रहे।

शाह ने विकास परियोजनाओं का जिक्र किया, बस्तर की बदल जाएगी किस्मत

गृह मंत्री शाह ने कई बड़ी विकास परियोजनाओं की घोषणा की। एक नया 118 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र, इंद्रावती नदी पर एक सिंचाई और 120-मेगावाट बिजली परियोजना, पहले से चल रही 3,500 करोड़ रुपये की रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन, नदी जोड़ने की पहल और 90 हजार युवाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण। उन्होंने कर्फ्यू जैसे माहौल से लेकर रात में मुस्कुराते चेहरों और जीवंत सांस्कृतिक नृत्यों से भरे माहौल में आए बड़े बदलाव पर ध्यान दिया, जो बस्तर के सामाजिक ताने-बाने में एक गहरे बदलाव का संकेत है।

बस्तर सबसे विकसित संभाग बनेगा

गृह मंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जनजातीय कलाकारों को मंच देकर बस्तर की संस्कृति को नया जीवन दिया है और अब यह क्षेत्र विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बस्तर को सबसे विकसित संभाग बनाया जाएगा। नक्सलवाद खत्म होते ही नई पर्यटन गतिविधियां शुरू होंगी। बस्तर में 118 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है, जिससे आदिवासी युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं रावघाट योजना भी तेजी से आगे बढ़ रही है और इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

बस्तर की तस्वीर बदल रही: सीएम साय

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि जवानों के साहस और संकल्प से बस्तर की तस्वीर तेजी से बदल रही है। 45 साल तक नक्सलवाद से प्रभावित रहे क्षेत्र में अब शांति स्थापित हुई है। बस्तर पंडुम यहां की संस्कृति और पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कभी देश में 75% नक्सल प्रभाव छत्तीसगढ़ में था, लेकिन अब यह समस्या निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है।

हंगामा: 13 मिनट में स्थगित हुई लोकसभा की कार्यवाही

■ राहुल गांधी को बोलने नहीं देने पर विपक्ष ने किया जबरदस्त विरोध

■ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है विपक्ष : सूत्र

राहुल गांधी को बोलने दो, वरना...

विपक्ष राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रश्नकाल को पूरा हो जाने दीजिए। फिर नियम कानून के तहत चर्चा होगी। सदन की कार्यवाही आपसी सहमति और चर्चा से चलती है, लेकिन जब कांग्रेस सांसद नारे लगाते हुए वेल में आ गए तो सदन की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

नई दिल्ली/एजेंसी। बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस समेत विपक्ष के सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस सांसद मांग कर रहे हैं कि लोकसभा में राहुल गांधी को बोलने दिया जाए। इसके बाद ही वे सदन की कार्यवाही को चलने देंगे। हालांकि, स्पीकर ओम बिरला इसके पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि यह नियमों के खिलाफ है।

ओम बिरला ने कहा कि सदन की कार्यवाही नियमों से चलती है और वैसे ही चलेगी। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर है कि विपक्ष लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। अगर ऐसा होता है तो बजट सत्र के आने वाले दिन भी हंगामे भरे रह सकते हैं। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही सोमवार को शुरू होने के पांच मिनट बाद ही दोपहर बारह बजे तक के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

एनीकेट में नहाने के दौरान डूबे दो बच्चे

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के रामनगर में मोहरा एनिकट में रविवार को नहाने के दौरान दो नाबालिग छात्र गहरे पानी में जाने से डूब गए। सूचना पर डीडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और दोनों की तलाश शुरू की गई। देर शाम तक दोनों का कुछ पता नहीं चल सका। अंधेरा हो जाने के कारण रविवार रात को रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा। रविवार दोपहर को शिवनंदनपुर निवासी आदिल अंसारी (12 वर्ष) पिता सेराज अंसारी और जयनगर कुंजनगर निवासी अयान सद्दाम (15 वर्ष) पिता मो. जावेद दोस्तों के साथ घूमने के लिए रामनगर मोहरा एनीकट गए थे।

लॉ छात्रा की हत्या, छात्र ने खुद को मारी गोली

तरनतारन (ए.)। पंजाब के तरनतारन स्थित लॉ कॉलेज में सोमवार को छात्र ने क्लासरूम में घुसकर छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने वहीं पर खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया। मृतक छात्रा संदीप कौर (20) है। वह लॉ कॉलेज में फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। वहीं आरोपी छात्र तरनतारन का प्रिंसराज सिंह है। वह भी छात्रा के साथ पढ़ता था। पुलिस ने लॉ कॉलेज को सील कर दिया है। साथ ही हत्या के कारणों की जांच कर रही है।

संसद और दिल्ली के स्कूलों में सुरक्षा अलर्ट

नई दिल्ली (वार्ता)। खालिस्तानी समर्थकों ने दिल्ली में संसद भवन को उड़ाने की धमकी दी है, जिसके बाद संसद परिसर के आसपास सुरक्षा बहुत बढ़ा दी गई है। सोमवार को दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भी भेजे गए, जिनमें बम विस्फोटों की चेतावनी दी गई थी।

11 फरवरी को साय कैबिनेट की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक 11 फरवरी को आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में यह बैठक मंत्रालय के मंत्रिपरिषद कक्ष में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में आगामी विधानसभा सत्र के कार्यक्रमों, प्रशासनिक फैसलों और कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बैठक में वित्त, अवसंरचना, कृषि, उद्योग, ऊर्जा समेत अन्य प्रमुख विभागों के कई जरूरी एजेंडा पेश किए जाएंगे।

10 जिलों में बनेगी नशा विरोधी टास्क फोर्स: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में नशे के बढ़ते खतरे को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। 10 जिलों में जिला स्तरीय नशा विरोधी टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। इसके लिए 100 नए पदों को मंजूरी दी गई है। इन जिलों में रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, सरगुजा, कबीरधाम, जशपुर शामिल है।

योजनाओं का होगा मूल्यांकन

बैठक में राज्य में चल रही कई जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही, बजट में शामिल होने वाली नई नीतियों और परियोजनाओं पर भी निर्णय की प्रक्रिया तेज की जा सकती है। सरकार के विकास रोडमैप को गति देने के लिए निवेश आकर्षण, रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचा उन्नयन से जुड़े प्रस्ताव भी मेज पर आ सकते हैं।

सेशेल्स को आर्थिक पैकेज देगा भारत

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है और इसे आगे बढ़ाते हुए भारत ने सेशेल्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। श्री मोदी ने भारत की यात्रा पर आए सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक वार्ता के बाद सोमवार को यहां संयुक्त वक्तव्य में इस आर्थिक पैकेज की घोषणा की। उन्होंने कहा विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है।

एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म, तड़पकर गई जान

■ परिजनों ने किया हंगामा, डॉक्टर बोली- जेल भिजवा दूंगी

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले में निमोनिया से पीड़ित 35 वर्षीय मरीज की ऑक्सीजन नहीं मिलने से एंबुलेंस में मौत हो गई। एंबुलेंस में लगा ऑक्सीजन सिलेंडर पूरी तरह खाली था, जिसकी वजह से मरीज को ऑक्सीजन नहीं मिल पाई। इस वजह से उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान परिजनों और अस्पताल की लेडी डॉक्टर के बीच जमकर बहस हुई। परिजनों ने कहा, आपको विनम्रता से बात करना चाहिए। इस पर डॉक्टर ने गुस्से में कहा- ऐसे लोगों के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हालात बिगड़ने पर मौके पर पहुंची पुलिस

हालात बिगड़ते देख कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस की समझाइश के बाद शव को एंबुलेंस से ले जाया गया, जिसके बाद प्रदर्शन शांत हुआ। हालांकि, परिजन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

गरमा-गरम

सराफा कारोबार: सोना आज 3,515 रुपये महंगा हुआ, 10 ग्राम की कीमत 1.56 लाख रुपये तक पहुंची

चौका रही सोने-चांदी की चाल, सिल्वर 17 हजार बढ़कर 2.62 लाख रुपये किलो

नई दिल्ली/एजेंसी। सोना-चांदी के दाम में आज यानी 9 फरवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 3,515 रुपये बढ़कर 1,55,593 रुपये हो गया है। इससे पहले ये 1,52,078 रुपये पर था।

चांदी 16,826 रुपये बढ़कर 2,61,755 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 2,44,929 रुपये पर थी। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 4 लाख रुपये तक की कीमत को पार कर लिया था। सोने-चांदी की बढ़ती घटती कीमतों को लेकर निवेशक भी चिंतित नजर आ रहे हैं।

सस्ते दामों पर खरीदारी कर रहे लोग

पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई थी। इस दौरान सोना करीब 15% तक सस्ता हो गया था। अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि, जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एकमुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा।

2025 में सोना 75% और चांदी 167% महंगी हुई

■ 2025 में सोना 57 हजार रुपये (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपये हो गया।

■ चांदी इस दौरान 1.44 लाख रुपये (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86,017 रुपये की थी, जो साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपये प्रति किलो हो गई।

शरद पवार की तबीयत बिगड़ी पुणे के रूबी अस्पताल में भर्ती

पुणे (ए.)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी -शरदचंद्र पवार (शप) के प्रमुख शरद पवार को खांसी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद सोमवार को बारामती में उनके आवास से पुणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रूबी हॉल क्लिनिक के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ और प्रबंध न्यासी डॉ. परवेज ग्रांट ने बताया कि सीटी स्कैन जांच में छाती में संक्रमण पाया गया है। ग्रांट ने बताया सभी जांचों के बाद हम उन्हें (पवार को) एक दिन के लिए भर्ती कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की एक टीम उनकी जांच कर रही है और आगे का इलाज उसी के अनुसार किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि 85 वर्षीय नेता को दोपहर में अस्पताल लाया गया था।

बेटी सुप्रिया सुले और सांसद सदानंद भी साथ: अस्पताल पहुंचने के तुरंत बाद पवार को व्हीलचेयर पर अस्पताल के अंदर ले जाया गया। हालांकि पवार स्वयं ही वाहन से उतरे थे। पार्टी सूत्रों के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मैनपाट महोत्सव का सीएम साय करेंगे शुभारंभ, मनोज तिवारी-कनिका कपूर बिखेरेंगे गायकी का जादू

■ 13 फरवरी से शुरुआत, नामी कलाकार देंगे प्रस्तुति, एडवेंचर गेम्स का होगा आयोजन

सरगुजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मैनपाट महोत्सव 2026 का आयोजन 13 से 15 फरवरी तक किया जाएगा। यह महोत्सव तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी, बॉलीवुड गायिका कनिका कपूर सहित कई नामी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव के दौरान एडवेंचर गेम्स, बोटिंग, झूले, भव्य मेला और दंगल जैसे आकर्षक आयोजन भी किए जाएंगे। मैनपाट महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। लंबे समय बाद इस महोत्सव की रौनक फिर से लौटती नजर आ रही है। पिछले कुछ सालों में आयोजन औपचारिकता तक सीमित रह गया था, लेकिन इस बार इसे भव्य रूप दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा इस महोत्सव के लिए 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य मैनपाट में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना और सैलानियों को आकर्षित करना है। महोत्सव का समापन 15 फरवरी रविवार को होगा। अंतिम दिन बॉलीवुड की मशहूर सिंगर कनिका कपूर अपनी प्रस्तुति देंगी। उनके अलावे रायगढ़ घराने की कत्थक नृत्यांगना ज्योतिश्री वैष्णव, छत्तीसगढ़ के उभरते गायक आयुष नामदेव भी अपनी प्रस्तुति देंगे। मैनपाट की सुरम्य वादियां सैलानियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती हैं। सालभर यहां सैलानी पहुंचते हैं। खासकर ठंड के दिनों में मैनपाट में सैलानियों की सर्वाधिक संख्या होती है।

दूसरा दिन छत्तीसगढ़ के कलाकार देंगे प्रस्तुति

आयोजन के दूसरे दिन 14 फरवरी शनिवार को सरगुजा के मशहूर गायक स्वप्निल जायसवाल, छत्तीसगढ़ी गायिका अलका चंद्राकर, इंडियन आइडल और सारे-गा-मा-पा जैसी रियलिटी शोज की फेम वैशाली रायकवार अपनी प्रस्तुति देंगे। ओडिशा के कलाकारों की भागीदारी भी इस दिन विशेष रहेगी। अन्य रंगारंग कार्यक्रम माहौल को मनोरंजक बनाएंगे।

पहले दिन भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी बांधेगे शमा

13 फरवरी (शुक्रवार) को महोत्सव का शुभारंभ होगा। पहले दिन भाजपा सांसद और भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार मनोज तिवारी मंच पर प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा पहले दिन छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी और ओडिशा के प्रसिद्ध छउ नृत्य कलाकार हरिपद मोहंता भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही स्थानीय कलाकार भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

न्यूज गैलरी

16 किलो चांदी बरामद, दो नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

चिरमिरी। एमसीबी जिले के चिरमिरी शहर स्थित पोड़ी क्षेत्र में चोरी के मामले में एक मुख्य आरोपी समेत दो नाबालिगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से सोने-चांदी के जेवर समेत अन्य चोरी हुआ सामान बरामद किया है, बल्कि सर्चिंग के दौरान लावारिस हालत में मिले करीब 18 लाख रुपए मूल्य के 16 किलोग्राम चांदी के जेवर भी जब्त किए हैं। मामले में 3 फरवरी को सौरभ सरकार ने थाना पोड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी से सोने-चांदी के जेवर, सिक्के, लैपटॉप और मोबाइल फोन चोरी कर लिए हैं। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। थाना प्रभारी विवेक पाटले ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस टीम ने केराडोल बस्ती में दबिश दी। इस दौरान पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे राजिम बंसल (18 वर्ष) और दो नाबालिगों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया। आरोपियों के पास मौजूद एक पोटली की तलाशी लेने पर उसमें 16 किलो चांदी के जेवर बरामद हुए, जिनकी कीमत 18 लाख आंकी गई है। इसके अलावा आरोपियों से 2 लैपटॉप, 4 मोबाइल फोन, 2 सूटकेस, 3 पीतल की थालियां और अन्य सोने-चांदी के जेवर भी बरामद किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान केराडोल साजा पहाड़ मुख्य मार्ग के पास सर्चिंग करते समय पुलिस टीम को पुरानी साड़ी में लिपटी एक भारी पोटली भी मिली। मामले में एसपी रत्ना सिंह ने पोड़ी पुलिस और साइबर सेल की टीम का गठन किया था।

मेडिकल कॉलेज में फॉल्स सीलिंग गिरी, हादसा टला

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर पर लगे फॉल्स सिलिंग गिरने से बड़ा हादसा होने से टल गया। यह घटना दवा वितरण केंद्र के पास हुई, जहां अचानक फाल्स सिलिंग नीचे गिर गई। सिलिंग के साथ-साथ छत में लगी सीमेंट के टुकड़े भी जमीन पर आ गिरे। इस दौरान किसी का वहां मौजूद न होना एक बड़ी राहत की बात रही, वरना गंभीर चोट या बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। मिली जानकारी के अनुसार, अस्पताल के कई हिस्सों में फॉल्स सिलिंग जर्जर हो चुकी है और यह कभी भी गिर सकती है।खासतौर से ग्राउंड फ्लोर, जहां मरीजों और स्टाफका लगातार आना-जाना होता है, वहां इस तरह की घटना गंभीर खतरे की घंटी है। फॉल्स सिलिंग कमजोर होने की वजह से यह हादसा हुआ। अस्पताल प्रशासन की ओर से पीडब्लूडी विभाग को बताया गया है कि तुरंत सभी जर्जर फॉल्स सिलिंग की जांच कराकर उन्हें बदलवाया जाए। इस घटना ने अस्पताल प्रशासन और जनता दोनों में चिंता बढ़ा दी है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में लगातार आने-जाने वाले लोग किसी भी समय इस तरह की दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। हादसे के बाद अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल प्रभावित क्षेत्र को खाली करवा दिया और वहां सुरक्षा के इंतजाम किए।

पुरानी रंजिश के चलते युवक की बेरहमी से पिटाई, केस दर्ज

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले में पुरानी रंजिश के चलते 7 से 8 युवकों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद आरोपी युवक बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। मारपीट की पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का। जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो करीब 4 दिन पुराना है, जो अब सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ युवक अलग-अलग बाइक और स्कूटी पर सवार होकर गाली-गलौज करते हुए घूम रहे हैं। लक्ष्मीपुर रोड से रामभांठा की ओर जाने वाले रास्ते के पास आरोपियों ने स्कूटी सवार दो युवकों को रोका। इसके बाद एक युवक को सभी ने मिलकर लात-घूंसों से जमकर पीटा। इस दौरान मौके पर कोई बीच-बचाव करने वाला नहीं था, जिससे युवक को गंभीर रूप से पीटा गया।जानकारी के मुताबिक, मारपीट करने वाले युवकों के ही ग्रुप में शामिल किसी एक युवक ने घटना का वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि पीड़ित दीनदयाल कॉलोनी क्षेत्र का रहने वाला है। जबकि मारपीट करने वाले युवक इंदिरा नगर और आसपास के अलग-अलग मोहल्लों के रहने वाले बताए जा रहे हैं। कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बताया कि यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। अब आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

भवन निर्माण के लिए जमीन आबंटन करने ग्रामवासियों से चर्चा हुई

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला मुख्यालय में अथक प्रयास के बाद जिला मुख्यालय में कन्या महाविद्यालय की स्वीकृति हुई है, वर्तमान में वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित है जिसके लिए भवन निर्माण हेतु जमीन आबंटन करने हेतु विगत दिनों तहसीलदार चितेश देवांगन ने ग्राम पंचायत डोंगरीगाँव में स्थानीय ग्रामवासी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक हुई जिसमें तहसीलदार चितेश देवांगन ने बताया कि ग्राम डोंगरीगाँव में 200 एकड़ घांस जमीन है जो कि कन्या महाविद्यालय गरियाबंद भवन के लिए 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराना है जिसमें आपके ग्राम डोंगरीगाँव में जमीन आबंटन किया जाना है । ग्रामीणों के कुछ लोगों के विरोध किए जाने पर तहसीलदार श्री देवांगन जी ने ग्रामीणों को समझाया कि यह शिक्षण संस्था के निर्माण होने से आप सब लोगों को ज्यादा फायदा मिलेगा, बच्चियाँ पढ़ेंगी, आप लोगों को रोजगार मिलेगा। उपस्थित जनप्रतिनिधि में जनपद अध्यक्ष सोहन लाल ध्रुव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लेखराम साहू, नगरपालिका परिषद गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव, गरियाबंद वरिष्ठ नागरिक मुरलीधर सिन्हा, अमित मिरी, पत्रकार महेन्द्र सहीस, पटवारी मनोज कुमार कंवर, मनोज खरे आदि उपस्थित रहे।

हाईकोर्ट ने रिटायर्ड लेक्चरर को दी राहत, जारी वसूली आदेश निरस्त

रिटायरमेंट के छह माह बाद जीपीएफ से वसूली अवैध, कोर्ट ने आदेश किया निरस्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी भी शासकीय अधिकारी या कर्मचारी के रिटायरमेंट होने के छह माह बाद सामान्य भविष्य निधि की राशि से किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने एक रिटायर्ड लेक्चरर को राहत देते हुए उनके खिलाफ जारी वसूली आदेश को निरस्त कर दिया। दरअसल, मामला जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ निवासी लक्ष्मीनारायण तिवारी से जुड़ा है। वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ससहा में व्याख्याता के पद पर पदस्थ थे। लक्ष्मीनारायण तिवारी 31 जनवरी 2011 को 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर रिटायरमेंट हुए थे। रिटायरमेंट के करीब 12 साल बाद महालेखाकार कार्यालय रायपुर ने उनके जीपीएफ खाते में ऋणात्मक शेष दर्शाते हुए उनके खिलाफ वसूली आदेश जारी कर दिया। इस आदेश से परेशान होकर लक्ष्मीनारायण तिवारी ने अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय और ऋषभदेव साहू के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर वसूली आदेश को चुनौती दी।

हाईकोर्ट ने किया वसूली आदेश को निरस्त

हाईकोर्ट ने प्रस्तुत तर्कों और न्यायिक दृष्टांतों से सहमति जताते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के 12 साल बाद जारी किया गया वसूली आदेश विधि के विपरीत है। इसके बाद न्यायालय ने कार्यालय महालेखाकार रायपुर की ओर से जारी वसूली आदेश को निरस्त कर दिया।

12 साल बाद की जा रही थी वसूली

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय ने कोर्ट में तर्क दिया। उन्होंने कहा कि जबलपुर हाईकोर्ट के रामनारायण शर्मा बनाम मध्यप्रदेश राज्य मामले में यह स्पष्ट किया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के डीआर मंडावी बनाम छत्तीसगढ़ शासन और हृदयनारायण शुक्ला बनाम छत्तीसगढ़ शासन मामलों में भी यही बात कही गई है। इन फैसलों में कहा गया है कि शासकीय कर्मचारी के रिटायरमेंट के 6 माह के भीतर ही देयकों की वसूली की जा सकती है। इसके बाद वसूली करना नियमों के खिलाफहै। पेंशन नियम 65 के तहत 6 माह के भीतर ही वसूली का प्रावधान-इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम, 1976 के नियम 65 का हवाला देते हुए बताया गया कि यदि किसी शासकीय सेवक के लक्ष्य खाते में ऋणात्मक शेष पाया जाता है, तो सेवानिवृत्ति की तिथि से केवल 6 माह की अवधि के भीतर ही वसूली की जा सकती है। निर्धारित समय-सीमा के बाद लक्ष्य राशि से किसी भी प्रकार की वसूली कानूनन गलत है।

जेल प्रहरी की बर्खास्तगी हाई कोर्ट ने रद्द की

रायपुर। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में रायपुर केंद्रीय जेल के प्रहरी लखनलाल जायसवाल की बर्खास्तगी को निरस्त करते हुए उनकी तत्काल सेवा बहाली के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि केवल इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट वीडियो के आधार पर किसी कर्मचारी को दंडित करना न्यायसंगत नहीं है। मामले की सुनवाई जस्टिस पी.पी. साहू की सिंगल बेंच ने की। कोर्ट ने 31 दिसंबर 2024 और 6 अगस्त 2025 को जारी बर्खास्तगी आदेशों को रद्द कर दिया।

एनडीपीएस मामलों की जांच मजबूत करने प्रशिक्षण कार्यशाला

■ जशपुर में पुलिस अधिकारियों को न्यायाधीश-अभियोजन ने दिए टिप्स

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले में नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने और एनडीपीएस एक्ट के मामलों की जांच को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला 8 फरवरी 2026 को एसपी कार्यालय के मीटिंग हॉल में संपन्न हुई। इसमें जिले के सभी पुलिस अधिकारी और विवेचक शामिल हुए। कार्यशाला में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश शैलेंद्र पटवर्धन, डिप्टी डायरेक्टर (अभियोजन) सुरेश कुमार साहू, सहायक निदेशक अभियोजन विपिन कुमार और सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विवेक शर्मा ने अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के मामलों में कानूनी प्रक्रियाओं, साक्ष्य संकलन, जब्ती, सैंपलिंग, दस्तावेजी साक्ष्य और विवेचना की आवश्यक बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विवेचना की गुणवत्ता ही यह तय करती है कि आरोपी को न्यायालय में सजा मिल पाएगी या नहीं।

डीआईजी बोले- गिरफ्तारी नहीं, मजबूत विवेचना जरूरी

डीआईजी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई सिर्फ गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है। विवेचना की गुणवत्ता, कानूनी प्रावधानों का पूर्ण पालन और अभियोजन विभाग के साथ समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि एनडीपीएस एक्ट के प्रत्येक मामले में जिला अभियोजन विभाग से अनिवार्य रूप से परामर्श लिया जाए, ताकि न्यायालय में तस्करों के खिलाफ मजबूत पक्ष रखा जा सके।

एडीजे पटवर्धन ने दस्तावेजी साक्ष्यों पर दिया जोर-

अतिरिक्त जिला न्यायाधीश शैलेंद्र पटवर्धन ने एनडीपीएस मामलों में सूक्ष्म और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विवेचना के दौरान प्रत्येक तथ्य का स्पष्ट, सटीक और विधिवत दस्तावेजीकरण अत्यंत आवश्यक है।

तेज रफ्तार टिप्पर बना काल, स्कूटी सवार महिलाओं को रौंदा, दो की मौत

जगदलपुर / नवप्रदेश। बड़ाजी थाना क्षेत्र के ग्राम पोटानार के पास सोमवार दोपहर को एक तेज रफ्तार टिप्पर ने स्कूटी सवार एक महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में साथ बैठी एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद टिप्पर चालक घटना स्थल से फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पोटानार के निकट चित्रकोट की ओर से आ रही एक अनियंत्रित टिप्पर ने सामने से आ रही स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण दुर्घटना में स्कूटी सवार महिला की तत्काल मृत्यु हो गई, जबकि उसकी साथी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद चालक मौके से भाग निकला। घायल महिला को बेहतर उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। घायल महिला की स्थिति भी कुछ बताने लायक नहीं है, जिससे पुलिस को घटना के बारे में अधिक जानकारी जुटाने में परेशानी हो रही है। पुलिस दोनों महिलाओं के परिजनों की तलाश कर रही है।

आरोपी की तलाश जारी- मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहंडीगुड़ा के अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी टिप्पर चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ।

भोरमदेव शक्कर कारखाने से गन्ना किसानों को बड़ी राहत, अब तक 46.77 करोड़ का भुगतान

कवर्धा / नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा द्वारा गन्ना किसानों को एक और बड़ी राहत दी गई है। कारखाने ने हाल ही में ?6.93 करोड़ की अतिरिक्त राशि जारी की है, जिसके साथ ही अब तक कुल ?46.77 करोड़ का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। समयबद्ध एवं निरंतर भुगतान से क्षेत्र के गन्ना किसानों में संतोष और उत्साह का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भुगतान प्रक्रिया निरंतर जारी है। इससे सहकारी व्यवस्था के प्रति किसानों का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है। कारखाना प्रबंधन का कहना है कि नियमित भुगतान न केवल किसानों की आर्थिक मजबूती सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि कारखाने के सुचारु संचालन को भी स्थायित्व प्रदान कर रहा है।

पेराई व उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति: कारखाना प्रबंधन के अनुसार चालू पेराई सत्र में अब तक 2,33,455 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई पूरी की जा चुकी है, जिससे 2,74,322 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह उपलब्धि किसानों के सहयोग, प्रशासनिक मार्गदर्शन और कारखाने की कार्यकुशलता का संयुक्त परिणाम मानी जा रही है।

नारंगी नदी पर तटरक्षण काम करने सांसद ने किया भूमिपूजन

जगदलपुर / नवप्रदेश। बस्तर ब्लॉक के भैंसगांव में जल संसाधन विभाग नारंगी नदी पर 2.98 करोड़ की लागत से तटरक्षण करेगा। सांसद महेश कश्यप ने रविवार को भूमिपूजन किया। इससे किसानों की उपजाऊ जमीन को नदी के कटाव से बचाने की पहल होगी। इस मौके पर सांसद कश्यप ने कहा, नारंगी नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए बारिश का मौसम चिंता का विषय बना रहा है। बाढ़ से न सिर्फ फसलें बर्बाद होती थीं, बल्कि आवासीय क्षेत्रों पर भी खतरा मंडराता था। जपं अध्यक्ष संतोष बघेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान जिपं शकुंतला कश्यप, जपं उपाध्यक्ष जयवती कश्यप, मनीराम कश्यप, रामानंद मिश्रा, उदबोराम नाग, मदन बघेल, कुलधर भारती, अर्जुन कोर्राम, चैतन भारती उपस्थित रहे।

बच्चा न होने के विवाद में पत्नी को मार डाला

■ पति चरित्र पर करता था शक, फरार आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बच्चे न होने के विवाद में पति ने पत्नी को मार डाला। शनिवार शाम को आरोपी ने फावड़े से हमला कर पत्नी की हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार लिया गया है। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, करीब 18 साल पहले गायत्री बस्ती में रहने वाले तुलसी यादव (37) की शादी रंजना यादव (35) से हुई थी। लेकिन दंपती को अब तक संतान नहीं हुई थी। इसके अलावा पति पत्नी के कैरेक्टर पर भी शक करता था। जांच में सामने आया है कि संतान न होने और चरित्र पर संदेह को लेकर दंपती के बीच अक्सर विवाद होता था। घटना वाली शाम भी पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद गुस्साए पति ने फावड़े से पत्नी के सिर पर चेहरे पर हमला दिया।

जानिए क्या है पूरा मामला ?

दरअसल, तुलसी यादव पेशे से किसान है। पत्नी रंजना यादव और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ढेलवाडीह गायत्री बस्ती में रहता है। शादी के 18 साल बाद भी संतान प्राप्ति नहीं हो रहा था। ऐसे में उसने अक्सर विवाद होता था। हाल ही में रंजना अपने मायके ढेलवाडीह मेला देखने गई थी। पति भी मेले में पहुंचा था। वहां से लौटने के बाद रविवार शाम को दंपती में पुरानी बातों को लेकर विवाद हो गया। पति ने फावड़े से पत्नी के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किया। जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई और जमीन पर गिर पड़ी। इसके बाद पति मौके से फरार हो गया। इधर, चीख-पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो रंजना खून से लथपथ पड़ी हुई थी। परिजन उसे फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जांच के बाद डॉक्टरों ने रंजना को मृत घोषित कर दिया। मामले जानकारी मिलते ही कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वारदात की जानकारी लेने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। आरोपी पति के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है।

अच्छी पहल : जांजगीर-चांपा में रीपर मशीन से खेती की नई राह, चारा-खाद बनाने में करती है मदद

रिटायर्ड फौजी ने 100 एकड़ की पराली जलने से बचाई

जांजगीर-चांपा (नवप्रदेश)। जांजगीर-चांपा के जगमहंत निवासी रिटायर्ड एसीपी शैलेन्द्र सिंह बनाफर ने फौज से रिटायर होकर न सिर्फ खेती में नई जान डाली, बल्कि पराली को जलने से रोककर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश भी दे रहे हैं।

फौज में रहते हुए भी उनका दिल खेती की ओर खींचता था और रिटायरमेंट के बाद उन्होंने इसे अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। बनाफर ने अपने गांव में 12 एकड़ निजी जमीन के साथ कुल 20 एकड़ जमीन पर खेती शुरू की। पहले गांव में किसान धान की पराली जलाते थे, जिससे प्रदूषण बढ़ता और मिट्टी की उर्वरता घटती थी। पराली जलाने से कीटाणु मर जाते हैं और मिट्टी में प्राकृतिक खाद घट जाती है। उनके घर के चारों ओर पराली जलती, तो घर में रहना मुश्किल हो जाता था। ऐसे में उन्होंने रीपर मशीन लाई, जो पराली को जलाने की बजाय काटकर मवेशियों का चारा या खेत के लिए खाद बनाने में मदद करती है।

पराली कटवाकर पैरा से खाद तैयार करना शुरू कर दिया: बनाफर के अनुसार यह तकनीक न सिर्फपर्यावरण की रक्षा करती है, बल्कि किसानों की लागत भी घटाती है। बनाफर ने गांव के अन्य किसानों को भी इस तकनीक से परिचित कराया। कई किसानों ने अब अपने खेतों में पराली कटवाकर पैरा से खाद तैयार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने घर में चार आवारा घूम रही गायों को रखा और पराली का उपयोग उनके चारे के रूप में किया। इससे आवारा पशुओं की समस्या भी कम हुई और किसानों को प्राकृतिक खाद मिली। उन्होंने मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने गोबर और कम्पोस्ट खाद का उपयोग शुरू किया है।

मिट्टी धीरे-धीरे बंजर हो रही थी: पहले गांव में अधिक यूरिया और डीएपी का उपयोग होता था, जिससे मिट्टी धीरे-धीरे बंजर हो रही थी। बनाफर ने धीरे-धीरे मिट्टी का संतुलन लौटाया और ऑर्गेनिक खेती के प्रयोग शुरू किए। इसके परिणामस्वरूप खेत की उपज बढ़ी और लागत भी कम हुई। उनकी देखा-देखी अब गांव के अन्य किसान भी पराली के उपयोग के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

पराली को जलने से रोका

इस साल उन्होंने लगभग 100 एकड़ जमीन पर पराली को जलने से रोका। इसका उपयोग खाद बनाने में या मवेशियों के चारे के तौर पर उपयोग में हो रहा है। उन्हें खुद गांव के गोठान को दो ट्रैक्टर पैरा दान किया है, जो मवेशियों के पेट भरने के काम आ रहा है। इस प्रक्रिया से मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ी, यूरिया की जरूरत कम हुई और खेत स्वच्छ भी रहे।

आज से रूख्खड़ स्वामी महोत्सव

खैरागढ़/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ की धार्मिक और आध्यात्मिक पहचान माने जाने वाले श्री रूख्खड़ स्वामी मंदिर परिसर में आज मंगलवार से श्री रूख्खड़ स्वामी महोत्सव का शुभारंभ होगा। परम तपस्वी संत श्री रूख्खडनाथ स्वामी जी ने वर्षों तक कठोर साधना कर सनातन धर्म की अलख जगाई।

इस महोत्सव को क्षेत्र की धार्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ और माँ नर्मदा के अनन्य भक्त संत श्री रूख्खडनाथ स्वामी जी ने यहाँ कठोर तपस्या कर क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत किया। मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान जी की प्रतिमा को विशेष चमत्कारी माना जाता है।

पूर्वोत्तर विकास को नई गति, अश्विनी वैष्णव ने गुवाहाटी स्टेशन पर ब्लेंडेड हॉस्पिटैलिटी सेवाओं का किया शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल संपर्क को मजबूत करते हुए और पूर्वोत्तर के विकास को नई गति देते हुए, रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से असम के गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर ब्लेंडेड हॉस्पिटैलिटी सेवाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने सैरांग और सिलचर के बीच नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, सिलचर से सांसद परिमल सुकलाबैद्य, राज्यसभा सदस्य कनाद पुरकायस्थ और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। सैरांग - सिलचर पैसेंजर रेलगाड़ी मिजोरम की राजधानी को असम की बराक घाटी से सीधे जोड़ेगी। इससे क्षेत्रीय एकीकरण में सुधार होगा और विद्यार्थियों, दैनिक यात्रियों और मरीजों को सुरक्षित, तेज और आरामदायक यात्रा मिलेगी। इसी समय, गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर आधुनिक हॉस्पिटैलिटी सुविधाएं यात्रियों के आराम को बढ़ाएंगी और बेहतर, स्वच्छ और ग्राहक-अनुकूल यात्रा का

अनुभव देंगे। इन सेवाओं में स्लीपिंग पॉड्स, आधुनिक एयर-कंडीशन्ड लाउंज और मल्टी-कुज़ीन रेस्टोरेंट शामिल हैं। ये सुविधाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और आरामदायक माहौल मिले, जिससे स्टेशन की कुल उपयोगिता बेहतर होगी। इस अवसर पर संबोधन में वैष्णव ने कहा कि सरकार ने पिछले एक दशक में इस क्षेत्र के लिए रेल फंडिंग में काफी बढ़ोतरी की है। इसमें उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 में 11,486 करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लगभग 72,468 करोड़ की परियोजनाएं पहले से ही चल रही हैं, जो संपर्क सुविधा और अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास को दिखाती हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह फोकस प्रधानमंत्री के इस विश्वास को दर्शाता है कि पूर्वोत्तर का विकास 'विकसित भारत' के लिए ज़रूरी है और हर क्षेत्र को एक साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि रेल संपर्क न केवल यात्रियों की आवाजाही को आसान बनाता है, बल्कि आर्थिक गतिविधि को भी बढ़ावा देता है।

नई हाई स्पीड रेल कॉरिडोर में महत्वपूर्ण पहल

रेलवे बोर्ड ने देश में नई हाई स्पीड रेल परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बजट 2026 में घोषित सात नई हाई स्पीड रेल कॉरिडोरों को समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से बोर्ड स्तर पर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसके पश्चात कई निर्णय लिए गए। सात प्रस्तावित हाई स्पीड रेल कॉरिडोरों में मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी तथा वाराणसी-सिलीगुड़ी शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

संभाग स्तरीय रोजगार मेला 12 व 13 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 12 एवं 13 फरवरी को सवेरे 10 बजे से शाम 4 बजे तक आईटीआई कोनी में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 निजी कंपनियों द्वारा फायनेंस, एग्रीकल्चर, मैनेजमेंट, मेडिकल व फार्मेसी, सोलर एनर्जी, टेक्सटाईल इंडस्ट्री, सर्विस टेक्निकल, मेनुफैक्चरिंग, सिक्यूरिटी सर्विस, इंश्योरेंस, आटोमोबाईल, ज्वेलेरी जैसे क्षेत्रों में लगभग 4 हजार पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए रोजगार पंजीयन, ई रोजगार पोर्टल में आवेदक का ऑनलाईन मेला पंजीयन होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक आधार कार्ड, फोटो, बायोडाटा एवं निर्धारित शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ रोजगार मेले में शामिल हो सकते है। मेले में शामिल होने एवं रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी www.erojgar.cg.gov.in एवं छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप से प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कोनी से भी संपर्क किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी को स्व. श्री बीआर यादव बहतराई स्टेडियम में किया जाएगा। विवाह कार्यक्रम में 175 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम में प्रत्येक हितग्राही जोड़े को उपहार स्वरूप 35 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही परिवहन हेतु 1 हजार एवं विवाह के लिए वस्त्र, मंगलसूत्र एवं श्रृंगार सामग्री भी दी जाएगी।

यादव प्रीमियम लीग में महामाया इलेवन और सुदर्शन इलेवन की शानदार जीत

बिलासपुर/नवप्रदेश। यादव प्रीमियम लीग का सीजन 1 का शानदार चौथा दिन का पहला मैच महामाया 11 बनाम नरसिंगदेव 11 के मध्य खेला गया जिसमे नर्सिंग 11 ने जीत हासिल किया। दूसरा मैच सुदर्शन 11 बनाम महाकाल 11 के मध्य खेला गया जिसमे सुदर्शन 11 ने शानदार जीत हासिल किया तीसरा मैच प्रेस 11 बनाम भाजपा 11 के मध्य खेला गया जिसमे प्रेस क्लब जीत हासिल की। इस कार्यक्रम मै पहला मैच मुख्य अतिथि सिद्धांशु मिश्रा जिलाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी मोनू सरोज यादव सरपंच दुलारे भाई शेरू असलम अनस खोखर दूसरा मैच का अतिथि महेंद्र महेंद्र गंगोत्री जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस कमेटी प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा उपाध्यक्ष कांति दुबे भावेन्द्र गंगोत्री शशांक मिश्रा विकास सिंह राजू यादव सुनील साहू अर्पित केशरवानी उपस्थित थे इस कार्यक्रम का संचालक शैलेन्द्र यादव शरद यादव विजय यादव मंजीत यादव छोटू यादव आकाश यादव सी एम डी. जीतू यादव दीपक यादव भोला यादव आयुष यादव तरुण यादव विक्की यादव. देवेंद्र यादव, आशीष यादव, विलास यादव पुकार यादव, सन्नी यादव, अवि यादव, वीके यादव, राजा यादव, शुभ सुजल, सतेन्द्र यादव एवं समस्त कृष्ण सेना यादव समाज उपस्थित थे।

रेलवे स्कूल के छात्र का रिपब्लिक-डे कैंप के लिए चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से हर वर्ष पब्लिक कैंप और रिपब्लिक डे कैंप का आयोजन किया जाता है। इन कैंपों के माध्यम से विद्यार्थियों के भीतर छिपी देशभक्ति, नेतृत्व और अनुशासन की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष बिलासपुर से तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित रिपब्लिक डे कैंप के लिए किया गया था। इनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 का एक छात्र भी शामिल रहा। चयनित छात्र ने करीब चार महीने तक रिपब्लिक डे कैंप में भाग लिया, जहां उसने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और जिम्मेदारी के महत्व को न केवल समझा बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारा। कैंप के दौरान छात्र ने विभिन्न गतिविधियों, परेड अभ्यास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया। मंगलवार को कैंप से लौटकर जैसे ही छात्र बिलासपुर पहुंचा, रेलवे स्टेशन पर उसका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के बाद छात्र अपने विद्यालय पहुंचा, जहां स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और सहपाठियों ने फूल-मालाओं से उसका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने छात्र की उपलब्धि की सराहना करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और अन्य विद्यार्थियों को भी ऐसे राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

घर बचाओ आंदोलन 80 दिनों से जारी, प्रशासन पर गंभीर आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। लिंगियाडीह क्षेत्र में घर बचाने की लड़ाई अब शासन-प्रशासन के लिए बड़ा सवाल बनती जा रही है। पिछले 80 दिनों से ज्यादा समय से महिलाएं, बुजुर्ग और परिवार धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। इस बीच पूर्व विधायक, पार्षद और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन की नीतियों पर सीधा हमला बोला है।

बसपा के पूर्व विधायक इंजीनियर रामेश्वर खरे ने धरना स्थल पहुंचकर आंदोलन को खुला समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि यहां रहने वाले लोग कोई बाहरी नहीं हैं, बल्कि वर्षों पहले आकर बसे हैं और शासन ने खुद पट्टा देने की मंशा से उनसे शुल्क भी वसूला था। ऐसे में अब उन्हें बेदखल करने की कोशिश करना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।रामेश्वर खरे ने कहा कि जब तक सरकार प्रभावित परिवारों के लिए सुनिश्चित और स्थायी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती और उनकी जरूरत के अनुसार जमीन आवंटित नहीं करती, तब तक इस तरह की कार्रवाई बिल्कुल गलत है। उन्होंने साफ कहा कि गरीबों को सताने का काम लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं हो सकता। उन्होंने यह भी बताया कि 80 दिनों से लोग रोजी-रोटी छोड़कर धरने पर बैठे हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, स्वास्थ्य बिगड़ रहा है, लेकिन शासन स्तर पर अब तक कोई सुध नहीं ली गई। ऐसी संवेदनहीनता सरकार की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। लिंगियाडीह पार्षद दिलीप पाटिल ने आरोप लगाया कि यह सिर्फ सड़क विस्तार का मामला नहीं है, बल्कि लोगों के घरों को तोड़कर कॉम्प्लेक्स और गार्डन बनाने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि सड़क के लिए जितना तोड़ना था, वह पहले ही तोड़ा जा चुका है, अब बची हुई बस्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। धरनारत लोगों ने साफ कहा कि तीन महीने से ज्यादा समय से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। घर, दुकानें और रोजमर्रा की आजीविका सब कुछ उजड़ रहा है।

गरीबों के साथ अन्याय

पार्षद दिलीप पाटिल ने यह भी कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से टारगेट किया जा रहा है। उनका कार्यालय तक तोड़ दिया गया, जबकि रेडक्रॉस मेडिकल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए अन्य वैकल्पिक स्थान उपलब्ध थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई बदले की भावना से की जा रही है। वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि यह धरना गरीबों के साथ सीधा अन्याय है। वर्ष 2022 में शासन ने खुद पट्टे के नाम पर शुल्क लिया था, जो सरकार का निर्णय था। अब सरकार बदल गई है, लेकिन पुराने निर्णय की जिम्मेदारी से सरकार पीछे नहीं हट सकती।

छत्तीसगढ़ के विकास को रफ्तार दे रहा एनएचएआई

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अपने गठन के 31वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। छत्तीसगढ़ जैसे तेजी से विकसित होते राज्य के लिए सड़कें केवल आवागमन का साधन मात्र नहीं हैं, बल्कि ये आर्थिक प्रगति की धमनियां हैं। पिछले वर्षों में एनएचएआई ने राज्य के भौगोलिक नक्शे पर डामर और कांक्रीट से विकास की जो गाथा लिखी है, उसने छत्तीसगढ़ को देश के लॉजिस्टिक और औद्योगिक हब के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। आज छत्तीसगढ़ की सड़कें केवल गंतव्य तक पहुँचने का रास्ता नहीं, बल्कि राज्य के सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-53 जो एशियाई मार्ग-46 का एक अभिन्न हिस्सा है, वर्तमान में राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। महाराष्ट्र सीमा से शुरू होकर राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, आरंग और सरायपाली होते हुए ओडिशा सीमा तक फैला यह शानदार फोरलेन खंड राज्य की औद्योगिक क्षमता को वैश्विक पहचान दिला रहा है।

राजधानी और औद्योगिक केंद्रों का 'गोल्डन लिंक'

एनएचएआई ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, न्यायधानी बिलासपुर और ऊर्जाधानी कोरबा को आपस में जोड़ने के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के माध्यम से रायपुर- से बिलासपुर और वहां से पथरापाली-कटघोरा तक की फोरलेन सड़क ने सफर के समय को आधा कर दिया है। इसी क्रम में चांपा-कोरबा-कटघोरा खंड (एनएच-149बी) ने कोयला और ऊर्जा क्षेत्र के परिवहन को नई गति प्रदान की है।

मेगा हेल्थ कैंप में 159 लोगों की जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा कोनी में रविवार को करूवा बाबा का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में समूह द्वारा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 159 लोगों की जांच कर मुफ्त दवाई व परामर्श दिया गया। सर्वप्रथम परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु जी एवं परमपूज्य गुरूपद संभवराम जी के तैल चित्र में माल्यार्पण और धूप-दीप, पूजन व आरती शाखा के मंत्री उमेश नारायण मिश्रा ने किया। तद्पश्चात आश्रम प्रांगण में स्थित ग्राम देवता करूवा बाबा

जी का वार्षिकोत्सव पूजन और आरती शाखा के मंत्री एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व बुजुर्गो ने विधिवत किया। इस दौरान समूह के सभी सदस्य एवं ग्राम के महिला व बच्चे उपस्थित रहे। इसके बाद वरिष्ठजनों द्वारा लोगों को ग्राम देवता करूवा बाबा जी बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अंत में श्रध्दालुओं को प्रसाद बांटा गया। इसके बाद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। सीएचएमओ डॉ. शुभ्रा गरेवाल के नेतृत्व में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 159 लोगों की जांच कर आवश्यक दवाई व परामर्श दिया गया।

परीक्षार्थियों को एसएसपी रजनेश सिंह का संदेश, मेहनत करें... मायूस न हों

बिलासपुर/नवप्रदेश। छात्र-छात्राओं की भविष्य की चिंता करते हुए जिले के कप्तान रजनेश सिंह ने सभी परीक्षार्थियों को ईमानदारी से मेहनत करने की सलाह दी है रटने के बजाय विषय को समझने पर जोर दिया एसएसपी ने कहा कि मेहनत बेकार नहीं जाती हर परीक्षा सीख देती है इससे नर्वस होने की जरूरत नहीं हेयर, साथ पेरेंट को भी बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाने की सलाह दी है ताकि बच्चे बिना दबाव में आये अपनी तैयारी कर सके। एसएसपी ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। इस शांत मन से तैयारी करे। सभी को शुभकामना देते हुए एसएसपी अच्छे परिणाम की उम्मीद जताई है। एसएसपी जैसे अधिकारियों की प्रेरणा छात्रों के लिए एक मजबूत पहल है, इससे बच्चों का मनोबल व उत्साह बढ़ेगा।

एक सार्थक प्रयास एसएसपी ने किया है।

कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश।आशीर्वाद वैली में स्थित नवनिर्मित भगवान शिव शंकर और श्री हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कलश यात्रा के साथ आरंभ हो गया।यात्रा के आरंभ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जल भरा। इसके पश्चात कलश यात्रा मेन गेट से कालोनी के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंची। जहां विधिपूर्वक कलश की स्थापना की गयी। धार्मिक अनुष्ठान पंडित हार्दिक महराज के द्वारा संपन्न कराया गया। यजमान की भूमिका जेएस ठाकुर एवं उनकी धर्मपत्नी उर्मिला ठाकुर ने निभायी. इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत 11 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ भजन कीर्तन का किया जाएगा। इसी दिन पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा।

माघी पूर्णिमा मेला के सांस्कृतिक संध्या में उमड़ा जनसैलाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। ऐतिहासिक माघी पूर्णिमा मेला का भव्य समापन रविवार को मंडी परिसर स्थित मंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। मेले के अंतिम दिन बड़ी संख्या में दर्शक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जिससे पूरा परिसर जनसैलाब से भर गया। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति 'अनुराग धारा' ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीत, संगीत और लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुतियां

दी गईं। कलाकारों की जीवंत अदायगी पर दर्शक झूमते नजर आए और पूरे वातावरण में लोक संस्कृति की छटा बिखर गई। सांस्कृतिक संध्या ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को आकर्षित किया। गौरतलब है कि 1 फरवरी से शुरू हुआ यह मेला सैकड़ों वर्षों पुरानी परंपरा का प्रतीक है। नगर पालिका परिषद रतनपुर के अध्यक्ष लवकुश कश्यप ने बताया कि इस वर्ष मेले के सातों दिन छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।समापन कार्यक्रम में सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू तथा बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज को जोड़ने वाला बताया। कार्यक्रम के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए रतनपुर थाना प्रभारी निलेश पांडे सहित प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा।

विरोध: 60 करोड़ की सहायता राशि पर रोक की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ मुस्लिम समाज ने निकाला जुलूस

बिलासपुर/नवप्रदेश। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ लगातार हो रहे अत्याचार, हिंसा और हत्याओं के विरोध में सोमवार 9 फरवरी को बिलासपुर में मुस्लिम समाज सड़कों पर उतरा। मानवता और भाईचारे के संदेश के साथ निकाले गए इस शांतिपूर्ण जुलूस के जरिए केंद्र सरकार से कड़ा फैसला लेने की मांग की गई।

सोमवार को मुस्लिम समुदाय की ओर से नेहरू चौक से कलेक्टर कार्यालय, बिलासपुर तक शांतिपूर्ण जुलूस निकाला गया। बड़ी संख्या में शामिल लोगों ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ नारे

लगाए और मानवाधिकारों की रक्षा की मांग की। जुलूस के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने और वहां हो रही हिंसा व हत्याओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। मुस्लिम समाज ने वर्ष 2026 के केंद्रीय बजट में बांग्लादेश को प्रस्तावित 60 करोड़ रुपये की सहायता राशि पर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया। उनका कहना है कि जब बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार जारी हैं, तब वहां की सरकार को आर्थिक सहायता देना अनुचित है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि भारत सरकार को मानवीय आधार पर मदद करनी ही है, तो वह सीधे पीड़ित हिंदू परिवारों तक पहुंचे। सरकार को दी जाने वाली सहायता राशि अत्याचारों को परोक्ष रूप से संरक्षण देने जैसी है।

इंसानियत व न्याय की आवाज: मुशीर

मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मुशीर ने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीति से प्रेरित नहीं है, बल्कि इंसानियत और न्याय की आवाज है। आज मुसलमान अपने हिंदू भाइयों के साथ खड़े हैं और यह संदेश देना चाहते हैं कि अत्याचार के खिलाफ पूरा समाज एकजुट है।उन्होंने कहा कि यह देश की जनता के खून-पसीने की कमाई है और इसे ऐसे देश को नहीं दिया जा सकता, जहां अल्पसंख्यकों का खुलेआम दमन हो रहा हो। सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। मुस्लिम समाज ने चेतावनी दी कि यदि ज्ञापन पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। फिलहाल यह जुलूस मानवता, न्याय और भाईचारे के पक्ष में एक मजबूत और शांतिपूर्ण संदेश बनकर सामने आया।

सांडों की लड़ाई में वाहन चकनाचूर

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के सरकंडा में सांड का आतंक देखने को मिला। जब सकरी गली में घुसे दो सांड घंटों तक लड़ते रहे। इन्होंने गली में खड़ी साइकिल और वाहनों को जमकर नुकसान पहुंचाया। लोगों ने निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। मिली जानकारी के अनुसार, सरकंडा थाना क्षेत्र के जबड़ापारा की सकरी गली में घुसे दो सांड आपस में भीड़ गए और घंटों तक लड़ते रहे। दोनों की लड़ाई के बीच में साइकिल और वाहनों को जमकर नुकसान पहुंचा। लड़ाई को देखकर लोग भयभीत हो गए और अपने घरों में घुस गए। लोगों ने निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। बिलासपुर जिले के सरकंडा में सांड का आतंक देखने को मिला।

संगवारी भेंट: थम सा गया समय, वर्षों बाद स्कूल की दहलीज पर गले मिले गुरु और शिष्य

■ **यादों में फिर जिए सुनहरे दिन, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में पहला पूर्व छात्र-शिक्षक मिलन समारोह भावनाओं से सराबोर होकर संपन्न**

गरियाबंद/नवप्रदेश। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय विद्यालय, गरियाबंद में रविवार को आयोजित पहला ÷संगवारी भेंट÷ पूर्व छात्रङ्कशिक्षक मिलन समारोह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि स्मृतियों, सम्मान और कृतज्ञता का जीवंत उत्सव बन गया। वर्षों पहले इसी विद्यालय से निकलकर जीवन की अलग-अलग राहों पर आगे बढ़ चुके छात्र जब अपने गुरुओं से फिर आमने-सामने हुए, तो स्कूल की दहलीज पर समय जैसे ठहर गया।

विद्यालय परिसर में जैसे ही पूर्व छात्रों ने कदम रखा, बीते दिनों की यादें ताजा हो उठीं। वही कक्षाएं, वही बरामदे, वही प्रांगण– जहां कभी सपने गढ़े गए थे। ब्लैकबोर्ड, बेंच और दीवारों को छूते हुए छात्र अपने स्कूली दिनों में लौट गए। कहीं ठहाकों की गूंज

थी, तो कहीं आंखें नम नजर आईं। वर्षों बाद मिले मित्र गले मिले, अपनापन छलक उठा और हर चेहरा भावनाओं से भरा दिखा।

गुरुओं का सम्मान, दिवंगत शिक्षकों को श्रद्धांजलि: समारोह की शुरुआत वरिष्ठ शिक्षकों के सम्मान से हुई। वर्षों तक विद्यालय की सेवा करने वाले शिक्षकों को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं दिवंगत शिक्षकों को याद करते हुए मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह पल पूरे समारोह को भावुक कर गया।

सेवानिवृत्त शिक्षकों की भावुक प्रतिक्रियाएं : सेवानिवृत्त शिक्षक आर.पी. मिश्रा ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि वर्षों बाद इस तरह का मिलन किसी सौभाग्य से कम नहीं है। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक भारत मोंगरे ने कहा कि इस ऐतिहासिक मिलन की अनुभूति शब्दों में बयां करना कठिन है। उन्होंने माउथ ऑर्गन की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भावनाओं से भर दिया।

प्रशांत मानिकपुरी बोले– यह केवल मिलन नहीं, कृतज्ञता का भाव है

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष प्रशांत मानिकपुरी के नेतृत्व में किया गया। स्वागत भाषण में उन्होंने कहा—यह आयोजन केवल पूर्व छात्रङ्कशिक्षक मिलन नहीं है, बल्कि उन गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता का भाव है, जिनका आशीर्वाद जीवन भर मार्गदर्शन करता है। इसी विद्यालय की देन है कि आज यहां से पढ़े विद्यार्थी प्रशासनिक, सामाजिक, राजनीतिक और व्यवसायिक क्षेत्रों में गरियाबंद का नाम रोशन कर रहे हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और यादों की सौगात

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक एवं संगीतमय प्रस्तुतियां दीं, जिसने समारोह को और भी जीवंत बना दिया। इसके बाद शिक्षकों और छात्रों ने बेंच पर बैठकर सामूहिक फोटो खिंचवाए। सभी पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, ताकि यह दिन जीवन भर यादों में जीवित रहे।

राजिम कुंभ में विराट संत समागम का शुभारंभ 10 फरवरी को, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे मुख्य अतिथि

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला में 10 फरवरी दिन मंगलवार को शाम 7 बजे विराट संत समागम का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। समारोह में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल,

महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव के अलावा जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष महेश यादव, नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा अध्यक्षा ओमकुमारी साहू, जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष इन्द्राणी साहू, नगर पालिका परिषद गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष राजेन्द्र (धनराज) सूर्यवंशी, नगर पंचायत मगरलोड अध्यक्ष लिलेश सुरेश साहू, नगर पंचायत कोपरा अध्यक्ष रूप नारायण साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थित रहेगी।

देशभर से संत-महात्माओं का होगा दिव्य समागम: विराट संत समागम अवसर पर देशभर से प्रतिष्ठित संत-महात्माओं का आशीर्वचन और सानिध्य प्राप्त होगा। जिसमें प्रमुख रूप से आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी विशोकानंद जी महाराज, राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महाराज, दंडी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज, दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ जी महाराज, पीठाधीश्वर द्वारकेश लाल जी महाराज, संत गुरूशरण महाराज पंडोखर सरकार, महंत नरेन्द्र दास जी महाराज, स्वामी राजीव लोचन दास जी महाराज, स्वामी विराम देवाचार्य जी महाराज, बालयोगेश्वर बालयोगी रामबालक दास जी महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती जी, महंत सर्वेश्वर दास जी महाराज, संत परमात्मानन्द जी महाराज, संत युधिष्ठिर लाल जी महाराज, संत गोवर्धन शरण जी महाराज, महंत रामरूप दास जी महाराज, महंत दिव्यकांत जी महाराज, महंत त्रिवेणी दास जी महाराज, महंत राधेश्याम दास जी महाराज, महंत उमेशानन्द गिरी जी महाराज, स्वामी डॉ. राजेश्वरानन्द जी महाराज, आचार्य राकेश आर्य जी महाराज, गुरू मां सुमिरण माई, संत कौशलेन्द्र रामजी महाराज, संत विचार साहेब जी महाराज, संत गोकुल गिरि जी महाराज, प्रजापिता ब्रह्मकुमार नारायण भाई, स्वामी अखिलेशानंद जी महाराज, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी हेमा बहन, स्वामी कृष्णानंद जी महाराज, आचार्य डॉ. दिनेश जी महाराज, आचार्य लव कुमार शर्मा जी महाराज, संत सिद्धेश्वरानंद जी महाराज, आचार्य त्रिभुवन मिश्रा, महंत बी.आर. जोशी सहित अन्य संतों का सानिध्य प्राप्त होगा।

'राम आएंगे' की गूंज से राममय होगा राजिम कुंभ कल्प, 10 को स्वाति मिश्रा की प्रस्तुति

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेले के दसवें दिन 10 फरवरी को सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा का भव्य कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं और संगीत प्रेमियों में खासा उत्साह

देखने को मिल रहा है। बता दें कि श्रीराम भक्ति से ओत-प्रोत स्वाति मिश्रा के भजनों ने रामभक्तों के दिलों में विशेष स्थान बना लिया है। उनके गीतों में भक्ति, श्रद्धा और भावनाओं का ऐसा संगम देखने को मिलता है, जो श्रोताओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर देता है। 'राम आएंगे' भजन ने उन्हें देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक पहचान दिलाई है। राजिम कुंभ कल्प मेला के मंच पर श्रीराम भक्ति से जुड़े एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

स्थानीय मंच पर होगी छत्तीसगढ़ के कलाकारों की प्रस्तुति: वहीं नवीन मेला मैदान स्थित स्थानीय मंच पर रूआबांधा रेणु साहू पंडवानी, रायपुर पूर्वी यादव जगराता, मालपुरी दुर्ग हेमीन वर्मा सुवा नृत्य, दुर्ग सूर्य प्रकाश साहू लोकनृत्य, रायपुर अनीता देवांगन भजन संध्या, छुईया चैतु राम तारक नाचा गम्मत, रायपुर मनोज सेन लोककला मंच, गरियाबंद ललित निर्मलकर भुंजिया नृत्य, चम्पारण चंद्रहास साहू राउतनाचा, परसदा सोंठ राधा खूंटे पंथी पार्टी की प्रस्तुति होगी।

कलेक्टर परिसर में आत्मदाह का प्रयास

सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहे शीतलाल के आवेदन पर नहीं हुई प्रशासनिक कार्यवाही

■ **हताश होकर पहुंचा था कलेक्ट्रेट**

खैरागढ़/नवप्रदेश। सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहे पीड़ित द्वारा लगातार न्याय मांगने पर भी कार्यवाही नही होने के चलते कलेक्टर परिसर मे आत्मदाह की कोशिश करने से सोमवार को स्थानीय कलेक्टर कार्यालय मे हडकंप मच गया। सोमवार दोपहर 12 बजे के आसपास हुई घटना के दौरान कलेक्टर परिसर मे अधिकारी कर्मचारी सहित पूरा प्रशासनिक महकमा मौजूद था। इसी दौरान कलेक्टर कार्यालय पहुँचे कंटगी गंडई निवासी शीतलाल निर्मलकर ने कलेक्टर परिसर पहुँचते ही अपने ऊपर मिटटी तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया गया। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों की तत्परता से पीड़ित शीतलाल को ज्यादा नुकसान नही पहुँचा और बड़ा हादसा टल गया मौके पर पहुँची पुलिस की उपस्थिति मे उसे स्थानीय सिविल अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ उसका इलाज जारी है।

आवेदन पर कार्यवाही नहीं

ग्राम कटंगी गंडई निवासी शीतलाल निर्मलकर ने बताया कि गांव मे कथित रूप से सामाजिक बहिष्कार के चलते उसके परिवार का हुक्कापानी बंद हो गया है। इसके खिलाफ शीतलाल ने जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों मे लंबे समय तक चक्कर लगाकर कार्यवाही की मांग करता रहा लेकिन मामले मे कोई कार्यवाही नही होने से क्षुब्ध होकर उसने

जिला कार्यालय पहुँच आत्मदाह का प्रयास किया। कलेक्टर कार्यालय पहुँचते ही शीतलाल अपने ऊपर मिटटी तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास करने लगा। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियो और कर्मचारियों ने उसे रोक जरूर लिया लेकिन आत्मदाह करने के चलते उसके घुटने और हाथ आग से झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही पहुँची पुलिस ने उसे सुरक्षा मे लिया और उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुँचाया। जहाँ उसका इलाज जारी है। मीडिया से बातचीत मे शीतलाल ने बताया कि गांव के कुछ लोगो द्वारा उसका बहिष्कार किए जाने से वह परिवार के साथ परेशान है। पीड़ित ने बताया कि गांव के समाज प्रमुख सुद्धु निर्मलकर, राजू रजक, निरंजन रजक, कुलेश्वर, विजय, तुलसु निर्मलकर मनमाने ढंग से अर्थदंड वसूलते है। व्यवस्था का विरोध करने पर उसे बहिष्कार की सजा दी गई है। बहिष्कार के चलते परिवार का जीना मुश्किल हो गया है। बच्चों से किसी के भी द्वारा बातचीत पर प्रतिबंध है बैठको से उसे भगाया जाता है। सामाजिक उत्पीडन् से तंग आकर शीतलाल ने गंडई थाना, कलेक्टर कार्यालय, गृह मंत्रालय, मानवाधिकार आयोग तक कई बार शिकायत की लेकिन सुनवाई नही हूई। हताश होकर उसने आत्मदाह का कदम उठाया।

संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को

बालोद/नवप्रदेश। संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण नवा रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी 2026 को आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को रूंगटा इंजीनीयरिंग कॉलेज कोहका भिलाई में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदकों को उक्त रोजगार मेला में शामिल होने के लिए विभाग की वेबसाईट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट इन पर आवेदन किया जाना अनिवार्य है।

संत कवि पवन दीवान की पुण्यतिथि पर हुआ पादुका पूजन और शिव अभिषेक

राजिम/नवप्रदेश। संत कवि स्वामी अमृतानंद पवन दीवान की पुण्यतिथि के मौके पर पवन दीवान आश्रम में सुबह से ही शिष्य और उनके चाहने वाले लोग जुटने लगे, देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर पादुका पूजन के साथ ही शिव अभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आश्रम के बच्चों के द्वारा मंत्रोचार किया गया तथा भजन संध्या मंडली के द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम अपराह्न 1:00 बजे तक चलता रहा। शिवजी और हनुमान जी की महाआरती हुई तथा प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर स्वामी अमृतानंद पवन दीवान स्मृति छत्तीसगढ़ ब्रह्मचर्य आश्रम न्यास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, सचिव अनिल तिवारी, पंडित अर्जुन नयन तिवारी, सदस्य विकास तिवारी, कन्हैया तिवारी, डीके ठाकुर, आचार्य पंडित रोशन शास्त्री, पंडित अमित तिवारी, प्रबंधक नूतन तिवारी, पुरुषोत्तम मिश्रा, विकास शर्मा, रमेश पहाड़िया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सन 2016 में ब्रह्मलीन हुए थे संत कवि पवन दीवान

उल्लेखनीय है कि संत कवि पवन दीवान 2 मार्च सन 2016 में ब्रह्मलीन हुए थे उस समय राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन चल रहा था। इनके अंतिम कार्यक्रम में देशभर के साधु संत पहुंचे हुए थे। सन 1945 में जन्मे संत कवि पवन दीवान के कार्यों को देखकर लोग उन्हें छत्तीसगढ़ का गांधी से अलंकृत किया था। सन 1977 में पहली बार चुनाव लड़े और विधायक बनकर सीधे जेल मंत्री बनाए गए, उसके बाद दो बार महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे। डॉ. रमन सिंह की सरकार में गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाए गए। छत्तीसगढ़ निर्माण के आंदोलन में अपने आपको पहले पंक्ति में रखा। नतीजा 1 नवंबर 2000 को मध्यप्रदेश से अलग होगा पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बना। भागवत कथा से इनकी प्रसिद्धि फैली और देखते ही देखते एक नाम चला कि पवन नहीं यह आंधी है छत्तीसगढ़ का गांधी है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में अनुशासन पर सवाल शिक्षिकाओं के वायरल वीडियो से मचा विवाद

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में पदस्थ कुछ शिक्षिकाओं के दो वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। वायरल वीडियो में शिक्षिकाएं विद्यालय परिसर के भीतर कैटवॉक करती दिखाई दे रही हैं, वहीं दूसरे वीडियो में विद्यालय परिसर में एक शिक्षक के दामाद का स्वागत किया जा रहा है। इन घटनाओं के सामने आने के बाद विद्यालय की गरिमा, शैक्षणिक वातावरण और प्रशासनिक नियंत्रण को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे शैक्षणिक मर्यादा और आचरण नियमों का उल्लंघन बताया है। अभिभावकों का कहना है कि जिस परिसर में बच्चों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिक बनने की शिक्षा दी जाती है, उसी परिसर में इस प्रकार की गतिविधियां होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

अभिभावकों ने चिंता जताई कि शिक्षकों का व्यवहार विद्यार्थियों के लिए आदर्श होता है। यदि शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालय समय और परिसर में इस तरह की गतिविधियों में लिप्त रहेंगी, तो बच्चों के मानसिक विकास और शैक्षणिक अनुशासन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

जांच की मांग

अभिभावकों और जागरूक नागरिकों ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, वायरल वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि, तथा यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, इस पूरे प्रकरण पर विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।

पूर्व विवाद से जुड़ता मामला

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व इन्हीं शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालय की प्राचार्य के विरुद्ध मोर्चा खोले जाने की भी चर्चा रही है। प्राचार्य वर्षों से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन को सख्ती से बनाए रखने के लिए जानी जाती हैं। एक अभिभावक ने आरोप लगाया कि अनुशासनात्मक नियंत्रण के कारण ही कुछ शिक्षिकाएं असंतुष्ट थीं और अब लगातार ऐसी गतिविधियां सामने आ रही हैं।

कानूनी और प्रशासनिक नियमों की अनदेखी का आरोप: शिक्षा से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, विद्यालय सेवा आचरण नियम तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत विद्यालय में सुरक्षित, अनुशासित और शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालय परिसर का उपयोग किसी भी प्रकार की निजी गतिविधि, मनोरंजन या गैर-शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए करना नियमों के विपरीत माना जाता है।

छुईखदान में आज जिले के 115 जोड़ों का होगा सामुहिक विवाह

■ **अधिकारी घराती, जनप्रतिनिधि बनेंगे बराती**

खैरागढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिले मे आज 115 नव वरवधु शासकीय आयोजन के तहत सामुहिक विवाह मे परिणय सूत्र मे बंधेंगें। महिला बाल विकास विभाग द्वारा छुईखदान के केकती बाड़ी मे आयोजित भव्य सामुहिक विवाह मे प्रशासनिक अधिकारी घराती तो जिले भर के जनप्रतिनिधिगण बराती की भूमिका निभाएगें। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिले मे आयोजित सामुहिक विवाह मे खैरागढ़ विकासखंड से 55 और छुईखदान विकासखंड से 60 जोड़ो का विवाह वैदिक रीतिरिवाज से संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

सांसद-विधायक सहित जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

छुईखदान के केकती बाड़ी मे आयोजित जिला स्तरीय सामुहिक विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में आयोजित कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, विधायक यशोदा वर्मा, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, दोनो जनपद पंचायतों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सभापति गण, नगरपालिका खैरागढ़ अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, नगरपंचायत छुईखदान और गंडई के अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद एवं सभापति सहित प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और अन्य अधिकारी भी शामिल होंगें।

नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दे रहे जागरुकता का संदेश

वनों में आग की रोकथाम में जुटा वन विभाग

खैरागढ़/नवप्रदेश। संरक्षित वनो को आग से बचाने वनविभाग ग्रामीण इलाको मे लोगो में जनजागरूकता बढ़ाने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगो को इसकी जानकारी दे रहा है। वनो मे आग से होने वाले बहु व्यापी नुकसान के साथ साथ वनो मे रहने वाले पशुपक्षियों को होने वाली दिक्कतों का चित्रण भी नाटको के बीच कराया जा रहा है। वनमंडल द्वारा वन अग्नि के दूरगामी दुष्प्रभावों पर संज्ञान लेते हुये इसकी रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु व्यापक तैयारी के कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं। अग्नि प्रबंधन के प्रचलित कार्यों वन क्षेत्रों में फायर लाईन कटाई / सफाई, फायर वाचर्स रखा जाना,

वन अग्नि की संसूचना प्राप्त होते ही उसे वन अमले द्वारा बुझाया जाना प्रति वर्ष कराये जाते रहे हैं। इस वर्ष बेहतर प्रबंधन हेतु वनगडलाधिकारी द्वारा कार्यालय में फारेस्ट फायर कट्रोल रूम की स्थापना कर अग्नि घटना की तत्काल सूचना देने कट्रोल रूम और मोबाईल नंबर 9301321797 जारी किए गए है। नवाचारी पहल के तहत् महुआ वृक्ष ब्लेजिंग कर कंट्रोल बर्निंग, गाँवों में मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर, स्कूली छात्र-छात्राओं में वाद विवाद, निबंध ,चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन , सरपंच व संयुक्त वन प्रबंधन समिति अध्यक्षों को पोस्टकार्ड लेख कर अपील द सम्मिलित हैं।

वनो मे आग से होता है व्यापक नुकसान

वनो मे आग लगने से मात्र सतही पत्ते ही नहीं जलते अपितु बीज, छोटे पौधे, झाडियों, घास, सूखी लकडियो सहित पौधो के लिये आवश्यक न्यूट्रिशियस भी जल जाते है, जिससे प्राकृतिक पुनरूत्पादन अवरूद्ध हो जाता है। आग से जमीन के अंदर एक फीट गहराई तक की उर्वरा में सहायक तत्व जल जाते हैं। जमीन का सतही आवरण पक जाता है, जिससे वर्षा जल तेजी से बह जाता है। मिट्टी पर्याप्त पानी नहीं सोख पाती है, जिससे मिट्टी में नमी अधिक दिनों तक नहीं रहती है अथवा नमी जल्दी खत्म हो जाती है। वर्षा जल आवशोषण / संचयन नहीं हो पाने के कारण जल स्तर में कमी आती है। आग से वन औषधीय प्रजातियाँ पूर्णत: नष्ट हो जाती है, जिससे वनाचल वासियो की आजीविका प्रभावित होती है। वन्यजीव भटक जाते है, जल जाते है, उनका रहवास प्रभावित होता है, जिससे मानव-वन्यप्राणी मंद्र की स्थिति निर्मित होने का खत्तरा उत्पन्न होता है। वन खुल जाने से अवैध शिकार की घटनाएँ बढ़ सकती है। खाद्य श्रृंखला प्रभावित होती है। धुआ से पर्यावरण प्रदूषण होता है। जैव विविधता का प्राकृतिक सेटअप पूरी तरह से प्रभावित होता है।

5 साल बाद फीस 460 से बढ़ाकर 800, आवेदन के लिए भी 70 रुपये ज्यादा देने होंगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने करीब 5 साल बाद 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के शुल्क में बढ़ोतरी की है। यह बढ़ा हुआ शुल्क शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा। नए प्रावधान के तहत नियमित परीक्षार्थियों को अब बोर्ड परीक्षा, अंकसूची और प्रति विषय प्रैक्टिकल शुल्क मिलाकर 800 रुपए चुकाने होंगे, जबकि पहले इसके लिए 460 रुपए देने पड़ते थे। बोर्ड परीक्षा के आवेदन फॉर्म के शुल्क में भी 70 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। पहले जहां आवेदन शुल्क 80 रुपए था, अब इसे बढ़ाकर 150 रुपए कर दिया गया है। हालांकि, प्रवेश पत्र की द्वितीय प्रति के शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके लिए पहले की तरह 80 रुपए ही देने होंगे। कार्यपालिका समिति की बैठक में लिया गया फैसला

10वीं और 12वीं परीक्षा शुल्क में बढ़ोतरी का निर्णय माशिमं की कार्यपालिका समिति की बैठक में लिया गया। समिति ने करीब 22 मदों के

शुल्क बढ़ाने को मंजूरी दी है। इनमें नामांकन शुल्क, अतिरिक्त विषय, एक विषय या दो विषय, स्वाध्यायी छात्रों के पंजीयन और अनुमति शुल्क समेत अन्य मद शामिल हैं।

परीक्षा शुल्क में इजाफा

एक विषय की परीक्षा: 280-400 रुपए.,दो विषय (द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा): 340-600 रुपए। गौरतलब है कि, माशिमं ने इससे पहले साल 2021 में बोर्ड परीक्षा और उससे जुड़े विभिन्न शुल्कों में वृद्धि की थी। पांच साल बाद एक बार फिर परीक्षा शुल्क बढ़ने से छात्रों और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की संभावना है।

स्वाध्यायी छात्रों पर असर

प्रदेश के स्वाध्यायी एससी/एसटी छात्रों के पंजीयन और अनुमति शुल्क में भी लगभग डेढ़ गुना वृद्धि की गई है। पहले जहां इसके लिए 560 रुपए देने होते थे, अब 800 रुपए चुकाने होंगे। वहीं, राज्य के नए छात्रों और राज्य से बाहर के छात्रों के पंजीयन और अनुमति शुल्क में भी बढ़ोतरी की गई है। पहले यह शुल्क 1,540 रुपए था, जिसे अब बढ़ाकर 2,000 रुपए कर दिया गया है।

पीआरएसयू ने पीएचडी के पाठ्यक्रम के लिए मंगाए आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रविवि) ने शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह आवेदन उन अभ्यर्थियों से मांगे गए हैं, जो पीएचडी प्रवेश परीक्षा से छूट की पात्रता रखते हैं। आवेदन की प्रक्रिया 6 फरवरी से प्रारंभ हो चुकी है और अंतिम तिथि 20 फरवरी निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन-पत्र विषय से संबंधित विश्वविद्यालय अध्ययनशाला या महाविद्यालय स्थित शोध केंद्र में ऑफलाइन जमा कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदन-पत्र डाक के माध्यम से भी संबंधित शोध केंद्र को अंतिम तिथि तक भेजे जा सकते हैं। शोध केंद्रों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने महाविद्यालयों में संचालित शोध केंद्रों को निर्देश दिए हैं कि वे प्राप्त आवेदनों को 25 फरवरी तक रविवि मुख्यालय को प्रेषित करें।

न्यूज गैलरी

दूरदर्शन पर कल से होगा रायपुर साहित्य महोत्सव का प्रसारण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर साहित्य महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का दूरदर्शन पर प्रसारण कल 10 फरवरी से प्रारंभ होगा। यह विशेष कार्यक्रम 'साहित्य पर्व' शीर्षक से दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण 10, 12, 15, 17, 19 एवं 22 फरवरी को शाम 3.30 बजे किया जाएगा। दर्शक इस कार्यक्रम को टाटा प्ले चैनल नंबर 1174, डीडी फ्री डिश तथा डीडी छत्तीसगढ़ चैनल पर पूरे देश में देख सकेंगे। इसके अलावा यह कार्यक्रम डीडी छत्तीसगढ़ के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगा। मोबाइल उपयोगकर्ता इसे 'WAVES' एप के माध्यम से भी देख सकते हैं, जिसे एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। 'साहित्य पर्व' का निर्माण जनसंपर्क विभाग के सहयोग से इरा फिल्म्स द्वारा किया गया है। इस प्रसारण के माध्यम से रायपुर साहित्य महोत्सव के प्रमुख सत्रों, चर्चाओं और साहित्यिक प्रस्तुतियों को देशभर के दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा।

13 फरवरी को होगा फाग महोत्सव

रायपुर। राजधानी रायपुर में फाल्गुन माह के अवसर पर श्याम भक्तों के लिए फाग महोत्सव 4.0 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 फरवरी 2026 को अशोक रॉयल, अशोक रत्न कैंपस में होगा। शाम 6 बजे बाबा श्याम की ज्योति प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी और बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा। महोत्सव में प्रसिद्ध श्याम भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। खाटूधाम से आए अजहर अली, नीमच की गायिका कनिका ग्रोवर और रायपुर के गायक सुरेश राजस्थानी फाल्गुन के भजनों से भक्तों को भाव-विभोर करेंगे। भजन संध्या में भक्त भक्ति के रंग में रंगे नजर आएंगे। आयोजन को खास बनाने के लिए कई आकर्षण रखे गए हैं। बाबा श्याम का सुंदर श्रृंगार, इत्र वर्षा, चंदन छिड़काव, 56 भोग और पान भोग लगाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए श्याम रसोई, फागुन मेला, श्याम कुंड और श्याम बगीचा भी बनाई जाएगी।

निकायों के सफाई कर्मकारों को श्रम विभाग की योजनाओं का मिलेगा लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर के नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मकारों को भी श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने इसके लिए सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर पात्र सफाई कर्मियों का श्रम विभाग में पंजीयन कराने को कहा है। विभाग ने नगरीय निकायों में काम कर रहे ऐसे सफाई कर्मकार जो ईएसआईसी एवं ईपीएफकी पात्रता नहीं रखते हैं, उनका श्रम विभाग के असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालनालय से सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को जारी परिपत्र में पात्र सफाई कर्मकारों को श्रम विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करने पंजीयन के लिए निर्देशित किया गया है। पत्र में बताया गया है कि इसके लिए श्रम विभाग की वेबसाइट https://shramevjayate.cg.gov.in/ या मोबाइल एप ÷श्रमेव जयते÷ पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विभाग ने सफाई कर्मकारों के बीच असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से उदेराम का पक्के मकान का सपना साकार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण देश के लाखों जरूरतमंद परिवारों को कच्चे और असुरक्षित आवासों से निकालकर पक्के, सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत वनांचल ग्राम कल्लूटोला निवासी श्री उदेराम साहू का पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। श्री उदेराम साहू ने बताया कि सीमित आय एवं कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण वे वर्षों तक कच्चे मकान में परिवार सहित रहने को विवश थे। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकना, दीवारों में दरारें और परिवार की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी। इन परिस्थितियों के कारण स्वास्थ्य एवं सामाजिक जीवन भी प्रभावित होता था। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत श्री उदेराम साहू को 1 लाख 20 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इस सहायता राशि से उन्होंने गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करते हुए पक्का, सुरक्षित एवं टिकाऊ आवास का निर्माण सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के द्वितीय चरण का सफल आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के प्रथम चरण का सीधा प्रसारण दिनांक 6 फरवरी 2026 को देशभर के विद्यालयों में किया गया। इस चरण में छत्तीसगढ़ राज्य से अत्यंत उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 36,903 विद्यालयों में इस कार्यक्रम का प्रसारण हुआ, जिसे 26.65 लाख विद्यार्थियों, 1.54 लाख शिक्षकों एवं 1.68 लाख पालकों सहित कुल 29.87 लाख दर्शकों ने देखा। इसके अतिरिक्त, समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु 478 सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम देखने की व्यवस्था की गई, जहाँ लगभग 42 हजार नागरिकों ने कार्यक्रम का लाभ उठाया। प्रथम चरण में महासमुंद जिले की कक्षा 12वीं की छात्रा कु. सृष्टि साहू को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से सीधे प्रश्न पूछने का अवसर प्राप्त हुआ।

तंत्र-मंत्र के जरिए 3.50 लाख रुपये को 100 गुना करने का दिया झांसा

रायपुर में पैसों की बारिश का झांसा, भाजपा पार्षद से ठगी

■ **अनुष्ठान कर नकली नोटों से भरा थैला थमाया**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में तंत्र-मंत्र के जरिए पैसों की बारिश कराने और 100 गुना करने का झांसा दिया गया। फिर ठक्कर बापा वार्ड के बीजेपी पार्षद रुस्तम कुर्रे से 3 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। कथित तांत्रिकों ने अनुष्ठान कर नकली नोटों से भरा झोला थमा दिया। असली पैसों को लेकर भाग गए।

पीड़ित पार्षद रुस्तम कुर्रे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राहुल भारती और मयंक दास को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों भिलाई के रहने वाले हैं। उनके पास से एक अपाचे बाइक, एक मोबाइल और 3.5 लाख रुपए जब्त किया गया है। घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की है।

इससे पहले, बिलासपुर में एक शख्स ने 2.50 लाख को 2.50 करोड़ बनाने का झांसा दिया था। कथित तांत्रिक ने बिल्हा के सबंलपुरी में कांग्रेस समर्थित सरपंच पति के घर अनुष्ठान का वीडियो बनाया। जिसमें पैसों की गड्डी के सामने नारियल, अगरबत्ती रखकर पूजा की। फिर अचानक ऊपर से पैसों की बारिश होने लगी थी।

4 घंटे तलाश के बाद भिलाई से दोनों पकड़ाए

बीजेपी पार्षद की शिकायत के 4 घंटे बाद पुलिस ने 2 संदेहियों को पकड़ लिया था। पुलिस ने आरोपी राहुल भारती निवासी सुपेला भिलाई और मयंक दास निवासी रिसाली भिलाई को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे 3.5 लाख रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं।

500 रुपए के 7 बंडल दिए

दरअसल, गुढ़ियारी निवासी रुस्तम कुर्रे की मुलाकात एक साल पहले भिलाई के सुपेला में राहुल भारती से हुई थी। राहुल ने काम की तलाश में उनसे संपर्क बढ़ाया और लगातार फोन करता रहा। 4 फरवरी 2026 से राहुल ने उन्हें यह कहकर झांसे में लिया कि तांत्रिक मयंक दास उसके संपर्क में है, जो तंत्र-मंत्र से पैसों को 100 गुना कर सकता है। रुस्तम कुर्रे ने बताया कि, 6 फरवरी की शाम करीब 7 बजे राहुल भारती अपने साथी मयंक दास के साथ उसके कार्यालय मंगल बाजार गुढ़ियारी पहुंचा। वहां पूजा-पाठ की तैयारी कराई गई। पूजा के दौरान मयंक दास ने कैश मांगा। उन्होंने 500 रुपए के 7 बंडलों में कुल 3 लाख 50 हजार रुपए दिए। श्मशान से मिट्टी लेने निकले रायपुर के ठक्कर बापा वार्ड से बीजेपी पार्षद रुस्तम कुर्रे, जिसके साथ ठगी हुई है। श्मशान की मिट्टी लाने की बात कहकर भागे इसके बाद तांत्रिक मयंक ने पार्षद को बाहर बैठने को कहा और रात करीब 10:30 बजे तक पूजा करता रहा।

चार साल पहले गृहमंत्री शाह ने माना था नक्सलवाद घटा: कांग्रेस

■ **अब राजनीतिक वजहों से बदले जा रहे बयान, पूर्ववर्ती-सरकार की नीतियों की बड़ी भूमिका रही**

रायपुर/नवप्रदेश। नक्सलवाद को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बयानों पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष ने कहा कि, नक्सलवाद के मुद्दे पर गृहमंत्री राजनीतिक विद्वेष के चलते तथ्यों से अलग बयान दे रहे हैं, जबकि चार साल पहले वे खुद भूपेश सरकार के कामकाज की सराहना कर चुके हैं।

कांग्रेस का दावा है कि, जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब नक्सली घटनाओं में लगातार कमी दर्ज की गई। पार्टी ने याद दिलाया कि, 5 अप्रैल 2021 को छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान अमित शाह ने मीडिया से कहा था कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से नक्सलवाद को काफी हद तक पीछे धकेला गया है। नक्सली घटनाओं में करीब 80 फीसदी तक गिरावट आई है। उसी दौरान राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी नक्सलवाद के पैकअप मोड में होने की बात कही थी। कांग्रेस ने दावा किया कि, उनके कार्यकाल में 600 से अधिक गांव नक्सल मुक्त घोषित हुए और नक्सली गतिविधियां सीमित इलाकों तक सिमट गई थीं।

विश्वास-विकास-सुरक्षा मॉडल का दावा

कांग्रेस ने कहा कि, भूपेश सरकार के कार्यकाल में विश्वास, विकास और सुरक्षा के मॉडल पर काम हुआ। जिसका असर जमीन पर दिखा। दूरस्थ और नक्सल प्रभावित इलाकों में नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए। सड़क और पुलों का निर्माण हुआ। अबूझमाड़ जैसे इलाकों में कनेक्टिविटी बेहतर की गई। सैकड़ों स्कूल खोले गए। राशन दुकानों और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया गया। 67 से अधिक वनोपजों की सरकारी खरीदी शुरू हुई। इससे स्थानीय लोगों का भरोसा सरकार और सुरक्षा बलों पर बढ़ा और नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ।

रायपुर में चापड़ लेकर घूमता दिखा आरोपी

■ **रामकुंड में दहशत का कारण बना युवक, लोगों को दी गालियां**

रायपुर /नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में खुलेआम हथियार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जो कि आजाद चौक थाना क्षेत्र के रामकुंड बस्ती का बताया जा रहा है। जिसमें राहुल जंघेल उर्फ मान्या सुर्वे नामक युवक हाथ में चापड़ लेकर सड़क पर घूमता नजर आ रहा है। 26 सेकेंड के वीडियो में युवक लोगों को गाली देते हुए

डराने-धमकाने की कोशिश करता दिख रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। फिलहाल, आजाद चौक थाना पुलिस वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए युवक की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वीडियो की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में युवक की पहचान राहुल जंघेल उर्फमान्या सुर्वे के रूप में की गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं इलाके में आए दिन होती रहती हैं। रहवासियों ने पुलिस से असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वीडियो वायरल होते ही आजाद चौक थाना पुलिस हरकत में आ गई।

एनएच एमएमआई में मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। एनएच एमएमआई हॉस्पिटल, रायपुर के इमरजेंसी डिपार्टमेंट द्वारा 7 फरवरी 2026, शनिवार को प्रातः 9 बजे एक E&ternal Disaster Mock Drill का सफल आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में इमरजेंसी डिपार्टमेंट, क्रिटिकल केयर, ऑपरेशन थिएटर , रेडियोलॉजी, लेबोरेटरी, ब्लड बैंक, फार्मेसी, प्रशासन, क्वालिटी टीम, सुरक्षा विभाग, हाउसकीपिंग, एम्बुलेंस सेवा तथा MMI नर्सिंग कॉलेज की टीमों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस मॉक ड्रिल के अंतर्गत एक काल्पनिक लेकिन यथार्थपरक परिदृश्य बनाया गया, जिसमें यात्रियों से भरी एक बस के खाई में गिर जाने की स्थिति दर्शाई गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही NH MMI हॉस्पिटल की इमरजेंसी टीम मौके पर पहुँची और घायलों की फील्ड ट्रायेजिंग की। इसके बाद घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुँचाया गया। मॉक ड्रिल को वास्तविक स्वरूप देने के लिए MMI नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने स्वयंसेवक के रूप में घायल मरीजों की भूमिका निभाई।

डीएड कैंडिडेट ने हजारों की संख्या में राष्ट्रपति-पीएम को भेजी चिट्ठी

रायपुर/नवप्रदेश। सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के तहत रिक्त 1600 आदिवासी पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग तेज हो गई है। पीड़ित अभ्यर्थियों ने राष्ट्रपति, राज्यपाल रामेन डेका, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को स्पीड पोस्ट के माध्यम से पत्र भेजकर हस्तक्षेप की गुहार लगाई है।

न्यायालयों के आदेशों के बावजूद नियुक्ति नहीं होने से आक्रोशित आदिवासी अभ्यर्थी और उनके परिजन 24 सितंबर से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के अनुसार, हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल 2024 और 26 सितंबर 2025, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने 28 अगस्त 2024 को भर्ती से संबंधित स्पष्ट आदेश दिए थे। इसके बावजूद राज्य सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा आदेशों का पालन नहीं किया गया, जो न्यायालय की अवहेलना और संविधान के उल्लंघन के समान है।

2300 पदों में 1600 आदिवासी

अभ्यर्थियों का कहना है कि, सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में कुल 2300 पद थे। जिनमें से लगभग 1600 पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थे। इसके बावजूद अभी तक इन पदों पर नियुक्ति नहीं की गई है। आदिवासी समाज का आरोप है कि, यह स्थिति तब है, जब राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री की सरकार है।

दिन में बढ़ेगी गर्मी, 2-4 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम फिलहाल ड्राई बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़ के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। हालांकि इसके बाद यानी अगले 2-4 दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। वहीं अधिकतम तापमान में अगले 7 दिनों तक खास बदलाव के आसार नहीं है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में सबसे

अधिकतम तापमान 32एष्ट राजनांदगांव में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.4एष्ट अंबिकापुर में रहा। राज्यभर में बारिश के आंकड़े शून्य रहे और किसी प्रकार का सक्रिय सिनॉप्टिक सिस्टम भी एक्टिव नहीं है।

आक्रोश: राजपत्र से नाम हटाने को बताया अपमान, प्रदेश सरकार से हस्तक्षेप की मांग

राजिम कल्प कुंभ का संत समाज ने किया बहिष्कार का ऐलान

रायपुर/नवप्रदेश। राजिम कल्प कुंभ 2026 को लेकर रायपुर के साधु-संतों में नाराजगी है। संत समाज ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से जारी राजपत्र (गजट) में रायपुर के कई प्रमुख महंतों और संतों के नाम हटा दिए गए हैं। संतों ने इसे अपने समाज की उपेक्षा और अपमान बताया है। रायपुर स्थित श्री सुरेश्वर महादेव पीठ में आयोजित प्रेस वार्ता में संतों ने कहा कि राजपत्र में जारी सूची से रायपुर के प्राचीन मठों से जुड़े कई संतों के नाम गायब हैं। इनमें महंत देवदास जी महाराज, महंत वेद प्रकाश, गोंडवाना समाज के संत निराहारी महाराज और किन्नर

अखाड़े की महामंडलेश्वर सौम्या मां सहित अन्य संतों के नाम शामिल बताए गए हैं।

'नाम काटकर संत समाज को अपमानित किया जा रहा'

संतों ने आरोप लगाया कि राजपत्र में बार-बार नामों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। उनका कहना है कि पहले भी सूची में सीमित नाम होने की जानकारी मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री को दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। संत समाज ने इसे जानबूझकर किया गया अपमान बताया। संतों ने स्पष्ट किया कि जब तक नाम काटने-जोड़ने वाले व्यक्ति या अधिकारी को सामने लाकर उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक रायपुर के संत राजिम कल्प कुंभ में शामिल नहीं होंगे। संतों ने ऐसे व्यक्ति को 'कालनेमि' बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

संतों ने मेला प्रशासन से जुड़े एक अधिकारी के व्यवहार पर भी आपत्ति जताई। उनका आरोप है कि बातचीत के दौरान संतों के साथ सम्मानजनक भाषा और आचरण नहीं अपनाया गया।

संत समाज ने जताया विरोध

संत समाज ने कहा कि राजिम कल्प कुंभ छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश-दुनिया में पहचान बनाने वाला आयोजन है, लेकिन कुछ लोगों की वजह से संत समाज में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि संत समाज का सम्मान बना रहे। प्रेस वार्ता में संत महासभा से जुड़े पदाधिकारी, आचार्य और बड़ी संख्या में साधु-संत मौजूद रहे।

अरपा लिंक और खोंगसरा सिंचाई योजना के लिए 7.50 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा बिलासपुर जिले के अंतर्गत दो सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 7 करोड़ 50 लाख 19 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत योजनाओं में हसदेव अरपा लिंक परियोजना के सर्वेक्षण कार्य के लिए 5 करोड 59 लाख 95 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। इसी तरह विकासखण्ड कोटा के अंतर्गत खोंगसरा व्यपवर्तन योजना की मुख्य नहर के लाईनिंग कार्य के लिए एक करोड़ 90 लाख 24 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है।

सुविचार

जब आपके बोलने से आपके अपने ही रूठ जाएं तो बेहतर है कि आप खामोशी की चादर ओढ़ कर सो जाएं

ट्रेड डील पर झुके डोनाल्ड ट्रंप

भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतिक्षित ट्रेड डील को आखिरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मंजूरी मिल गई। इस तरह भारत और अमेरिका के अंतरिम रूपरेखा पर सहमति की मुहर लग गई। गौरतललब है कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदे जाने से चिढ़कर और अपनी शर्तों पर ट्रेड डील कराने के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। किन्तु भारत अमेरिका के दबाव में नहीं आया और यह ट्रेड डील अधर में लटक गई थी। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ अटैक से भारत को आर्थिक क्षति तो उठानी पड़ी लेकिन भारत ने इस क्षति की भरपाई के लिए यूरोपीय देशों के अलावा और कई देशों के साथ व्यापार समझौते कर लिये। जिससे डोनाल्ड ट्रंप पर दबाव बन गया वैसे भी उनके टैरिफ वार के कारण भारतीय उत्पाद अमेरिका में बेहद महंगे हो गये थे और वहां महंगाई बढ़ने के साथ ही डॉलर के कमजोर होने का भी खतरा पैदा हो गया था। नतीजतन डोनाल्ड ट्रंप को भारत के आगे झुकना पड़ा और उन्होंने भारत पर लगने वाले पचास प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया और ट्रेड डील में भारत की शर्तों को स्वीकार भी का लिया। उल्लेखनीय है कि अमेरिका अपने खद्यान और डेयरी उत्पाद को भारत में खपाने के लिए दबाव बना रहा था लेकिन भारत ने इससे स्पष्ट इंकार कर दिया। अब इस डील के मुताबिक भारत के किसाान और पशुपालकों के हित पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। यह बात अलग है कि विपक्ष इस डील की यह कहकर आलोचना कर रहा है कि यह डील भारतीय किसानों के लिए अहितकर है। कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अमेरिका के आगे घुटने टेकने का आरोप लगा रही है लेकिन भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए किसानों को भरोसा दिलाया है कि इस डील से भारतीय किसानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा उल्टे उन्हें लाभ होगा। इस ट्रेड डील का भारतीय उद्योग जगत ने भी स्वागत किया है और कहा है कि इस डील से भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते का ढांचा वैश्विक निवेशकों के विश्वास का प्रतिक है और इससे भारत को लाभ होगा। भारतीय रत्न और आभूषण उद्योग ने भी इस समझौते को ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसका स्वागत किया और कहा है कि इससे हीरा और रत्नों के व्यापार को मजबूती मिलेगी और यह रत्न उद्योग के लिए टर्निंग प्वाइंट सिद्ध होगा। अमेरिका और भारत के बीच होने वाले इस ट्रेड डील से भारत के लिए 500 अरब डॉलर का बाजार खुलेगा जो आगामी पांच सालों के भीतर होगा। निश्चित रूप से इस ट्रेड डील से भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में जो बर्फ जम गई थी वह भी पिघलेगी और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध मजबूत होने का दोनों को ही लाभ मिलेगी। अमेरिका द्वारा भारत पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाये जाने से भारत के ज्वैलरी, दवाई, कपड़ा और जूता सहित हस्तशिल्प और कालीन उद्योगों पर जो संकट के बादल गहराने लगे थे वे अब छट जाएंगे और इन सभी उद्योगों को संजीवनी मिलेगी। रही बात कृषि की तो इस डील से भारतीय किसानों को भी कोई विशेष नुकसान नहीं होगा। यह बात सरकार को किसान संगठनों को समझानी पड़ेगी और उन्हें विश्वास में लेना पड़ेगा क्योंकि विपक्ष अब इस ट्रेड डील के खिलाफ किसानों को बरगला सकता है और फिर से देश में किसान आंदोलन खड़ा करने की कवायद कर सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस ट्रेड डील का भारत सरकार जल्द से जल्द विस्तृत ब्यौरा देश के सामने पेश करेगी और इसे लेकर विपक्ष जो आशंकाएं व्यक्त कर रहा है उसका निराकरण करेगी। बहरहाल भारत ने ट्रेड डील को लेकर अमेरिका के दबाव को पूरी तरह से नकार कर सारी दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि आज की तारीख में भारत भी एक बड़ी ताकत बन गया है जो अपनी शर्तों पर ही ट्रेड डील करेगा। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के साथ ही दुनिया का सबसे बड़ा बाजार भी है ऐसे में कोई भी देश यहां तक की अमेरिका भी भारत की अंदेखी नहीं कर सकता और न ही भारत पर अपनी शर्तें लाद सकता है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ हमने स्वीकार किया है गुरू जी के चरणों में बैठना क्योंकि आनंद है और एक मजबूरी बैठाए हुए हैं। दोनों में बड़ा अंतर है ध्यान देना कोई न कोई मजबूरी, कोई भी कुछ भी इतनी सी भी लाचारी अगर बिठाकर रखी है तब तो से इत्तेफाक की बात है ये जाएगा और हम बैठेगा हैं। मेरा चुनाव है, मेरा आहलाद है, मेरा आनंद है, इन चरण में मौज है, मैं बहता हूं इनके साथ में, अपनी मर्जी से बहता हूं, मर्जी अपनी हो, मजबूरी न हो।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1783 - इटली के कालाब्रिया में भीषण भूकंप में 30000 लोग मारे गये। 1870 - फिलाडेल्फिया के थियेटर में पहली बार चलचित्र दिखाया गया। 1900 - अमेरिका और ब्रिटेन के मध्य पनामा नहर समझौते पर हस्ताक्षर। 1904 - क्यूबा अमेरिका के कब्जे से मुक्त हुआ। 1917 - मैक्सिको ने नया संविधान अंगीकृत किया। 1922 - उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के पास चौरी चौरा कस्बे में उग्र भीड़ ने थाने में आग लगा दी जिसमें 22 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। 1924 - रेडियो समय संकेतक जीएमटी का पहली बार प्रसारण रायल ग्रीनविच से हुआ। 1931 - मैक्सिने डनलप पहली ग्लाइडर पायलट बनी। 1961 - ब्रिटिश समाचार पत्र संडे टेलीग्राफ के पहले संस्करण का प्रकाशन हुआ। 1970 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1994 - सरायेवो के बाजार में नरसंहार हुआ। सरायेवो के मुख्य बाजार में एक मोर्टार बम के फटने से 68 लोगों की मौत हो गई थी और 200 लोग घायल हुए थे। 2004 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने परमाणु प्रौद्योगिकी के ग़लत इस्तेमाल के मामले में परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर ख़ान को माफी दी।

हमेशा रोशनी बांटते रहे रमेश नैयर

डॉ देवेन्द्र नाथ शर्मा

रमेश जी का देश की कई प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया था द्य स्वर्गीय देवीलाल चौबे की स्मृति में प्रथम 'वसुंधरा सम्मान' 2001 में रमेश जी को दिया द्य इस पुरस्कार में मिली समूची सम्मान निधि उन्होंने मंच से ही बालिका शिक्षा हेतु जिला साक्षरता समिति दुर्ग के अध्यक्ष कलेक्टर को सौंप दी थी द्य 1984 में ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला द्वारा उन्हें 'स्पेशल जर्नलिज्म सम्मान' प्रदान दिया गया था द्य माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय भोपाल ने 2012 में उन्हें गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार सम्मान से सम्मानित किया था द्य कोलकाता की बंगाली साहित्य परिषद ने उन्हें 2014 में 'स्वामी विवेकानंद पत्रकार रत्न सारस्वत सम्मान' से विभूषित किया था द्य 2015 में मधुबन भोपाल द्वारा 'श्रेष्ठतम पत्रकार सम्मान' उन्हें प्रदान किया गया था द्य दशकों तक अपने आलेखों, सम्पादकीय लेखन, रपटों व व्याख्यानों से ज्ञान की रौशनी फैलाने वाले रमेश जी 2 नवंबर 2022 को हम सबसे हमेशा के लिए अलबिदा हो गए ॥

पत्रकार, संपादक, लेखक, साहित्यकार, अनुवादक के रूप में रमेश जी ने अपने आप को सफलतापूर्वक स्थापित किया द्य अपनी ज्ञानवर्धक, प्रभावी व रोचक शैली के कारण लोग उनके व्याख्यानों में जुटते व एकाग्रता से उन्हें सुनते थे द्य सरलता, सहजता और विनम्रता उनके व्यक्तित्व के नैसर्गिक तत्व थे।

रमेश नैयर का जन्म 10 फरवरी 1940 में जिला गुजरात पश्चिमी पंजाब (जो बाद में पाकिस्तान का हिस्सा बना) के कुंजाह गाँव में हुआ था द्य फक्कड़ प्रकृति के उनके पिता प्रकाश नाथ नैयर का समूचा परिवार इसी गाँव के अपने जमींदार मामा शाहजी की हवेली में रहता था द्य नैयर जी की पैदाईश व परवरिश यहीं हुई द्य पहली कक्षा के दाखलि के लिए अपने लाडले रमेश को शाहजी घोड़े पर बिठा कर गाजे-बाजे के साथ स्कूल लेकर गए थे द्य स्कूल में रमेश जी एक साल ही पढ़ सके । तभी भारत-पाकिस्तान के विभाजन को लेकर स्थितियां विकराल होने लगी । मार-काट शुरू होने पर गांव के कुछ हिन्दुओं के साथ पिता पहले दिल्ली आये, फिर वे मथुरा में अपने साडू के पास आ गए। बाद में, गुजरात जिले में स्थिति ज्यादा ही बिगड़ने लगी। मुसलमानों के झुंड हथियार लेकर गलियों में लगभग रोजाना चिल्लाते व धमकाते गुज़रते हुए खून-खराबा करने लगे द्य शाह जी के मुंशी कालू खान और घर की आया जैनम ने कई बार हिंसा पर उतारू उत्पातियों से शाहजी के घर व परिवार को नुक़सान से बचाया द्य एक बार तो वे तलवार लहराते हुए हवेली में घुस आए । डर-सहमी जैनम ने रमेश जी को अपनी गोद में लेकर शाल में छुपा लिया । किसी तरह से रमेश जी की जान बची थी । इस घटना के बाद शाहजी काफी डर गए और फिर किसी तरह गांव से निकलकर भारत जाने का सुरक्षित मौका तलाशने लगे । अनुकूल स्थिति के दिन मुंशी कालू ख़ान रमेश जी, बहन पवन व उनकी मां कृष्ण प्यारी और शाह जी को एक बग्घी में बैठा कर लाहौर ले आये द्य जहाँ से परिवार मथुरा आया द्य पिता प्रकाश नाथ ने यहां लकड़ी का टाल खोला और उसकी आय से परिवार की गुजर-बसर होने लगी है । रमेश जी ने यहां स्कूल में दाखलिा लिया है और यही से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूर्ण की द्य इस बीच 1956 में रायपुर से पिता की मामी मथुरा आईं और उनकी आर्थिक व रहन सहन की दयनीय हालात देखकर परिवार को रायपुर ले आईं। रायपुर में मामा भीम सेन सरीन आढ़तिया का काम करते थे। गुजर-

जन्म दिवस विशेष

आज के दौर में पत्रकारिता की आड़ में अपने स्वार्थपरक कार्यों को करवाने व निजी लाभों के लिए सत्ता के गलियारों में राजनेताओं के इर्दगिर्द नियमित कूल्हे हिलाने वाले पत्रकार तो बहुत मिलेंगे, पर ऐसे विरले ही पत्रकार होते हैं जो नैतिक मूल्य और जन सरोकार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ईमानदारी से पत्रकारिता को एक मिशन के रूप में जीते हों। लोक सेवा का माध्यम मानकर सदैव जनपक्षधर रहते हुए स्व. रमेश नैयर ने निष्ठा और प्रतिबद्धता से जीवन-भर पत्रकारिता की द्य आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का यह कथन 'पत्रकारिता भाषा, विचार और चरित्र-तीनों की परीक्षा है' के एक उदाहरण रहे हैं, रमेश नैयर।

बसर के लिए उन्होंने पिता प्रकाश नाथ की रायपुर में राशन की दुकान खुलवाई और फिर बाद में उन्होंने किराना स्टोर खोला । रमेश जी ने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश लेकर बीए की डिग्री हासिल की द्य बाद में उन्होंने अंग्रेज़ी सहित्य में स्नातकोत्तर डिग्री ली द्य पं रविशंकर विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान विभाग में अध्ययनरत होकर भाषा विज्ञान में एमए किया।

पुरानी भिलाई के जनता स्कूल में शिक्षक के रूप में उन्होंने नौकरी शुरू की ।

डेढ़ वर्ष अध्यापन करने के बाद हिंदी 'दैनिक युगधर्म' के रायपुर संस्करण में 1965 से 1973 तक उप संपादक व सहायक संपादक रहे द्य उसके बाद अंग्रेजी 'दैनिक एमपी क्रॉनिकल' के रायपुर संस्करण में 74 से 79 तक सहायक संपादक का कार्य किया द्य 1978 से 1982 तक बिलासपुर से प्रकाशित 'दैनिक लोकस्वर' के संस्थापक संपादक रहे द्य 'दैनिक ट्रिब्यून' चंडीगढ़ में 1983 से 1988 तक सहायक संपादक के पद पर कार्य किया द्य हिंदी साप्ताहिक 'संडे ऑब्जर्वर' के 1989 से 1992 तक कार्यकारी संपादक रहे द्य 1993 से 2002 तक 'दैनिक भास्कर' रायपुर के संपादक का दायित्व निभाया द्य जनवरी 2006 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रन्थ अकादमी के संचालक बनाया गया द्य 2016 तक इस अकादमी को उन्होंने अपनी सेवाएं दी।

घर में सबसे बड़े होने के कारण परिवार के लालन-पालन की जिम्मेदारी रमेश जी नौकरी लगते ही हो गई थी द्य अपने से छोटे भाई श्याम सुन्दर, बहन पवन, निर्मला, भाई ललित व सबसे छोटी बहन उर्मिला की परवरिश करते हुए उनकी शिक्षा व विवाह आदि करवाने की जिम्मेदारी गरिमा के साथ निभाही द्य रमेश जी का विवाह 2 मई 1966 में इंद्र मोहिनी से हुई थी द्य रमेश जी के बड़े पुत्र संजय रायपुर में व छोटे पुत्र संदीप वर्किंगघम (इंग्लॅण्ड) में सोफ्टवेयर इंजिनीयर हैं।

हिंदी, अंग्रेजी, गुरुमुखी व उर्दू भाषाओं के जानकार रमेश जी की कई पुस्तकें प्रकाशित हुईं द्य उनके संपादन में व्यंग रचनाओं की प्रकाशित पुस्तकें 'बुक ऑफ चारा रिकॉर्ड्स' तथा 'साधु जग बोराना' चर्चित रहीं द्य कहानियों के दो संकलन 'उत्तर कथा' तथा 'कथा यात्रा' ग्रंथ अकादमी नई दिल्ली ने प्रकाशित किये थे द्य 'भारत एक आहत सभ्यता', 'माटी मेरे देश की', 'रहस्यमय टापू' 'अलिफलैला' तथा 'वारिस' शीर्षक से अनुवाद की पांच पुस्तकें प्रकाशित हुईं थीं द्य इसके अलावा 'धूप के शामियानें' शीर्षक से आलेखों का संकलन प्रकाशित हुआ था।

अमेरिका को पछाड़कर भारत 'विश्व गुरु' बनने की ओर?

राजीव खंडेलवाल

परंतु लगातार देश का अपमान करने वाली बातों पर कभी भी उन्होंने ट्रम्प को एक शब्द भी नहीं कहा। न ही ऐसा कोई दावा किया। विश्व की हर समस्या का बिना मांगे इलाज करने वाले " डॉक्टर ट्रम्प" को इस बात का धन्यवाद तो दिया ही जाना चाहिए कि उन्होंने गर्भस्थ शिशु का "लिंग" तो बता ही दिया—भले ही भारत में लिंग-जांच पर कानूनी प्रतिबंध हो! परंतु "बच्चा" सुंदर है या नहीं, यह तो नौ महीने बाद ही पता चलेगा? पूर्व में ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सख्त वार्ताकार (नेगोशिएटर) का प्रमाण पत्र देने के अनुसार ही मोदी द्वारा टैरिफ50त्न से घटाकर 18 त्न कर देने के बावजूद विपक्ष की "सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम-लट्ठा" रूपी पौ-चिल्लाहट का अर्थ क्या है?

लंबे समय से लंबित भारत-अमेरिका ट्रेड डील (व्यापारिक अनुबंध) की घोषणा अंततः अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा किए जाने के साथ ही, भारत के ''विश्व गुरु'' बनने पर मानो अंतरराष्ट्रीय मुहर लग गई हो। इस तथ्य को समझने के लिए आवश्यक है कि वर्ष 2025 में ट्रम्प के पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद से अब तक भारत-अमेरिका व्यापारिक नीतियों के संबंध में घटित घटनाओं का विश्लेषण करें। पिछले लगभग एक वर्ष में कम से कम दो ऐसे बड़े नीतिगत निर्णय सामने आए हैं, जिनकी घोषणा भारत सरकार से पहले स्वयं अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प ने विश्व मंच पर ÷सर सलामत तो पगड़ी हज़ार÷ की तर्ज पर की।

प्रमुख निर्णय, जिनकी घोषणा भारत से पहले ट्रंप ने की।

1. 10 मई 2025 –''ऑपरेशन सिंदूर' और भारत-पाक युद्ध विराम"।

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के दौरान राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह दावा किया कि उन्होंने ट्रेड व टैरिफदबाव के माध्यम से दोनों देशों के बीच सीजफायर करवाया। भारत सरकार ने इसे स्पष्ट रूप से द्विपक्षीय निर्णय बताया, जो भारत की पाकिस्तान के संबंध में दीर्घकालिक विदेश नीति के अनुरूप था–'किसी तीसरे देश का हस्तक्षेप अस्वीकार्य''। किन्तु तथ्य यह भी है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने "अपने मुंह मियां मिट्ठू बनते हुए" अपने उक्त दावे को 83 बार दोहराया और प्रधानमंत्री मोदी के मुख से ट्रंप के उक्त बार-बार दोहराए जाने वाले "दावे" पर एक बार भी स्पष्ट "प्रतिवाद" सामने नहीं आया।

2. 2 फरवरी 2026 –" भारत-अमेरिका ट्रेड डील की घोषणा"।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ' ट्रुथ (Truth) ' पर घोषणा की कि प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के बाद उनके अनुरोध पर अमेरिका ने भारत-अमेरिका ट्रेड पर सहमति दी है।

ट्रंप के अनुसार:

भारत पर अमेरिकी टैरिफ 50% से घटाकर 18त्न, तत्काल प्रभाव से करेगा। चूंकि "घोड़ा घास से यारी तो कर नहीं सकता" बदले में भारत रूसी तेल खरीद बंद करेगा व अमेरिका/वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदेगा। साथ ही 500 बिलियन डॉलर के अमेरिकी उत्पाद खरीदेगा। भारत अपने टैरिफ/ बैरियर लगभग शून्य करेगा। इसके बाद भारत की ओर से ट्रेड डील की बात तो स्वीकार की गई, किंतु–केवल टैरिफ घटने की पुष्टि के साथ। लेकिन अन्य शर्तों पर मौन? अभी तक अमेरिका के साथ भारत का ट्रेड व्यापार अतिशेष (212 बिलियन डॉलर) रहा। यह विश्व के किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक है। लेकिन यदि 500 बिलियन का अमेरिका उत्पाद भारत खरीदेगा तो वह ऋणात्मक होकर सरप्लस व्यापार घाटे में परिवर्तित हो जायेगा। एक तथ्यात्मक प्रश्न यह भी है कि टैरिफ 50% से घटाकर 18% एक उपलब्धि है, तो अमेरिका के साथ "ट्रेड वार" चालू होने के पहले जो टैरिफ मात्र 3.3% था, वह बढ़कर अब 18त्न हो गया है। इसके लिए ÷उत्सव÷ मनाना कितना औचित्य है? वह भी जब डीड पर अभी हस्ताक्षर नहीं हुए हैं, (पीयूष गोयल के अनुसार,) सोवियत रूस से ÷सस्ता तेल हमको रुपए में" मिलता है जिस कारण अभी तक लगभग एक करोड़ 153 लाख करोड रुपए बचे। यदि यह मान भी लिया जाए कि भारत ने रूस से तेल कम खरीदीने की बात को नहीं स्वीकारा है, तब भी दिसंबर 2025 में रूस की आयत में कुल हिस्से घटकर 27त्न 4त्न रह गया जो जनवरी 2030 के बाद अब तक सबसे कम है। खरीदी कम होने का कोई कारण सरकार ने नहीं बतलाया। क्योंकि रूस ने तो तेल सप्लाई करने से मना कभी किया नहीं?

माय डियर फ्रेंड' की कूटनीति। एक सफल: एक असफल?

राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी को हमेशा की तरह" महानतम दोस्तों में से एक" बतलाते हुए कहा कि "मोदी के अनुरोध पर ही उन्होंने यह डील तुरंत मंजूर की"। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ट्रम्प को '' मेरे प्रिय मित्र'' कहकर इस ट्रेड डील के लिए धन्यवाद दिया। दुर्भाग्यवश यह तथाकथित मित्रता अब केवल एक तरफा होकर व्यक्तिगत नहीं, बल्कि भारत के हितों के विरुद्ध नीतिगत घोषणा-प्रणाली का रूप ले चुकी है। जिस पर कोई अंकुश नहीं है।

ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 12 महीनों में ट्रम्प को सोशल मीडिया "एक्स" प्लेटफार्म के द्वारा मैसेज न भेजे हों? कम से कम 5-6 बार मैसेज किया और "माय फ्रेंड" या "डियर फ्रेंड" कहकर "थैंक यू" ही कहा। हमेशा सकारात्मक दोस्ताना और सहयोग पर ही फोकस किया। अक्टूबर 2025 में "गांजा पीस प्लान" की सफलता पर बधाई दी। फोन पर भी दो बार बात हुई।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

गीत की लहरियां तो यही कह रहीं भावनाओं का मौसम बहुत सर्द है ! कल्पनाएं नई, व्यंजनाएं नई गीत के अर्थ में भी नए दर्द हैं । राग में हैं कई अश्क की झील सी कर रहीं व्याख्याएं नई, पीर की भाव की वेदना के तरल बिम्ब में हर सिसकती सदी के छुपे दर्द हैं गीत की लहरियां... बंदिशें तोड़तीं व्याख्या प्रीत की कैद से चल पडीं डायना गीत की ये बसंती हवा सी, दुआएं लिए नेह की कल्पनाएं कि हमदर्द हैं गीत की लहरियां...

– अजय कुमार सिंह भदौरिया

अक्षर स्व में स्व से हिलकर, शब्द अनेक गढ़ते हैं मिलकर,, ना हथियार से ना आयुध के वार से- धार अकाट्य रखते अपने बल पर, टूटते रिस्तों को पल में बनाते है, अनसुलझी उलझन सुलझाते हैं, नई दुनियाँ बनाते अपने आधार पर, अक्षर स्व से स्व में हिलकर, शब्द अनेक गढ़ते हैं मिलकर। – **ललित उपाध्याय**

हम अपने प्यार की,दुनिया तुम्हारे नाम कर बैठे... खूबसूरत ये गुनाह क्यूँ,सर-ए-आम कर बैठे !! नजारा साजिशों का तेरी, हरा हमको कहाँ पाया . बाजी ये मुहब्बत की,हमदम हमारे नाम कर बैठे।।

– डॉ.सविता वर्मा 'ग़ज़ल'

मैं चुप हूँ, इसका ये मतलब नहीं कि मैं कमज़ोर हूँ, मैं मेरी ख़ामोशी में भी, हौसलों का शोर हूँ। लफ़्ज़ जब ज़रूरत होंगे, खुद रास्ता बना लेंगे, अभी शांत हूँ मैं, मगर हर तूफ़ान का तोड़ हूँ। – **अनुराधा सिंह**

तुम कभी किसी विकल पंछी से पूछना कैसे तुम्हारी प्राण-पपिहरी छूटी है। कभी किसी नीड़ के तिनको से पूछना उस घन-गर्जन के तांडव नर्तन में कैसे उसके दिल पर बिजली टूटी है। पूछना यादों के कंकाल से वो कैसे अटटहास करते हैं। सपनों के शव को एक दुशाला मिला नहीं मेरी आँखों को मेरा वधशाला मिला नहीं मैं किसके लिए नित गीत लिखूँ नये -नये आँखों को जब उसका उजियाला मिला नहीं...।

– नीरज वर्मा नीर

जाने क्यों लोग ले आते है अपने अहंकार के होड़ में.. जाने क्यों गिराते है मुझे अपने ही बातो के दौड़ में मुझे तो पता है अपनी हरेक एहसास की पूंजी.. कभी मुश्किलों भरा सफ़र कभी खुशियां मिली जोड़ में.. माना देती जवाब तीखी शुगर कोट के नही होड़ में.. कि समय देगा सभी को ये जवाब ज्मौन भी तो क्यों.. कि वफ़ा की सादगी बुलाती है मुझे मीठी ना रखती हूँ ज़हर कभी दिल में..!!

– नंदिता तनूजा

"हमें तो कोई चॉकलेट नहीं देता, पता नहीं चॉकलेट का कारोबार कैसे चल रहा है..." मैं मन ही मन बड़बड़ा रही थी। बेटी ने बिना किसी भूमिका के कहा, "कॉफी में भी तो चॉकलेट पाउडर होता है।" मुझे लगा कि ज़िंदगी में यह समझ लेना चाहिए कि मिठास अक्सर वहीं होती है, जहाँ हम देखना भूल जाते हैं। मेरे लफ़्ज़ों में..... चॉकलेट डे।

– शोभा गोयल

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आपके लिए आज का दिन प्रतिकूल फल देने वाला रहेगा। जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे उसमे पहले आलस्य बाद में किसी के गलत मार्गदर्शन के कारण विघ्न बाधाएं आएंगी।

वृष: आज के दिन आपको लगभग सभी कार्यो के अनुकूल परिणाम मिलेंगे। अधिकांश कार्य थोड़े से प्रयास से पूर्ण हो जाएंगे।

मिथुन: आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से उन्नति वाला रहेगा। धन संबंधित समस्याएं काफी हद तक सुलझने पर दिन भर प्रसन्नता रहेगी। दाम्पत्य सुख में भी वृद्धि होगी।

कर्क: आज के दिन आप बुद्धि विवेक से कार्य करेंगे परन्तु परिस्थिति हर तरह से कार्यो में बाधा डालेगी। महिलाये अधिक बोलने की समस्या से ग्रस्त रहेंगी।

सिंह: आज के दिन आप सम्भल कर ही कार्य करेंगे फिर भी सफलता में संशय बना रहेगा। व्यवहारिकता की कमी के कारण जितना लाभ मिलना चाहिए उतना नही मिल सकेगा।

कन्या: आपका आज का दिन आर्थिक लाभ कराएगा फिर भी ध्यान रखें व्यवहार का रूखापन लाभ को हानि में बदलने के साथ ही सामाजिक प्रेम संबंधों में खटास भी ला सकता है। धन आने के साथ जाने के रास्ते बना लेगा।

तुला: आज के दिन आप किसी भी कार्य को लेकर ज्यादा भाग-दौड़ करने के पक्ष में नही रहेंगे। आसानी से जितना मिल जाये उसी में संतोष कर लेंगे।

वृश्चिक: आज आप दिन के आरंभ में जितना परिश्रम करेंगे मध्यान के बाद उसका फल धन लाभ एवं सम्मान के रूप में मिलेगा। परन्तु कार्य व्यवसाय में आज अधिकांश कार्य बीच मे भी छोड़ सकते है।

धनु: आज के दिन आप अकस्मात घटनाओं से सतर्क रहें। घरेलू दिनचर्या वैसे तो सामान्य ही रहेगी परन्तु आज जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे आशा के विपरीत अकस्मात क्षति के योग बनेंगे।

मकर: आपको आज का दिन धन एवं सम्मान दोनों की प्राप्ति कराएगा। जिस भी कार्य को करेंगे उसमे प्राराम्भ में थोड़ी भाग-दौड़ करनी पड़ेगी लेकिन अंतिम परिणाम प्रसन्नता दायक रहेगा।

कुंभ: आज आपको प्रत्येक कार्यो में सफलता मिलेगी लेकिन इसके लिए बौद्धिक परिश्रम अधिक करना पड़ेगा। आध्यत्म अथवा साधना क्षेत्र से जुड़े जातको को साधना में सिद्धि की दिव्य अनुभूति होगी।

मीन: आज के दिन कार्यो के प्रति मन मे उच्चाटन रहेगा। नौकरी पेशा एवं व्यावसायिक लोगो को अपने क्षेत्र में विविध कष्टो का सामना करना पड़ेगा। कोई भी कार्य बिना किसी के सहयोग के बनाना असंभव ही लगेगा।

QUIZ TIME

1) दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात उल्कापिंड प्रभाव क्रेटर की खोज किस देश ने की है?

2) हाल ही में 9वां अमूर फाल्कन महोत्सव किस राज्य में मनाया गया?

3) किस वायसराय के शासनकाल में दिल्ली दरबार में महारानी विक्टोरिया को कैसर-ए-हिन्द की उपाधि से सम्मानित किया गया?

4) दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम कहां शुरू की गई?

5) समाचारों में देखे गए टेनकाना जयमंगली किस प्रजाति से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ऑस्ट्रेलिया (2) मणिपुर (3) लॉर्ड लिटन (4) चीन (5) मकड़ी

पहेली

शब्द सामर्थ्य -311

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 310 का हल

अधिकारी अवकाश में जाने से पूर्व लें अनुमति, बिना सूचना अनुपस्थित रहने वालों पर होगी कार्रवाई

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने सोमवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली।

उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अवकाश में जाने से पूर्व अनिवार्य रूप से अनुमति ली जाए, आदेश का पालन ना करने वाले एवं बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी समय -सीमा की बैठक में आने से पूर्व अद्यतन विभागीय जानकारी लेकर आएं तथा पूर्व में दिए गए निर्देशों की प्रगति एवं क्रियान्वयन की जानकारी भी उपलब्ध करवाएं। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने अपार आईडी में बच्चों की एंट्री की जानकारी ली तथा शत-प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस हेतु बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र जरूरी है, इसलिए शिक्षा विभाग सर्वे कर जल्द से जल्द ऐसे बच्चों की सूची जिनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है, सम्बंधित अनुभाग के एसडीएम को उपलब्ध कराएं । बैठक में उन्होंने कहा कि वनाधिकार पट्टों का नामान्तरण महत्वपूर्ण है, इसलिए राजस्व एवं वन विभाग एक माह के भीतर फौती नामान्तरण पूर्ण कर लें। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को आश्रम छात्रावासों के निरीक्षण हेतु अधिकारियों की ड्यूटी आदेश बनाने निर्देशित किया। उन्होंने

सभी एसडीएम को लगातार छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावासों में खेल सामग्री प्रदान करने कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी से पीडीएस दुकानों में राशन वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि समय पर व्यवस्थित वितरण सुनिश्चित करें। बैठक में डीएमएफ अंतर्गत रिक्त पदों की भर्ती, पीवीटीजी युवाओं को रोजगार की जानकारी ली गई।

मैनपाट महोत्सव की तैयारियों पर हुई समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने मैनपाट महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि महोत्सव के शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का जिले में आगमन प्रस्तावित है। इसलिए सभी तैयारियां गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने विभागों को लोकार्पण भूमिपूजन की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं विभागीय स्टॉल एवं हितग्राही सामग्री वितरण की भी जानकारी प्रदान करने निर्देशित किया गया।

न्यूज गैलरी

ऊर्जा संरक्षण का संदेश लेकर पीएम विद्यालय में स्पर्धा का आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सभा पति विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में एवं प्राचार्य श्री खरे के अध्यक्षता में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी सीएसपीसी के द्वारा शासकीय पीएम श्री विद्यालय लखनपुर में प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सम्मिलित विभागीय वरिष्ठ अधिकारीयों ने भाग लेकर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उपस्थित अधीक्षक अभियंता पी. ए. सी. सिंह कार्यपालन अभियंता रोशन नागवंशी मेरी लिली तिर्की सहायक अभियंता रश्मि तिर्की कनिष्ठ अभियंता रघुवंश साहू मंजूसा सिंह रंजीत भारद्वाज राजेंद्र राजवाड़े सुनील कुमार विराज माणिक स्नेह टोप्पो एवं सब डिवीजन के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के जरिए ऊर्जा बचत का संदेश आयोजन के दौरान छात्र-छात्राओं ने ऊर्जा संरक्षण और अच्छा ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई वैदिक प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन भाषण क्रीज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ वहीं रचनात्मक गतिविधियों में पोस्ट चित्रकला एवं नाप लेखन प्रतियोगिता आयोजन की गई।

मां दुर्गा की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

लखनपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत लखनपुर के प्राचीन स्वयं-भू शिवमन्दिर प्रांगण में नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा जी के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ पंडित पुजारियों के मुखारविंद से उच्चरित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। नगर सहित आसपास ग्रामीण इलाकों से आये महिला पुरूष बच्चे बुजुर्गों की अपार भीड़ रही। श्रद्धालु माता भक्त मंदिर में विराजित मां दुर्गा भगवान शंकर हनुमान जी के दर्शन पूजन किये। क्षेत्र के श्रद्धालु आयोजित समारोह में शामिल होकर एतिहासिक क्षण के साक्षी बने। काबिले गौर है नगर लखनपुर में प्राचीन स्वयं-भू शिवमन्दिर प्रांगण में भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी की मंदिर के बाद मां दुर्गा मंदिर की भी स्थापना हो गई है। दूर्गा मंदिर के बिना एक अधूरापन सा था वह दूर हो गई है।अब आने वाले पीढ़ी के भक्तों को शिव शक्ति के अलावा महाबली हनुमान जी की दर्शन पूजन करने के अवसर मिल सकेंगे।

पीडीएस दुकान से चावल चना, शक्कर ले गए चोर

रायगढ़/नवप्रदेश। सामुदायिक भवन में संचालित पीडीएस दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने 28 हजार का राशन चोरी कर लिया। सरपंच ने चोरी की रिपोर्ट छाल थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार ग्रापं मुनुंद के सरपंच जनक राम राठिया ने बताया कि सामुदायिक भवन में चलने वाली पीडीएस राशन दुकान में 31 जनवरी को बीपीएल, एपीएल, मध्याह्न भोजन व पूरक पोषण आहार का भंडारण हुआ था। 6 फरवरी की रात चोरों ने भवन का ताला तोड़कर 251 बोरी चावल, नौ बोरी चना, पांच बोरी शक्कर चोरी कर ली। इसकी कीमत 28 हजार रुपए है। पुलिस मामले में धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज आरोपियों की पतासाजी में जुटी है।

मवेशी तस्करी करते रंगे हाथ तीन आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। लैलूंगा पुलिस ने गौवंशों की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ये तस्कर कुंजारा से पैदल गौवंशों को मारते-पीटते हुए ओडिशा की ओर ले जा रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना के बाद लैलूंगा पुलिस ने अटल चौक के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद मुख्य मार्ग पर तीन व्यक्तियों को 8 गौवंशों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मायाराम नागवंशी (45), सोहन यादव (47) और विद्याधर नागवंशी (36) निवासी थाना बागबहार जिला जशपुर बताया। पुलिस ने गोवंश तस्करी से संबंधित वैध दस्तावेज पेश करने का नोटिस दिया, लेकिन आरोपी कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके।

देर रात छत के रास्ते घर में घुसा बदमाश, नाबालिग से छेड़छाड़

रायगढ़/नवप्रदेश। महिला थाना पुलिस ने एक बालिका से छेड़छाड़ के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में बालिका के पिता ने 6 फरवरी की रात महिला थाना में लिखित रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 6 फरवरी की शाम वह अपनी पत्नी के साथ नटवर स्कूल में प्रवचन सुनने गए थे और घर में बच्चे अकेले थे। रात करीब 10 बजे जब वे घर लौटे तो पुत्री ने बताया उनकी अनुपस्थिति में दिल साय चौहान छत के ऊपर बने गेट से घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोपी ने घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रकरण की गंभीरता देखते हुए महिला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

होटल संचालिका से ट्रेलर किराए पर लेकर धोखाधड़ी, डाला बेचने वाले दो गिरफ्तार

घरघोड़ा/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र में अमानत में खयानत और धोखाधड़ी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां होटल संचालिका की ट्रेलर गाड़ी को किराए पर लेकर आरोपियों ने विश्वासघात करते हुए वाहन का डाला बेच दिया और इंजन को भी बेचने की तैयारी कर रहे थे। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घरघोड़ा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब ग्राम कंचनपुर निवासी 48 वर्षीय मीना चौहान पति साधुराम चौहान ने 7 फरवरी 2026 को थाना घरघोड़ा में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह घरघोड़ा-धरमजयगढ़ मार्ग के पास अपने बेटों के साथ होटल का संचालन करती हैं। दो वर्ष पूर्व उन्होंने

रायगढ़ निवासी अकबर खान से 16 लाख रुपये में एक पुराना ट्रेलर खरीदा था, जिसे टाटा फाइनेंस कंपनी से फायनेंस कराया गया था।

बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेज समय पर न बन पाने के कारण ट्रेलर होटल के सामने खड़ा था। इसी दौरान परमेश्वर चौहान, जो घरघोड़ा क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट कंपनियों में सुपरवाइजर के रूप में कार्य करता था, ने वाहन के संबंध में पूछताछ की। दस्तावेज लंबित होने की जानकारी मिलने पर उसने अपने खर्च पर कागजात बनवाने और प्रतिमाह 85 हजार रुपये किराया देने का झांसा दिया।

भरोसा कर महिला ने ट्रेलर उसे सौंप दिया। 20 जनवरी 2026 को परमेश्वर अपने साथी लीलाम्बर प्रसाद चौहान के साथ होटल पहुंचा और कुछ दिन चलाकर देखने के बहाने ट्रेलर ले गया। कुछ दिनों बाद आरोपी का मोबाइल बंद हो गया। संदेह होने पर पीड़िता ने ट्रेलर में लगे जीपीएस के माध्यम से लोकेशन ट्रैक की, जिससे वाहन कुंजारा, लैलूंगा क्षेत्र में पाया गया। 5 फरवरी को मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि ट्रेलर का केवल इंजन मौजूद है और शेष डाला गायब है। रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में अपराध क्रमांक 43/2026 धारा 318(4), 316(2), 316(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने ट्रेलर का डाला बिलासपुर में बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ट्रेलर का इंजन जब्त किया है। एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी है।

जल जीवन मिशन का जमीनी परीक्षण

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे बहुप्रतीक्षित पेयजल कार्यों की हकीकत गुरुवार को जमीन पर देखने को मिली। विगत 06 फरवरी 2026 को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित LAI MVS, खरलाधर MVS तथा ग्राम पंचायत मोहनटोला और काशी टोला में प्रगतिरत कार्यों का वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सघन निरीक्षण किया। इस दौरान योजनाओं की वास्तविक प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी पक्षों को बारीकी से परखा गया। निरीक्षण के उपरांत LAI MVS अंतर्गत सम्मिलित ग्रामों के संबंधित ठेकेदारों के साथ जल जीवन मिशन कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यों की धीमी प्रगति, तकनीकी चुनौतियों और गुणवत्ता मानकों पर गहन चर्चा करते हुए अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा। इस निरीक्षण दल में अधीक्षक अभियंता एस.एन. पांडे, कार्यपालन अभियंता आकाश पोद्दार, उप अभियंता मनमोहन सिंह, जिला परियोजना समन्वयक (मॉनिटरिंग) अनिमेष कुमार तिवारी एवं जिला परियोजना समन्वयक (टेक्निकल) ज्ञानेंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पाइप लाइन, रचनात्मक कार्यों और तकनीकी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए कार्यस्थलों पर आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जल जीवन मिशन का मूल उद्देश्य प्रत्येक घर तक निरंतर, सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसके लिए गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों की इस सक्रियता से क्षेत्र में चल रहे जल जीवन मिशन कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

पीएम आवास योजना शहरी ने दूर की बलवीर की चिंता

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरकार की हितग्राही मूलक योजनाएं जरुरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। लखनपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 05 में रहने वाले निवासी बलवीर मझवार जिनका वर्षों पुराना कच्चा घर बरसात में गिर गया था।

सीमित आय और आर्थिक तंगी के कारण उनके लिए पक्का मकान बनवाना संभव नहीं हो पा रहा था। मझवार ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर रही है और वे केवल थोड़ी-बहुत खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं, जिससे परिवार का जैसे-तैसे गुजारा चलता था। ऐसे में पक्के घर का सपना अधूरा ही लग रहा था। इसी दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवेदन किया, जो स्वीकृत हो गया। योजना के तहत मिली सहायता से आज उनका पक्का घर बनकर तैयार हो गया है। नए घर में शिफ्ट होने के बाद वे बेहद खुश है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि अब उन्हें बरसात और मौसम की मार का डर नहीं रहेगा, और उनको एक सुरक्षित वातावरण भी मिलेगा।

धान कुटाई मशीन की आमदनी से संवर रहा परिवार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण अंचलों में महिलाएं अब केवल चूल्हे-चौके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आर्थिक मोर्चे पर भी परिवार का नेतृत्व कर रही हैं। अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत हर्राटिकरा की रहने वाली मनमेश्वरी आज उन हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गई हैं, जो छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव का सपना देखती हैं।

अल्पना स्व-सहायता समूह की सदस्य मनमेश्वरी की कहानी संघर्ष और आत्मविश्वास की है। उन्होंने बताया कि आर्थिक तंगी के बीच 'बिहान' योजना ने उन्हें एक नई राह दिखाई। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने साहस जुटाकर ऋण लिया और अपने गांव में धान कुटाई मशीन स्थापित की। मनमेश्वरी गर्व से कहती हैं कि शुरू में डर था कि लोन कैसे पटेगा, लेकिन मशीन चलने लगी तो आमदनी बढ़ने लगी। आज खुशी इस बात की है कि मैंने न केवल पूरा लोन चुका दिया है, बल्कि अब मेरे पास खुद की मशीन है जिससे हर महीने अतिरिक्त आय हो रही है। मनमेश्वरी के पति खेती-किसानी करते हैं।

पीएमजीएसवाई सड़कों में कमियां, इंजीनियर को नोटिस

रायगढ़। पीएमजीएसवाई सड़कों की जांच के दौरान धरमजयगढ़-कापू रोड टी-03 से अमृतपुर सड़क के मेंटेनेंस में कमियां पाई गईं। जांच के दौरान चीफ इंजीनियर ने सुधार काम को लेकर संबंधित इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं सड़क की मेंटेनेंस अवधि भी छह महीने बढ़ा दी गई है। मुख्य अभियंता व राज्य गुणवत्ता समन्वयक ने धरमजयगढ़ में पीएमजीएसवाई अंतर्गत निर्माणाधीन व संधारणीय सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माणाधीन नकना से डुमरपारा की 2 किमी सड़क का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया मुख्य अभियंता शर्मा के अनुसार ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता सीधे ग्रामीण जीवन स्तर से जुड़ी होती है। बेहतर सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि उपज के परिवहन व अन्य मूलभूत आवश्यकताओं तक ग्रामीणों की सहज पहुंच सुनिश्चित करती हैं।

अवैध रेत खनन: गाड़ी छोड़ भागे ड्राइवर, 6 हाईवा जब्त

जांजगीर/नवप्रदेश। तहसील बम्हनीडीह के ग्राम पुछेली में राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन की सूचना पर छापामारी की। टीम के पहुंचने पर हाईवा चालक भाग गए।

इस दौरान 6 हाईवा अवैध रेत के साथ पकड़े गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। वाहन मालिकों को बुलाकर रेत के अवैध परिवहन पर जुर्माना वसूला जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि वाहन जब्त कर आरटीओ और डीपीएस को भी सूचना दी गई है। एसडीएम पवन कोसमा ने बताया कि टीम जैसे ही पहुंची, उसे देखकर ड्राइवर हाईवा छोड़कर भागने लगे। ऐसे में टीम ने मौके पर खड़ी सभी हाईवा को जब्त कर लिया है। अब मालिकों को बुलाकर जुर्माना और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

ऊर्जा संरक्षण पर मॉडल, चित्रकला स्लोगन और रंगोली प्रतियोगिता

सक्ती/नवप्रदेश। ऊर्जा संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अक्षय ऊर्जा विभाग सक्ती द्वारा ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय अभियान के तहत ऊर्जा संरक्षण पर मॉडल, चित्रकला, स्लोगन, भाषण और रंगोली प्रतियोगिता 2025-26 का सफल आयोजन किया। जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल उपस्थित थे। संचालन जिला नोडल अधिकारी छबि राठौर ने किया। राकेश अग्रवाल ने कहा कि अक्षय ऊर्जा विभाग, शिक्षा विभाग और अन्य एजेंसियों के सहयोग से आयोजित ये प्रतियोगिताएं ऊर्जा संरक्षण के राष्ट्रीय अभियान को आगे बढ़ाने और सतत ऊर्जा प्रथाओं को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

विड़बंना: 7 साल पहले स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन आज भी अधूरा, जिम्मेदार अफसर भी नहीं दे रहे ध्यान

घुई डांड पारा में आंगनबाड़ी नहीं, महिलाएं और बच्चे योजनाओं से वंचित

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के विकास खंड मैनपाट/लखनपुर सरहदी ग्राम डांडकेसरा के घुई डांड पारा में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने से बसाहट के महिला बच्चों को शासन के योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

बस्ती वालो ने घुई डांड पारा में आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने की मांग की लम्बे समय से करते आ रहे हैं । ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक घुई डांड पारा में लगभग दो दर्जन से अधिक परिवार निवासरत है और प्रत्येक घरों में दो से तीन बच्चे हैं आंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने से 2 किलोमीटर दूर पद

यात्रा कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र जाने में कई प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

लंबे समय से आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने की मांग किये जाने के बाद मुहल्ले में आंगनवाड़ी भवन निर्माण हेतु स्वीकृती मिली जिसका निर्माण विगत 7 वर्षों पहले ग्राम पंचायत एजेंसी के द्वारा भवन निर्माण का कार्यारंभ हेतु फाउंडेशन की खुदाई की गई। निर्माण एजेंसी द्वारा कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। लगभग 110000 रुपए राशि भी आहरण कर लिया गया। जिसे लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की गई थी शिकायत के बाद जांच हुई जांच में निर्माण एजेंसी पर लगभग 110000 रुपये राशि की वसूली हेतु नोटिस जारी किया गया था। आंगनवाड़ी भवन नहीं बनने से समस्या आज भी जस का तस बना हुआ है ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने मांग किया है जिससे महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं का लाभ यहां के निवासी महिला बच्चों को मिल सके।

पहल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा

परियोजना अधिकारी असीम शुक्ला से बात करने पर उन्होंने कहा कि मौका जांच करने उपरांत उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा पंचायत ग्राम सभा प्रस्ताव मंगवाकर आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनाने हेतु पहल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।
असीम शुक्ला, परियोजना अधिकारी

शराबी पति ने पत्नी को पीटा, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के नपं लखनपुर वार्ड क्रमांक 15 शिवपुर में शराबी पति द्वारा पत्नी को पीटने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुन्ती सोनवानी पति प्रेम कुमार सोनवानी ने थाना उपस्थित आकर अपने अपने पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता के घर में ब्रम्ह भोज कार्यक्रम चल रहा था शराबी पति अपनी पत्नी कुंती सोनवानी से वास्ते शराब पीने पैसे की मांग करने लगा। पत्नी द्वारा पैसे नहीं देने से नाराज़ पति ने पत्नी से मारपीट किया। पिडिता के रिपोर्ट पर लखनपुर पुलिस ने बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया है।

पूनम जनरल स्टोर में भीषण अग्निकांड, दमकल नहीं पहुंची, पूरा सामान स्वाहा

मुंगेली/नवप्रदेश। शंकर मंदिर के पास स्थित पूनम जनरल स्टोर में कल देर रात भीषण आग से दुकान मे रखे सामान जल गए, घंटों बीत जाने के बाद भी दमकल (फायर ब्रिगेड) की टीम मौके पर नहीं पहुँची, जिसके कारण आग ने विकराल रुप धारण कर लिया।

प्रशासन के गैर-जिम्मेदाराना रवैये को लेकर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। शंकर मंदिर के आसपास का क्षेत्र काफी सघन है। दुकान से उठती ऊंची लपटों को देख आसपास के लोग दहशत में आ गए। दमकल की अनुपलब्धता के कारण लोग बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की नाकाम कोशिश करते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की इस सुस्ती की वजह से पूरी बस्ती जलकर खाक हो सकती थी। प्रशासन के उदासीन रवैया एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। भीषण अग्निकांड जैसी

आपातकालीन स्थिति में भी समय पर संसाधन उपलब्ध न होना प्रशासन की बड़ी विफलता माना जा रहा है। नागरिकों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए रहे, जबकि दुकानदार की जीवनभर की पूंजी आंखों के सामने खाक होती रही। घनी आबादी वाले क्षेत्र में इस तरह की घटना प्रशासन के लिए एक चेतावनी है। यदि समय रहते दमकल की गाड़ी पहुँच जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। फिलहाल, पूरी दुकान जलकर स्वाहा हो गई है और पीड़ित पक्ष के साथ-साथ शहरवासी अब शासन-प्रशासन से इस घोर लापरवाही का जवाब मांग रहे हैं।

सामान देखते ही देखते जलकर खाक

शंकर मंदिर के पास स्थित पूनम जनरल स्टोर में बीती देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि दुकान में रखा पूरा सामान देखते ही देखते जलकर खाक हो गया। घटना के समय दुकान बंद थी, जिससे किसी प्रकार की जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। शंकर मंदिर के आसपास का इलाका अत्यंत सघन आबादी वाला है। दुकान से उठती ऊंची-ऊंची लपटों और धुएं को देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए।

न्यूज गैलरी

जेसीज पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। जेसीज पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में रंगारंग वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी और उत्साह के बीच छात्रों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले मुख्य अतिथियों गुब्बारे छोड़े फिर विधिवत शुभारम्भ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्वागत भाषण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का शब्द-सुमन से स्वागत किया। समिति के सांस्कृतिक प्रभारी शरदचंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा, महीनों की कड़ी मेहनत आज मंच पर जीवंत हो उठेगी। नृत्य, संगीत और नाटक के माध्यम से बच्चे न केवल मनोरंजन करेंगे बल्कि सामाजिक संदेश भी देंगे। जेसीज शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष हिमांशु कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में विद्यालय की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा, प्रबंधन हमेशा छात्रों को आधुनिक सुविधाओं और बेहतर माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज के प्रदर्शनों ने सिद्ध कर दिया है कि हमारे छात्र हर क्षेत्र में अव्वल रहने का माद्दा रखते हैं। भावपूर्ण गणेश वंदना कत्थक जैसे शास्त्रीय नृत्य, समूह नृत्य बच्चों ने प्रस्तुत किए। वहीं भस्मासुर, किलकारी, तारक मेहता के साथ जस्टिस फॉर विमेन विषय पर आधारित नाटक ने तारीफ करने पर मजबूर कर दिया। लोक नृत्य में छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य रावत नाच, पंजाब की गिद्दा और राजस्थान के घूमर ने समां बांध दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य, विद्यालय का समस्त स्टाफ बड़ी संख्या में अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सामूहिक कन्या विवाह का भव्य आयोजन आज

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विवाह समारोह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में प्रातः 09 बजे से प्रारंभ होगा। जहां 150 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से जुड़कर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देगें। जिला स्तरीय मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में आदिम जाति विभाग, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन, पशु पालन मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उधेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामुनी निकुंज, जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा चेरवा, नगर पंचायत अध्यक्ष लोधीराम एक्का शामिल होंगे।

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 11 फरवरी को

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 11 फरवरी 2026 को 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।

एनआरएलएम से जुड़कर महिलाएं गढ़ रहीं अपनी नई पहचान

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले के राजपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खोडरो की निवासी ज्योति सिंह ने सिद्ध कर दिखाया है कि यदि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कठिन से कठिन परिस्थितियों को भी बदला जा सकता है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर उन्होंने अपने परिवार को आर्थिक तंगी से बाहर निकाला है साथ ही महिला सशक्तिकरण की मिसाल भी कायम की है। कुछ वर्ष पूर्व तक ज्योति सिंह का जीवन कृषि कार्य और मजदूरी पर निर्भर था। परिवार की कुल वार्षिक आय मात्र 40 हजार रुपए थी, जिससे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और घरेलू जरूरतों की पूर्ति करना अत्यंत कठिन था। सीमित संसाधनों के कारण भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी रहती थी। ज्योति सिंह के जीवन में नया मोड़ तब आया, जब वे राजमोहनी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। मिशन के अंतर्गत समूह में 20 हजार रुपए की सामुदायिक निवेश निधि तथा 30 हजार का बैंक ऋण प्राप्त हुआ। इस वित्तीय सहयोग ने ज्योति के जीवन में स्वरोजगार की राह प्रशस्त की। प्राप्त पूंजी का सदुपयोग करते हुए ज्योति सिंह ने परंपरागत खेती के साथ-साथ कपड़ा एवं सिलाई की दुकान की शुरुआत की।

उर्मिला सोनी का निधन

मुंगेली/नवप्रदेश। सोनार पारा निवासी उर्मिला सोनी पति स्व. बसंत सोनी उम्र 65 वर्ष का 7 फरवरी शनिवार को निधन हो गया। वे मनीष बूट हाउस के संचालक एवं भाजपा नेता मनीष अन्नू सोनी की माता थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार रविवार 8 फरवरी को खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने दिखाई दरियादिली, निजी जमीन पर बिना रजिस्ट्री के बनी पक्की सड़क

मुंगेली/नवप्रदेश।-ग्रामीण विकास और आपसी सहयोग की एक अनूठी मिसाल रामगढ में देखने को मिली है, जहाँ वर्षो से लंबित सड़क की समस्या को ग्रामीणों ने अपनी निजी जमीन देकर हल कर दिया। हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया में एक तकनीकी पेंच अभी भी फंसा हुआ है सड़क का निर्माण बिना किसी औपचारिक रजिस्ट्री या भूमि हस्तांतरण कर मुख्यमंत्री सडक योजना के तहत् में इसे पूरा कर लिया गया है। ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पास कर 80 फीट जमीन सडक निर्माण के लिए दी गई जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा मिट्टी और मुरूम का कार्य कराया गया तत्पश्चात् मुख्य मंत्री सडक योजना के तहत् में डामरीकरण सीसी रोड का निर्माण किया गया सडक निर्माण के तहत् में केवल 40 फीट ही सडक निर्माण कराया गया।

पंचायत के प्रस्ताव पर एकजुट हुए ग्रामीण- मिली जानकारी के अनुसार, गांव के मुख्य मार्ग से जिला अस्पताल को जोड़ने वाली इस सड़क के लिए सरकारी बजट उपलब्ध नही था, लेकिन ग्रामवासियो के सहयोग से सडक की उपयोगिता समझते हुए जमीन की कमी को दूर कर आवागमन के लिए हो रही समस्याओं से निजात दिलाया। ग्राम पंचायत की बैठक में जब इस मुद्दे पर प्रस्ताव पास किया गया, तो गांव के किसानों और भू-स्वामियों ने जनहित में अपनी कीमती जमीन स्वेच्छा से देने का निर्णय लिया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि एंबुलेंस और स्कूल बस जैसी आवश्यक सेवाएँ भी सीधे घर तक पहुँच सकेंगी, इसी सोंच के तहत् ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पास कर 80 फीट जमीन सडक निर्माण के लिए दी गई जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा मिट्टी और मुरूम का कार्य कराया गया

तत्पश्चात् मुख्य मंत्री सडक योजना के तहत् में डामरीकरण सीसी रोड का निर्माण किया गया सडक निर्माण के तहत् में केवल 40 फीट ही सडक निर्माण कराया गया जिसकी परणिती यह हुई की सडक के दोनों ओर 20-20 फीट का कब्जा हो गया और सडक केवल 40 फीट का रह गया है।

बिना रजिस्ट्री निर्माण: सुविधा या भविष्य का संकट- आमतौर पर किसी भी निजी जमीन पर सरकारी निर्माण से पहले अनुबंध किया जाता है या भूमि अधिग्रहण की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाती है। लेकिन इस मामले में, विकास की जल्दबाजी और आपसी विश्वास के चलते बिना किसी कागजी रजिस्ट्री के ही सड़क का डामरीकरण कर दिया गया है। अब निजी जमींन पर सडक निर्माण किये जाने की बात सामने आ रही है। भविष्य में जमीन के स्वामित्व को लेकर विवाद खड़ा हो सकता है।

रिकॉर्ड में बदलाव- सरकारी राजस्व रिकॉर्ड में अभी भी वह जमीन किसानों के नाम ही दर्ज है, जिससे भविष्य में उस हिस्से पर बैंक लोन या बिक्री में समस्या आ सकती है। साथ ही मिली जानकारी के अनुसार अब जमीन मालिक भी अपनी जमीन पर निर्माण कार्य में जुट गए है, ऐसे में सडक किनारे लगे पेंड को भी घर के अंदर कर निर्माण किया जा रहा है, ऐसे में कही जमीन मालिक सडकों पर भी निर्माण न कर दें? चूंकि जमीन स्वेच्छा से दी गई है, इसलिए ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का आर्थिक मुआवजा नहीं दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जमीन उपलब्ध होने के बावजूद विभाग ने पैमाइश और निर्माण में लापरवाही बरती। सड़क के दोनों ओर सही समय पर सीमांकन नहीं किया गया, जिससे धीरे-धीरे वहां कच्चे और पक्के निर्माण होने लगे। 40 फीट में सिमटी सड़क के कारण अब भी पीक आवर्स में अस्पताल के सामने जाम लग रहा है, जिससे ग्रामीणों का बलिदान व्यर्थ साबित हो रहा है। स्थानीय ग्रामीण ख्वाम, ने बताया, हमें सड़क की बहुत जरूरत थी। कानूनी कागजी कार्रवाई में समय लगता, इसलिए हमने पंचायत के भरोसे पर काम शुरू करने दिया। वहीं, पंचायत सचिव का कहना है कि ग्रामीणों की सहमति लिखित में ली गई है और जल्द ही इस जमीन को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी ताकि भविष्य में कोई विवाद न हो।

मरीजों की सुविधा के लिए छोड़ी थी जमीन

जिला अस्पताल का मुख्य मार्ग वर्षों से संकरा होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। एंबुलेंस के फंसने से कई बार मरीजों की जान पर बन आती थी। इस समस्या को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने आपसी सहमति से अपनी निजी जमीन का बड़ा हिस्सा (80 फीट चौड़ाई) सड़क के लिए देने का फैसला किया था, ताकि भविष्य में फोर-लेन जैसी सुविधा मिल सके।

प्रशासन की सजगता से रुका बाल विवाह

बलरामपुर/नवप्रदेश। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा पर नियंत्रण के लिए जिले में जिला प्रशासन द्वारा सतत एवं सजग प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुर में प्रशासन की तत्परता और समन्वित प्रयास से 15 वर्षीय बालिका का बाल विवाह रुकवाया गया। जिससे बालिका का भविष्य सुरक्षित हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सोनपुर में एक नाबालिग बालिका का विवाह तय किया गया था। सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन बलरामपुर तथा पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थल पर पहुंचकर जांच की जिसमें बालिका की आयु 15 वर्ष पाई गई। टीम ने मौके पर परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी तथा परिजनों को बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, बाल विवाह कराने या उसमें सहयोग करने पर कानून के तहत दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में समझाइश दी गई।

राजेश्वरी बनीं महिला आत्मनिर्भरता की मिसाल

सक्ती/नवप्रदेश। आज के समय में महिलाएं पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी सशक्त कदम बढ़ा रही हैं।

ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी है राजेश्वरी की, जिन्होंने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और सरकारी योजनाओं के सही सहयोग से स्वरोजगार स्थापित कर महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है। राजेश्वरी का परिवार पाँच सदस्यों का है, जिसमें उनके पति, सास और दो बच्चे शामिल हैं। उन्होंने स्नातक तक शिक्षा प्राप्त की है। परिवार की

आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने और अपने पति का सहयोग करने के उद्देश्य से वे स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करना चाहती थीं, लेकिन इसके लिए पूंजी की आवश्यकता थी। इसी दौरान उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना की जानकारी मिली। राजेश्वरी ने योजना से संबंधित पूरी जानकारी एकत्र की और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से ब्यूटी पार्लर हेतु 6,31,579 रुपए की परियोजना लागत का प्रस्ताव तैयार कराई। यह प्रस्ताव भारतीय स्टेट बैंक, डभरा में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें 6,00,000 रुपए का ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया।

पीएम जनमन योजना से बदली पहाड़ी कोरवा की जिंदगी

बलरामपुर/नवप्रदेश। शासन-प्रशासन के सतत् प्रयासों से जिले के पहाड़ी कोरवा जनजातीय परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिसके अंतर्गत पीएम जनमन आवास योजना से मुन्नी बाई पहाड़ी कोरवा आवास से लाभान्वित हुई है। जिले के विकासखंड राजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत घटगांव निवासी मुन्नी बाई पहाड़ी कोरवा को आवास का लाभ मिला है। मुन्नी बताती है कि शासन द्वारा पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। स्वीकृत राशि सीधे उनके बैंक खाते में आबंटित की गई। राशि प्राप्त होने के पश्चात हितग्राही मुन्नी बाई द्वारा आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया और आज वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित आवास में जीवन यापन कर रही हैं। वे कहती है कि पहले बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी की 32वीं पुण्यतिथि मनाई

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पितृ पुरूष कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के शेर के नाम से विख्यात, पूर्व सांसद व पूर्व विधायक अधिवक्ता रहे स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी का 32वां पुण्यतिथि मनाया गया।

पुण्यतिथि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के शेर के रूप में उन्हे याद किया गया। स्व. श्री केशरवानी जनता के कार्य के लिए सदैव तत्पर रहते थे। उन्होंने कभी दलगत भावना से कार्य नहीं किया। स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी का जन्म 13 जून 1930 को तथा उनका

स्वर्गलोक गमन 8 फरवरी 1994 को हुआ था। वे प्रख्यात अधिवक्ता होने के साथ ही सांसद, विधायक, जिला सहकारी बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मुंगेली के 5 बार अध्यक्ष रहे। साथ ही बिलासपुर जिला भाजपा अध्यक्ष के पद को भी सुशोभित किया था। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, अध्यक्ष जिपं श्रीकांत पांडे, वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक, जिला महामंत्री कैलाश सिंह, मिट्ठू लाल यादव, प्रेम आर्य, द्वारिका जायसवाल, लोकनाथ सिंह, जिला कार्यालय मंत्री कोटूमल दादवानी, आशीष मिश्रा, विनय पांडे, शिवकुमार बंजारा, राकेश साहू, राणा प्रताप सिंह, रामशरण यादव, मन्नू श्रीवास्तव, राकेश साहू, यश गुप्ता, महेश यादव, राजेश्वर टन्डन, घनश्याम यादव, सुखचंद साहू, मनोहर मोहले, रितिमा लाल, स्वेता सोनी, पुहुप साहू, लवलेश सिंह व महिला मोर्चा के पदाधिकारी, जिला व प्रदेश के पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी, युवा मोर्चा के पदाधिकारी/कार्यकर्तागण, नगर के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

पेज 1 का शेष

पीएम ने छात्रों संग बांटी...

से देखने की सीख देना भी है। जब पीएम मोदी छात्रों के साथ ठेठरी और खुरमी जैसे पारंपरिक स्नैक्स शेयर करते दिखे, तो यह संदेश साफ था कि पढ़ाई के साथ-साथ अपनी जड़ों, अपनी संस्कृति और अपने राज्य की पहचान पर भी गर्व होना चाहिए। इस छोटे से कदम ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर एक नई पहचान दी।

छत्तीसगढ़ को मिला खास मंच: ठेठरी और खुरमी का जिक्र होते ही सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खान-पान की चर्चा तेज हो गई। लोगों ने इन व्यंजनों के बारे में जानना शुरू किया, जिससे स्थानीय संस्कृति और खानपान को बढ़ावा मिला। यह दिखाता है कि जब देश का प्रधानमंत्री किसी क्षेत्र की परंपरा को सम्मान देते हैं, तो उसका असर दूर तक जाता है।

बस्तर की पहचान बारूद...

सहभागिता रही और अबूझमाड़िया, माड़िया व मुरिया जनजातियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

हंगामाः 13 मिनट में...

स्थगित कर दी गई। दोबारा सदन शुरू होने के बाद फिर हंगामा हुआ उसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर है कि विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है।

एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म...

मेरे पास विनम्रता नहीं है।

एंबुलेंस को सड़क पर खड़ा कर किया प्रदर्शन

विवाद तब और बढ़ गया जब परिजनों ने शव को उसी एंबुलेंस में ले जाने की बात कही। इस पर अस्पताल प्रबंधन ने शव को उसी एंबुलेंस से घर ले जाने से मना कर दिया और 108 एंबुलेंस बुलाने के लिए कहा। इससे गुस्साए परिजनों ने एंबुलेंस को सड़क पर खड़ा कर प्रदर्शन किया। हालात बिगड़ते देख पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। पुलिस की समझाइश के बाद परिजनों का प्रदर्शन शांत हुआ और शव को एंबुलेंस से ले गए। परिजनों ने अस्पताल की लापरवाही की जांच और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग है। यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

अब जानिए पूरा मामला

परिजनों ने बताया कि गरियाबंद के बसंत देवांगन की तबीयत बिगड़ने पर शनिवार रात करीब 8 बजे सोमेश्वर अस्पताल में भर्ती किया गया था। करीब 12 घंटे बाद, रविवार सुबह अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मरीज को निमोनिया है और उसकी पसली की एक हड्डी भी टूटी हुई है। मरीज की हालत गंभीर बताई गई, जिसके बाद परिजनों ने उसे रायपुर के बड़े अस्पताल में ले जाने का फैसला किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन मरीज को बाहर रेफर करने में लगातार टालमटोल करता रहा और ले जाने से मना करता रहा। परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन ने यहां तक कह दिया कि 'अगर मरना ही है तो यहीं मरेगा।' इसके बावजूद परिजन मरीज को रायपुर ले जाने पर अड़े रहे।

परिजन बोले- अस्पताल ने जानबूझकर देरी से एंबुलेंस दी

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने जानबूझकर देरी से एंबुलेंस उपलब्ध कराई। पहले ड्राइवर नहीं होने का बहाना बनाया गया। मरीज की बिगड़ती हालत को देखते हुए भाई पीतेश्वर खुद एंबुलेंस चलाने को तैयार हो गया। दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच एंबुलेंस दी गई, लेकिन उसमें न तो कोई पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद था।

मरीज की हालत बिगड़ी, 5 किलोमीटर बाद हुई मौत

परिजन मरीज को लेकर निकले और गरियाबंद से करीब 5 किलोमीटर ही आगे बढ़े थे कि बसंत की हालत और ज्यादा बिगड़ने लगी।

अस्पताल ने एंबुलेंस से शव घर ले जाने से रोका, परिजनों ने किया प्रदर्शन

घटना के बाद आक्रोशित परिजन शव लेकर वापस सोमेश्वर अस्पताल पहुंचे। वहां मरीज का इलाज कर रही डॉक्टर पूनम सरकार से उनकी जमकर बहस हो गई।

शरद पवार की तबीयत...

अनुसार, मुंह के कैंसर से उबर चुके पवार गले में संक्रमण, लगातार खांसी और सीने में जकड़न से पीड़ित हैं। उनके साथ उनकी बेटी व लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले और उनके पति सदानंद सुले भी थे। फिलहाल डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। मालूम हो कि शरद पवार की उम्र 85 साल है। हाल ही में भतीजे अजित पवार विमान हादसे में निधन के बाद अब शरद पवार की तबीयत बिगड़ने की खबर एनसीपी कार्यकर्ताओं को चिंतित कर रही हैं।

न्यूज गैलरी

सोमवार को होगा टीएल की बैठक

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राज्य शासन के दिए गए निर्देशों के परिपालन में सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों को प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से मुख्यालय में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है। प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले समय-सीमा की बैठक अब सोमवार को आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने सोमवार को आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन पोर्टल के साथ ही कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा दिए निर्देशों के अनुसार जिले के सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी मंगलवार व बुधवार को मुख्यालय में रहकर शासकीय कामकाज को संचालित करें। कलेक्टर द्वारा विभिन्न विभागों के कंडम वाहनों को आरटीओ के माध्यम से नीलामी कराने तथा खंडहर हो चुके शासकीय भवनों को विधिवत अनुमति प्राप्त कर तोड़वाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। शत-प्रतिशत छोटे बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए कहा गया। पीएम सूर्य घर निःशुल्क बिजली योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरण बनवाने, ई-ऑफिस के माध्यम से शासकीय कार्यों का संपादन, शेष विद्युत देयकों को मार्च तक भुगतान करने और सभी स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया।

आज मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह 251 बेटियों का विवाह होगा सम्पन्न

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजनांतर्गत जिले के 251 बेटियों का विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। गोविन्दपुर के शहीद शिवकुमार मंडावी खेल मैदान में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग होंगे तथा अध्यक्षता विधायक कांकेर आशाराम नेताम के द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अंतागढ़ विक्रम उसेण्डी, विधायक भानुप्रतापपुर श्रीमती सावित्री मंडावी, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष कांकेर श्रीमती पूर्णिमा कावड़े नगरपालिका कांकेर अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक, जनपद उपाध्यक्ष कांकेर श्रीमती तारूणी ठाकुर महेश जैन जिला पंचायत महिला एवं बाल विकास के सभापति श्रीमती तेजेश्वरी सिन्हा सतीष लाटिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुलोचना मेश्राम और ग्राम पंचायत गोविन्दपुर के सरपंच दीपक मंडावी मौजूद रहेंगे।

तेन्दूपत्ता शाखकर्तन का प्रशिक्षण 16 से 20 फरवरी तक

कांकेर/नवप्रदेश। तेन्दूपत्ता संग्रहण काल के पूर्व शाखकर्तन का प्रशिक्षण सभी वन परिक्षेत्र मुख्यालय में 16 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित कांकेर के प्रबंध संचालक से मिली जानकारी के अनुसार तेन्दूपत्ता शाखकर्तन कार्य के लिए कोरर में 16 फरवरी को, नरहरपुर में 17 फरवरी, कांकेर में 18 फरवरी, चारामा में 19 फरवरी एवं सरोना में 20 फरवरी को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमें संबंधित क्षेत्र के समितियों के साथ ही सरपंच, समिति अध्यक्ष, संचालक मंडल के सदस्य, प्रबंधक, नोडल अधिकारी, फड़ मुंशी, वन समिति के अध्यक्ष एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के लिए प्रबंध संचालक द्वारा सभी वन परिक्षेत्र अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने सेल फोन रिपेयरिंग का 30 दिवसीय प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने सम्पूर्ण जिले में बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को प्रतिबंधित किया है। उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित की जाने वाली वर्ष 2026 की हायर सेकण्डरी, हाईस्कूल, शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च के मध्य आयोजित होगी, इससे विद्यालयीन परीक्षा के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में कोई व्यवधान न हो। इसे दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ कोलाहल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-4 एवं धारा-6 के अंतर्गत तीव्र संगीत, हार्नटाइप, ध्वनि विस्तारक का उपयोग अनुज्ञा के बिना तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण कांकेर जिला में राजस्व सीमा के अंदर प्रतिषेध किया गया है।कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा-7 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति प्रदान करने के लिए जिले के संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार (कार्यपालिक दण्डाधिकारी) को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। तहसील कांकेर के लिए एसडीएम कांकेर, तहसील चारामा के लिए एसडीएम चारामा, तहसील नरहरपुर के लिए तहसीलदार नरहरपुर, तहसील सरोना के लिए तहसीलदार सरोना, तहसील भानुप्रतापपुर के लिए एसडीएम भानुप्रतापपुर, तहसील दुर्गूकोंदल के लिए तहसीलदार दुर्गूकोंदल, तहसील बांदे के लिए तहसीलदार बांदे और तहसील कोयलीबेड़ा के लिए तहसीलदार कोयलीबेड़ा को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

16 एवं 17 फरवरी को बस्तर में होगा संभाग स्तरीय रोजगार मेला

बीजापुर / नवप्रदेश। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 16 एवं 17 फरवरी 2026 को लाइवलीहुड कॉलेज आड़ावाल, जगदलपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में जिला बीजापुर के अंतर्गत संचालित शासकीय आईटीआई बीजापुर, भोपालपटनम, उसूर एवं भैरमगढ़ की संस्थाओं से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकेंगे। जिन प्रशिक्षणार्थियों ने रोजगार मेले हेतु पूर्व में पंजीयन कराया है, वे अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेले में उपस्थित होकर सहभागिता कर सकते हैं। वहीं जिन प्रशिक्षणार्थियों का अब तक पंजीयन नहीं हुआ है वे अपने नजदीकी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई, से संपर्क कर पंजीयन कराकर संभाग स्तरीय रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

बजरंग वार्ड प्यासा, काम अधूरे! बोर खनन और पाइपलाइन के बाद भी बूंद-बूंद को तरसे लोग

अंतागढ/नवप्रदेश। नगर पंचायत अंतागढ़ का वार्ड क्रमांक 5 बजरंग वार्ड गंभीर पेयजल संकट की चपेट में है। हालात यह हैं कि तमाम दावों और खर्चों के बावजूद आज भी वार्ड के नागरिक पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष और संबंधित अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

सूत्रों और स्थानीय लोगों के अनुसार पूर्व में बोर खनन भी कराया गया, लेकिन बोर से कम दबाव में पानी निकलने के कारण उससे वार्ड की जरूरत भर पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। यानी कागजों में समाधान, जमीन पर नाकाम।

इतना ही नहीं, वार्ड के कई हिस्सों में पाइपलाइन तो बिछा दी गई, लेकिन उसे मुख्य पाइपलाइन से जोड़ा ही नहीं गया। नतीजा यह है कि पाइप जमीन के नीचे दबे हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं और कई घरों तक आज भी पानी नहीं पहुंच पा रहा है। यह स्थिति सीधे तौर पर लापरवाहीऔर आधे-अधूरे काम की ओर इशारा करती है।

सबसे गंभीर पहलू यह है कि वार्ड के पार्षद द्वारा इस समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन दिए गए। न तो बोर के दबाव को सुधारने की पहल हुई, न ही पाइपलाइन को मेन लाइन से जोड़ने की।

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार के दावे के बीच बजरंग वार्ड के हालात इन दावों की सच्चाई उजागर कर रहे हैं। जब केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय एक ही पार्टी के अधीन हैं, तब भी अगर जनता को मूलभूत सुविधा पानी नहीं मिल पा रही, तो यह प्रशासन की गंभीर विफलता मानी जाएगी।

वार्डवासियों में गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही बोर की क्षमता बढ़ाने, वैकल्पिक जलस्रोत और पाइपलाइन कनेक्शन की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन और विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे।

महानदी तट पर बिना अनुमति उत्खनन, गांव में तनाव और विवाद की बन रही स्थिति

अवैध रेत खदान के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के ग्राम टंहाकापार में महानदी तट पर संचालित अवैध रेत खदान के खिलाफ ग्रामीणों ने खुलकर मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बिना किसी वैध अनुमति के रेत उत्खनन किया जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि गांव में लगातार तनाव और विवाद की स्थिति बनी हुई है।

शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे अफसर

ग्रामीणों के अनुसार महानदी तट पर नियमों को ताक पर रखकर भारी मात्रा में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इससे नदी के प्राकृतिक प्रवाह, कृषि भूमि और आसपास के पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

खदान संचालक पर अभद्र व्यवहार का आरोप

ग्रामीणों ने खदान संचालक अंकित जैन पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विरोध करने पर गाली-गलौज और धमकी दी जाती है। आरोप है कि संबंधित व्यक्ति स्वयं को भाजपा नेता बताकर राजनीतिक प्रभाव का हवाला देते हुए अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहा है।

अवैध बिजली कनेक्शन भी बना मुद्दा

ग्रामीणों ने बताया कि खदान क्षेत्र में रहने के लिए एक अस्थायी ढांचा तैयार किया गया है, जहां बिना मीटर लगाए सीधे अवैध बिजली कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग किया जा रहा है। इस मामले को लेकर भी ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और इसे प्रशासन की आंखों के सामने हो रही खुली अवैधता बताया जा रहा है।

आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध रेत खदान को बंद नहीं किया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे चक्का जाम करने के साथ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अब वे अपने गांव, नदी और अधिकारों की रक्षा के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने, खदान संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अवैध बिजली कनेक्शन को तुरंत काटने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

बिरझुली में त्रि-दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन

नगरी/ नवप्रदेश। जिले के ग्राम बिरझुली (सिंगपुर) में 6 फरवरी 2026 से भव्य त्रि-दिवसीय संगीतमय मानस गान सम्मेलन का शुभारंभ धार्मिक श्रद्धा एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

आयोजन समिति के अनुसार शुक्रवार शाम 4 बजे मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच पुष्पलता-रामायण सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष बुधराम ध्रुव ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पटेल विष्णु राम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुखों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शनिवार को आयोजित प्रथम दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड के अध्यक्ष विनीत बाफना ने की। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सम्मेलन में विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा रामचरित मानस पर आधारित मानस गान, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

मेटाबोदेली-चारगांव में हैवी वाहनों पर रोक लगानी की मांग, सौंपा ज्ञापन

- **अनुविभागीय अधिकारी अंतागढ़ कार्यालय पहुंचकर जन कल्याण एवं विकास समिति ने सौंपा ज्ञापन**

अंतागढ़/नवप्रदेश। ज्ञापन सौंपने पहुंचे समिति के पदाधिकारी का कहना है विगत कुछ माह से मेटाबोदेली-चारगांव भाईस में 16 चक्का ट्रक व अत्यधिक मात्रा में वाहनों को परिवहन किया जा रहा है, जो कि नियम के विरुद्ध है, इससे सडक समय के पूर्व जर्जर हो रहा है, सड़क उखड़ रही है जिसके कारण राह गीरों व स्कूली बच्चों को आनि जाने में काफी परेशानी हो रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वाहन चालक छोटे वाहनों को कुछ नहीं समझते। अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो पूरा सड़क हो खत्म हो जाएगा

इस लिए हम सभी समिति के पदाधिकारी सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपने आए है और हम शासन प्रशासन से मांग करते है कि एक निश्चित संख्या में जो कि लगभग 120 ट्रको का परिवहन किया जाए व शीघ्र 16 चक्का एठों के परिवहन पर प्रतिबंध किया जाए।ज्ञापन सौंपने में समिति के पदाधिकारी हरिचंद्र देहरी अध्यक्ष, मायाराम दुग्गा उपाध्यक्ष, मनीत राम पोटाई सचिव , बज्जू राम नेताम कोषाध्यक्ष व समिति के सदस्य मौजूद थे।

डीएमएफ व मनरेगा राशि में हेरफेर की आशंका

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। केंद्र व राज्य शासन द्वारा जिला खनिज न्यास योजना की राशि के सही उपयोग के लिए कड़े नियम व कानून बनाये गये किंतु अधिकारी शासन के निर्देश को अनदेखा कर बिना निविदा व टेंडर कर जिला खनिज न्यास की निधि में कमीशन की मिठास में ग्राम पंचायत को एजेंसी बना करीबी ठेकेदार से कार्य करवा रहे जबकि यह कार्य पंचायत बिना अनुभव के कर ही नही सकता किन्तु कोरिया जिले में अधिकारी के संरक्षन में अब ठेकेदार हावी है वही जिले के अन्य पंचायत में पाँच लाख तक के कार्य भी जिला

खनिज न्यास निधि से टेण्डर से हो रहे ऐसे में जिला मुख्यालय के ओड़गी ग्राम पंचायत में लगभग पच्चीस लाख रुपये के लागत से ओपन थियेटर मंच व बैठक व्यवस्था निर्माण कार्य की स्वीकृति व एजेंसी को लेकर कार्य की गुडवत्ता व ठेकेदारी से जिला मुख्यालय के अन्य पंचायत में यह चरचा का विषय बना हुआ है। वही जनपद के अधिकारी न्यास के कमीशन के मिठास में स्वीकृत कार्य को ट्रांसफर हो चुके सचिव व दबंग इंजीनियर के देखरेख में कार्य को ठेकेदार को सौप कर कार्य को पूर्ण करने के जुगाड़ में लगे हुए हैं जब कि कार्य का जिम्मा ग्राम पंचायत को दिया जाना है।

क्या कहते हैं सचिव

-उक्त कार्य के स्वीकृति के संबंध में रिकार्ड देखने के पश्चात ही कुछ जानकारी देना उचित होगा इतना याद नही रहता । संबंधित इंजीनियर के द्वारा कार्य सुरु कराया गया हैं आदेश की कॉपी शायद उन्ही के पास हो

- मनोज साहू,सचिव ग्राम पंचायत ओड़गी

जर्नी ऑफ सैनिटेशन हाइजीन 'जोश' से बदली संस्थागत शौचालयों की तस्वीर

- **एक माह में स्वच्छता को नई दिशा, उपयोगिता बढ़ी और युवाओं को मिला रोजगार**

एमसीबी/ नवप्रदेश। जिले में स्वच्छता को बढ़ावा देने और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई छत्तीसगढ़ की अनूठी पहल ÷जर्नी ऑफ़ सैनिटेशन हाइजीन जोश÷ ने मात्र एक माह में ही सकारात्मक परिणाम देना शुरू कर दिया है। 5 जनवरी से प्रारंभ इस अभियान का संचालन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुए इस अभियान के तहत अब तक जिले की 86 संस्थाओं-जिनमें आंगनवाड़ी केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, विद्यालय एवं छात्रावास शामिल हैं-के शौचालयों की नियमित साफ सफाई की गई है। इससे संस्थागत परिसरों की स्वच्छता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और शौचालयों की उपयोगिता भी बढ़ी है। अभियान ने स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता को बढ़ाते हुए संस्थाओं में बेहतर वातावरण का निर्माण किया है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क./202602140400005/अ-6/2025-26

(उद्घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर पति आकाश सिंह ठाकुर निवासी जनकपुर वार्ड, टिकरापारा कांकेर के द्वारा मोहल्ला शीतलापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 6 ए, प्लाट नं. 39/1, क्षेत्रफल 141 व.मी., पक्का मकान, भू भाटक 28.24 रु. जगदीश सिंह पिता रेवसिंह नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। पट्टेदार जगदीश सिंह पिता रेवसिंह की मृत्यु दिनांक 08.12.2025 को होने का उल्लेख करते हुये मृतक पट्टेदार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिस का नाम दर्ज किये जाने हेतु मेन्टेनेंस खसरा, नक्शा, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार, शपथ पत्र, तलवाना सहित छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है । प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 6/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है ।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

ईश्तहार / उद्घोषणा

रा.प्र.क्र...... अ/2 वर्ष 2025-26 ग्राम बिलाईगढ़ तहसील बिलाईगढ़ जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम बिलाईगढ़ तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक पदमन कुमार देवांगन पिता सुदामा प्रसाद देवांगन जाति कोष्टा साकिन बिलाईगढ़ तहसील बिलाईगढ़ (छ0ग0) के द्वारा आवासीय प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 16/02/2026 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची :-

भूमि खसरा नं. 590/7 रकबा 0.035 हे. पैसे।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 03/02/2026 को जारी किया गया है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिलाईगढ़

जी-252606556/1

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा), जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /7629 / आवि / निर्माण/नक्र-02(4)/2025-56 — **रायगढ़, दिनांक 6/2/2026**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिले के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य नवीन **ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 15.02.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है -**

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	लागत (लाखों मे)
1	185213	आदिवासी कन्या आश्रम सोनाजोरी, (लैलंगा) में क्लासरूम निर्माण कार्य	19.3984
2	185216	आदिवासी कन्या आश्रम नवापाराटेण्डा (घरघोडा) में क्लासरूम निर्माण कार्य	19.3984
3	185218	आदिवासी कन्या आश्रम तेन्दुमुडी (खरसिया) में क्लासरूम निर्माण कार्य	19.3984
4	185221	प्री.मै. आदि. कन्या छात्रावास बनहर (धरमजयगढ़) में क्लासरूम निर्माण कार्य	19.3984
5	185223	प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास मुकडेगा (लैलूंगा) में क्लासरूम निर्माण कार्य	19.3984
6	185224	प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास क्रमांक 01 नवापाराटेण्डा (घरघोडा) में क्लासरूम निर्माण कार्य	19.3984

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी Portal : http://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायगढ़

जी- 252606566/3

MUNICIPAL COUNCIL, SARANGARH
E-Procurement Tender Notice (2nd Call)

SYSTEM TENDER NO: 185246 — NIT NO: 4956 — SARANGARH, dated 06.02.2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to date 23.02.2026 at 17.00 hours

WORK DETAILS

System Tender No.	Description of works	Probable Amount of Contract (In Lakhs)	EMD Cost of Tender Form/TDR/ FDR	Tender Cost	Time Allowed For Completion	Bid Due Date	Physical Doc Submission End Date
185246	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Sarangarh Chhattisgarh	63.97	Class D & above 48000.00	10000/- D.D. In favour of C.M.O. Nagar Palika Parishad Sarangarh	06 Months (Including Rainy Season) + 3 Months of Trial run (From the Date of issuing of work order)	23.02.2026 17:00 PM	25.02.2026 16:00 PM

More details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **http://eproc.cgstate.gov.in** From 06.02.2026 at 17.00 Hours. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL SARANGARH

सफाई कर्मियों का सम्मान, सुरक्षा और समग्र कल्याण हमारी प्रतिबद्धता : अरुण साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर के नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मकारों को भी श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने इसके लिए सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर पात्र सफाई कर्मियों का श्रम विभाग में पंजीयन कराने को कहा है।

विभाग ने नगरीय निकायों में काम कर रहे ऐसे सफाई कर्मकार जो ईएसआईसी एवं ईपीएफ की पात्रता नहीं रखते हैं, उनका श्रम विभाग के असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालनालय से सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को जारी परिपत्र में पात्र सफाई कर्मकारों को श्रम विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करने पंजीयन के लिए निर्देशित किया गया है। पत्र में बताया गया है कि इसके लिए श्रम विभाग की

वेबसाइट एचटीटीपीः//स्वमेयजयते डाटसीजीडाटजीओवीडाटइनइन या मोबाइल एप 'श्रमेव जयते' पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विभाग ने सफाई कर्मकारों के बीच असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विभाग की इस पहल पर कहा कि प्रदेश के सफाई कर्मकार हमारे शहरों की स्वच्छता की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत और समर्पण को सम्मान देते हुए राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी पात्र सफाई कर्मी श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। नगरीय निकायों के माध्यम से पंजीयन कराकर उन्हें और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनोपयोगी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सफाई कर्मियों का सम्मान, सुरक्षा और समग्र कल्याण हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। हम उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार नई पहल कर रहे हैं।

9 योजनाएं चलाता है मंडल

श्रम विभाग द्वारा प्रदेश के ऐसे सफाई कर्मकार जो ईएसआईसी एवं ईपीएफ की पात्रता नहीं रखते हैं, उनका असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीयन कर उन्हें एवं उनके आश्रितों को 9 योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। मंडल में अभी 59 हजार से अधिक सफाई कर्मकार पंजीकृत हैं। असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा पंजीकृत सफाई कर्मकारों एवं उनके आश्रितों के लिए असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, सफाई कर्मकार के लिए आवश्यक उपकरण सहायता योजना, सफाई कर्मकार कौशल उन्नयन योजना, सफाई कर्मकार गंभीर बीमारी चिकित्सा सहायता योजना तथा शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित की जा रही हैं।

न्यूज गैलरी

दीपक कश्यप को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

बिलासपुर/नवप्रदेश। विगत दिनों डी. पी. विप्र महाविद्यालय प्राणी विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक दीपक कुमार कश्यप पिता मनीराम कश्यप माता सुशीला कश्यप को डॉक्टरेट की उपाधि मिली है। ज्ञात हो कि दीपक कुमार कश्यप को ये उपाधि कलिंगा यूनिवर्सिटी से प्रदान की गई है। उनका शोध का विषय स्टडी ऑन बायोएक्यूमूलेशन ऑफ माइक्रोप्लास्टि इन फ्रेशवाटर फिस था शोध निर्देशक डॉ मुंशी लाल पटेल थे। उपाधि मिलने पर महाविद्यालय के चेयरमैन अनुराग शुक्ला प्रिसिपल डॉ अंजू शुक्ल, डॉ एमएस तंबोली डॉ मनीष तिवारी डॉ किरण दुबे महाविद्यालय परिवार ने शुभ कामनाएं दी है।

वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

दगोरी/नवप्रदेश। जीपीआर कॉन्वेंट स्कूल पौसरी में 8 फरवरी को माता-पिता पूजन दिवस कार्यक्रम और वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच, जनप्रतिनिधि, संस्था प्राचार्य और विद्यालय स्टाफ द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पालक और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के आधार पर प्रथम पुरस्कार 1001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1000 रुपए और तृतीय पुरस्कार 551 रुपए प्रदान किए गए। सत्र 2024-2025 में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र और मेडल दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर फुलेश्वर कुमार रात्रे, शाला समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, शिक्षकगण और ग्रामवासी उपस्थित थे। बच्चे भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वार्षिक उत्सव के दौरान बच्चों ने सुवा, करमा, ददरिया, पंथी, जसगीत और अन्य छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए।

बसंत उत्सव के ओज से भरी रही काव्य गोष्ठी

बिलासपुर/नवप्रदेश। संकेत साहित्य समिति बिलासपुर इकाई की गोष्ठी श्री राकेश खरे ' राकेश' के निज निवास राजकिशोर नगर में संपन्न हुई । गोष्ठी की अध्यक्षता गजलकार केवल कृष्ण पाठक , मुख्य अतिथि हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष रत प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के संस्थापक संगम त्रिपाठी , वरिष्ठ साहित्यकार विजय तिवारी, विशिष्ट अतिथि अमृतलाल पाठक सफल संचालन हरवंश शुक्ला एवं धन्यवाद ज्ञापन राकेश खरे ने किया। गोष्ठी की विशेषता 'गंगाजली' पुस्तक का लोकार्पण रहा। काव्यगोष्ठी में शिरकत करने वाले प्रमुख कवि थे गीतकार विजय तिवारी, गजलकार, अमृतलाल पाठक, केवल कृष्ण पाठक, अंजनी कुमार तिवारी 'सुधाकर, हरवंश शुक्ला, शिव शरण श्रीवास्तव ' अमल', अशरफी लाल सोनी, संगम त्रिपाठी, पूर्णिमा तिवारी, नरेन्द्र कुमार शुक्ल 'अविचल', राजकुमार द्विवेदी ' बिंब', दिनेश्वर राव जाधव, जगतारन डहरे , विनय कुमार पाठक, वन्दना खरे, राकेश खरे 'राकेश ' राजेश सेवतकर थे। काव्य गोष्ठी का रंग जहां बसंत आगमन से गहराया रहा वहीं विसंगतियों पर जमकर हास्य व्यंग का प्रहार रहा ।अध्यक्षीय वक्तव्य में गोष्ठी को न केवल सफल बल्कि समाज को दर्पण दिखाने वाला , सुसंस्कृति, एकता भाईचारे के बीज रोपण के लिए प्रेरणात्मक आवश्यक बताया साथ ही राकेश खरे ' राकेश' द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ महिने की 20 तारीख को संकेत साहित्य समिति द्वारा माह में आने वाले कवियों का जन्मदिवस मनाने की घोषणा की अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन मनीषा एवं अर्चना द्वारा जलपान वितरण के साथ हुआ।

महिला ने की ऑटो ड्राइवर की पिटाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। सकरी थाना क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने बीच सड़क पर एक ऑटो ड्राइवर की जमकर पिटाई कर दी। घटना अटल आवास के पास की बताई जा रही है। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों और वायरल वीडियो के अनुसार, महिला का आरोप था कि, ऑटो चालक ने मासूम बच्चियों के साथ अभद्रता और छेड़छाड़ की। इसी बात से नाराज़ होकर महिला ने सार्वजनिक रूप से ड्राइवर का कॉलर पकड़ लिया और उसे पीटना शुरू कर दिया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि, ऑटो चालक भीड़ के सामने हाथ जोड़कर खुद को निर्दोष बताता रहा।

मल्हार में 15 दिवसीय मेला 15 से

मल्हार/नवप्रदेश। मल्हार में 15 दिवसीय मेला 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि से शुरू होगा। मल्हार मेला का यह 91वां वर्ष है। यहां स्थित भगवान पातालेश्वर कल्प केदारनाथ का मंदिर उत्तराखंड के भगवान केदारनाथ का अभिन्न स्वरूप माना जाता है। सफेद गोमती पत्थर से निर्मित गोमुखी आकार का यह शिवलिंग प्रत्यक्ष और अद्भुत रूप में स्थापित है।

मुसलमानों को संपत्ति के एक तिहाई से अधिक वसीयत करने का अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि मुसलमान अपने कानूनी वारिसों की सहमति के बिना वसीयत के माध्यम से अपनी संपत्ति के एक तिहाई से अधिक का निपटान नहीं कर सकते हैं। जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच ने दो निचली अदालतों के उन फैसलों को रद्द कर दिया, जिनमें छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक विधवा के अपने दिवंगत पति की संपत्ति पर दावे को खारिज कर दिया गया था। हाई कोर्ट ने पाया कि निचली अदालतें 'विधवा के वैध कानूनी हिस्से की रक्षा करने में विफल रही थी।

अपीलकर्ता 64 वर्षीय जैबुन निशा, जो अब्दुल सत्तार लोधिया की पत्नी हैं, ने दूसरे अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की। कोरबा में स्थित एक मामले में, एक दीवानी अदालत ने 2015 और 2016 में उनके मुकदमे को खारिज कर दिया था। यह विवाद कोरबा में एक घर और जमीन के एक टुकड़े

मुस्लिम कानून में शक्तियां सीमित

हाईकोर्ट ने कहा मुस्लिम कानून के सिद्धांतों के अनुच्छेद 117 और 118 के अनुसार, वसीयत करने की शक्तियां सीमित हैं। एक मुसलमान अपनी संपत्ति का केवल एक तिहाई हिस्सा ही वसीयत के माध्यम से दे सकता है। अदालत ने कहा इस सीमा से अधिक की कोई भी वसीयत या किसी उत्तराधिकारी को दी गई कोई भी वसीयत वसीयतकर्ता की मृत्यु के बाद अन्य उत्तराधिकारियों की स्पष्ट सहमति आवश्यक है।

से संबंधित था। मई 2004 में लोधिया की मृत्यु के बाद, मोहम्मद सिकंदर (उसके भतीजे) का नाम निशा के नाम के साथ राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया। सिकंदर ने खुद को 'दत्तक पुत्र' बताया और 27 अप्रैल, 2004 को तैयार की गई एक वसीयत पेश की, जिसमें दावा किया गया था कि पूरी संपत्ति उसे दी जानी है। निशा ने इसे चुनौती देते हुए कहा कि वसीयत जाली है और उस पर हस्ताक्षर किए गए हैं। महज़ चुप्पी या कार्यवाही शुरू करने में देरी को अपने आप में सहमति का दर्जा नहीं दिया जा सकता,' हाई कोर्ट ने कहा, साथ ही यह भी बताया कि यह साबित नहीं हुआ है कि निशा ने सहमति दी थी। जस्टिस गुरु ने टिप्पणी की कि निचली अदालतों ने वसीयत को गलत साबित करने का भार विधवा पर डालकर गलती की है। कोर्ट ने कहा कि यह साबित करने का दायित्व प्रतिवादी पर था कि निशा ने अपने पति की मृत्यु के बाद स्वतंत्र और सचेत सहमति दी थी। महज़ चुप्पी या कार्यवाही शुरू करने में देरी को अपने आप में सहमति का दर्जा नहीं दिया जा सकता,' हाईकोर्ट ने कहा, यह देखते हुए कि किसी भी गवाह ने यह साबित नहीं किया कि निशा ने कार्यवाही के लिए स्पष्ट सहमति दी थी। अदालत ने फैसला सुनाया कि सिकंदर द्वारा प्रस्तुत वसीयत भले ही असली हो, फिर भी वह एक तिहाई से अधिक हिस्से का दावा नहीं कर सकता। उच्च न्यायालय ने पिछले फैसलों को रद्द करते हुए कहा, उत्तराधिकारियों के अधिकारों की रक्षा मुस्लिम कानून का एक मूलभूत सिद्धांत है, और 'कानूनी एक तिहाई से अधिक की वसीयतें मान्य नहीं हो सकतीं।

बालवाड़ी शिक्षकों को तीन चरणों में दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के समस्त बालवाड़ी शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में दो दिवसीय ऑनलाइन तथा तीन दिवसीय ऑफ्लाइन सत्र शामिल हैं, जिन्हें तीन चरणों में सम्पन्न किया जाएगा । इसी क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में प्रथम चरण के अंतर्गत 16-17 फ्रवरी को ऑनलाइन प्रशिक्षण तथा 5 से 7 फ्रवरी तक तीन दिवसीय आमने-सामने (फेस-टू-फेस) प्रशिक्षण का सफ्ल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस आयोजित समापन समारोह में प्राचार्य अरुण प्रधान, उप-प्राचार्य श्रीमती उमादेवी शर्मा, सहायक प्राध्यापक एवं बालवाड़ी प्रशिक्षण प्रभारी राजेश चंद्राकर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी के प्राचार्य चमन चंद्राकर उपस्थित रहे। प्राचार्य अरुण प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत बालवाड़ी के मार्गदर्शी सिद्धांतों और फ्उंडेशनल पेडागॉजी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बालवाड़ी स्तर पर बच्चों में मानवीय मूल्यों का विकास उनके जीवन की मजबूत नींव तैयार करता है और उन्हें सार्थक कार्यों के लिए सक्षम बनाता है। नोडल अधिकारी एवं उप-प्राचार्य श्रीमती उमादेवी शर्मा ने प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रारंभिक स्तर पर बच्चों को अनुकूल वातावरण प्रदान कर उनकी बुनियादी दक्षताओं का विकास करना बालवाड़ी का मुख्य उद्देश्य है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक विद्यालयों में बालवाड़ी का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रभारी राजेश चंद्राकर ने बताया कि यह प्रशिक्षण उच्च कार्यालय से प्राप्त मॉड्यूल के आधार पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बालवाड़ी संचालन का प्रमुख उद्देश्य बच्चों की भावनाओं को समझना और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित करना है, जिससे वे फ्उंडेशनल स्तर की शैक्षिक संरचना के अनुरूप विकसित हो सकें।

अवैध हुक्का बार पर छापा, मैनेजर सहित तीन गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हुक्का बार में चल रहे गैरकानूनी संचालन को बंद करा दिया। थाना प्रभारी सिविल लाइन के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि हुक्का बार संचालक को मामले में आरोपी बनाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हुक्का बार मैनेजर विकम ठाकुर पिता किशन ठाकुर उम्र 20 वर्ष, निवासी मंदिर चौक

जरहामाठा, रितेश विश्वकर्मा पिता जीवन विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष, निवासी मसानगंज मध्य नगरी चौक तथा अरबाज खान पिता मोहम्मद शुलेगान खान (उम्र 23 वर्ष, निवासी आजाद चौक मंगला, बिलासपुर) शामिल हैं। वहीं हुक्का बार संचालक विनोद ठाकुर को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने हुक्का बार से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री जप्त की, जिसमें 6 नग हुक्का पार्ट, 8 नग कोयला कोको जेल, 4 नग स्टेन, 7 नग चिलम, 8 नग पाइप, 1 नग कोल हिटर, 1 नग हिसाब पंजी, नगद 3000 तथा 3 मोबाइल फोन शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई अवैध हुक्का बार संचालन पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से की गई है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में भी इस तरह की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

बजट से आत्मनिर्भर भारत व उद्यम होंगे सशक्तः खट्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल खट्टर एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुँचे। विमानतल पर उनका स्वागत केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने किया। प्रवास के दौरान श्री खट्टर ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में केंद्रीय बजट पर पत्रकारवार्ता की तथा एक निजी होटल में आयोजित बजट संवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट अपार अवसरों से भरा है, जो वर्तमान आवश्यकताओं

के साथ-साथ भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि यह बजट निर्माण अभियान, आत्मनिर्भर भारत, उभरते उद्योगों, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के शहरों के विकास तथा लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त करने की दिशा में दूरदर्शी कदम है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बजट पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत बजट 2026-27 देश की अर्थव्यवस्था के लिए स्थिरता, विश्वास और विकसित भारत के लक्ष्य को सुदृढ़ करता है। उन्होंने बताया कि वित्तीय घाटा 4.3 प्रतिशत पर सीमित रखने तथा 12.2 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय से निवेश, रोजगार और मांग को गति मिलेगी।

स्टॉफ नर्स भर्ती के लिए जारी समय-सारणी में संशोधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य संचालनालय रायपुर द्वारा स्टॉफ नर्स की भर्ती के लिए जारी प्रक्रिया के अंतर्गत अनुभव प्रमाण पत्र एवं दावा-आपत्ति के लिए जारी समय-सारणी में संशोधन किया गया है। इसके अंतर्गत संभाग स्तरीय समिति द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में 10 से लेकर 16 फरवरी तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण कर 20 फरवरी तक संचालनालय भेजा जायेगा। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर ने बताया कि संभाग स्तरीय समिति द्वारा अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन कर लिया गया है। संबंधित सीएमओ से अनुभव प्रमाण पत्रों की जानकारी कार्यालय को प्राप्त हुई थी। इस सूची को संचालनालय स्वास्थ्य विभाग की वेबसाईट -डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सीजीहेल्थ डॉट एनआईसी डॉट इन में 9 फरवरी को अपलोड किया गया है।

55 लीटर महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर के आंगन में शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक आरोपी को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 4 नग पीले रंग प्लास्टिक डिब्बा 15-15 लीटर क्षमता वाले डिब्बा में 55 लीटर शराब जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 11 हजार बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना कोनी पुलिस को 8 फरवरी को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि शिवनारायण वर्मा निवासी ग्राम जलसों अपने घर के आंगन में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब निर्माण कर रखा हैं बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा हैं मुखबिर सूचना तस्दीक कार्रवाई करने पुलिस रवाना होकर मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर घेराबंदी कर शिवनारायण वर्मा को पकड़ा गया जिसके पास से 55 लीटर कच्ची महुआ शराब जिसकी कीमत 11,000/ रूपये को जब्त कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

श्रीराम नवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्रीराम नवमी महोत्सव की तैयारियों के क्रम में वेंकटेश मन्दिर में प्रारंभिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में गत वर्ष महोत्सव के दौरान आई विभिन्न कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनसे प्राप्त अनुभवों के आधार पर इस वर्ष महोत्सव को और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित एवं दिव्य स्वरूप देने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नगर के प्रमुख मंदिरों से चर्चा कर, उन सभी को अपने-अपने दल-बल के साथ उत्सव में सक्रिय सहभागिता के लिए धामंत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ - नर्तक दलों, भजन मंडलियों तथा बीसगढ़ की लोक कलाओं एवं सांस्कृतिक दलों को महोत्सव से जोड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने पर सहमति बनी। को अधिक से अधिक सुनिश्चित करने पर विशेष रूप से नारी शक्ति की सहभागिता जोर दिया गया। महोत्सव को पूर्ण भक्तिभाव और दिव्यता के साथ मनाया जाएगा।

उद्घाटन: अश्विनी वैष्णव ने आसनसोल-बोकारो मेमू 'लाइफलाइन' को दिखाई हरी झंडी

पश्चिम बंगाल और झारखंड के औद्योगिक केंद्रों को जोड़ने वाला नया रेल कॉरिडोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्वी भारत के औद्योगिक परिदृश्य में आज एक ऐतिहासिक परिवर्तन दर्ज हुआ, जब बहुप्रतीक्षित आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी मेमू सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस सेवा को हरी झंडी दिखाई।

कार्यक्रम में सुवेंदु अधिकारी, नेता प्रतिपक्ष (पश्चिम बंगाल) की उपस्थिति रही। डिजिटल माध्यम और जमीनी उत्साह के संगम ने इस उद्घाटन को विशेष बना दिया। इस समर्पित मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट सेवा के शुभारंभ के साथ ही उन हजारों कामगारों,

विद्यार्थियों और छोटे व्यापारियों की वर्षों पुरानी कठिनाइयों का अंत हो गया, जिन्हें अब तक महंगे बस सफर या अनियमित एक्सप्रेस ट्रेनों पर निर्भर रहना पड़ता था। नई सेवा पश्चिम बर्धमान, पुरुलिया और बोकारो को जोड़ते हुए एक तेज़, सुलभ और किफायती 'स्टील कॉरिडोर' का निर्माण करती है। आज के शुभारंभ की प्रमुख विशेषताएं दोनों शहरों में स्थित सेल इकाइयों के तकनीकी कर्मचारियों और श्रमिकों को अब दैनिक आवागमन के लिए सीधा और भरोसेमंद साधन मिलेगा, जिससे औद्योगिक समन्वय सुदृढ़ होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावाः यह मेमू सेवा छोटे-छोटे मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव देती है, जिससे पुरुलिया एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को दोनों स्टील शहरों के बड़े बाजारों तक किफायती पहुंच मिलेगी। सैकड़ों विद्यार्थी अब राज्य सीमा पार स्थित प्रमुख कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों तक प्रतिदिन आ-जा सकेंगे, जिससे महंगे हॉस्टल या किराये के आवास की आवश्यकता समाप्त होगी। कम लागत वाले मासिक सीजन टिकटों की शुरुआत से दैनिक मजदूरों और नियमित यात्रियों के लिए लंबी दूरी की यात्रा अब व्यवहार्य हो गई है। पुरानी परिवहन व्यवस्था की तुलना में यह मेमू सेवा क्षेत्रीय गतिशीलता में व्यापक बदलाव लाती है। जहां पहले यात्रियों को कई बस बदलने, ईंधन लागत और सड़क जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, वहीं अब अनुदानित मासिक पास दैनिक यात्रा को अत्यंत सुलभ बनाते हैं। विश्वसनीयता के लिहाज से यह सेवा सड़क यातायात और मानसून जनित अवरोधों से मुक्त तेज़, सर्व-ऋतु विद्युत रेल कॉरिडोर प्रदान करती है, जो समयपालन सुनिश्चित करता है।

स्थानीय जीवन पर प्रभाव

परिवहन से आगे बढ़कर, इस सेवा से मध्यवर्ती स्टेशनों पर आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। नियमित यात्रियों की बढ़ती आवाजाही से स्थानीय दुकानों और सेवाओं का विकास होगा। इसके अतिरिक्त, मानसून के दौरान भी विश्वसनीय संचालन से मौसम-जनित सड़क बंदी का असर कम होगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था निर्बाध रूप से चलती रहेगी। यह मेमू सेवा न केवल दो स्टील शहरों को जोड़ती है, बल्कि रोज़गार, शिक्षा और समावेशी विकास के नए द्वार खोलते हुए पूर्वी भारत के औद्योगिक भविष्य को नई गति देती है।

ट्रेड से पहले सिक्योरिटी जरूरी, अजीत डोभाल की कनाडा के साथ जरूरी डील

■ कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत दौरे से पहले बड़े कदम

नई दिल्ली। कनाडा के प्रधानमंत्री के भारत दौरे के बीच, यह बात सामने आई है कि भारत और कनाडा कई ज़रूरी मुद्दों पर सहमत हुए हैं। भारत के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइज़र अजीत डोभाल और कनाडा की नताली ड्रोइन शनिवार (7 फरवरी) को राजधानी ओटावा में मिले। इस मीटिंग में दोनों देश नेशनल सिक्योरिटी, लॉ एनफोर्समेंट और इंटरनेशनल क्राइम से निपटने में सहयोग पर सहमत हुए।

सिक्योरिटी और लॉ एनफोर्समेंट के लिए जॉइंट एक्शन प्लान

इस मीटिंग में भारत और कनाडा नेशनल सिक्योरिटी और लॉ एनफोर्समेंट से जुड़े मुद्दों पर आपसी सहयोग के लिए एक जॉइंट प्लान तैयार करने पर सहमत हुए। ड्रग ट्रैफिकिंग और इंटरनेशनल क्रिमिनल नेटवर्क से निपटने के लिए दोनों देश स्पेशल लायजन ऑफिसर

नियुक्त करेंगे। दोनों पक्षों की ओर से यह साफ किया गया कि इससे सेंसिटिव जानकारी का समय पर आदान-प्रदान करने में मदद मिलेगी।

नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल का यह दौरा अहम माना जा रहा है, क्योंकि उम्मीद है कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अगले महीने की शुरुआत में भारत आएंगे। इसलिए, इस मीटिंग को दोनों देशों के बाइलेटरल रिश्तों में एक अहम मील के पत्थर के तौर पर देखा जा रहा है।

तनाव के बाद रिश्ते सुधारने की कोशिशें

इन कोशिशों को भारत-कनाडा रिश्तों को सुधारने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। 2023 में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर दोनों देशों के बीच डिप्लोमैटिक तनाव पैदा हो गया था। उसके बाद अब दोनों देश रिश्तों को नॉर्मल करने की कोशिश कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय की तरफ से ऑफिशियल जानकारी

यह मीटिंग बाइलेटरल सिक्योरिटी बातचीत का हिस्सा है। मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, दोनों देशों ने अपने नागरिकों की सिक्योरिटी के लिए चल रही कोशिशों में हुई तरक्की का स्वागत किया है। इसके अलावा, नेशनल सिक्योरिटी और लॉ एनफोर्समेंट से जुड़े मुद्दों पर आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए एक जॉइंट एक्शन प्लान तैयार करने पर भी सहमति बनी है।

न्यूज गैलरी

आजाद हिंद फौज के पूर्व सैनिक ने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के मलेशिया दौरे पर थे। इस दौरान पीएम मोदी आजाद हिंद फौज के एक पुराने सैनिक और मलेशिया में रहने वाले जयराज राजा राव से मिले। आज आईएएनएस के साथ इंटरव्यू में आईएनए के सैनिक जयराज ने अपनी मुलाकात के बारे में बताया। उन्होंने कई क्षेत्रों में उनके काम को भी सराहा है। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने आईएनए के पुराने सैनिक जयराज राजा राव से मुलाकात की और इस बातचीत को बहुत प्रेरणा देने वाला बताया। इस मुलाकात पर प्रतिक्रिया देते हुए जयराज राजा राव ने आईएएनएस के साथ एक खास बातचीत में कहा, ÷मै खुद को खुशकिस्मत मानता हूं कि मुझे भारत के प्रधानमंत्री से मिलने का मौका मिला। मेरे हिसाब से, पीएम मोदी एक बहुत ही जोशीले और जिम्मेदार इंसान हैं। उन्होंने भारत के गांवों के लिए बहुत कुछ किया है, शौचालय बनवाए हैं, पानी के सिस्टम बनवाए हैं और फिर उनका लगातार रखरखाव सुनिश्चित किया है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया है।÷ उन्होंने कहा, ÷उन्होंने मुस्लिम, हिंदू, ईसाई, के साथ एक जैसा व्यवहार करके बराबरी भी बनाए रखी है, साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ भी बहुत मजबूत रहे हैं। साथ ही, भारत आर्थिक रूप से बढ़ रहा है, तटस्थता बनाए हुए है, और समझदारी से शोषण करने वाले देशों, खासकर अमेरिका से दूर रह रहा है, जिसे मैं लड़ाकू, साम्राज्यवादी और बहुत ज्यादा धमकाने वाला मानता हूं। उन्होंने कहा, ÷जब मैं मुश्किल से 12 या 13 साल का था, तब नेताजी ने मुझे माला पहनाई थी, और प्रधानमंत्री नेताजी को बहुत पसंद करते हैं। नेताजी सच में एक महान इंसान थे। आईएनए में सैनिक ने इस बात पर भी चिंता जताई कि इंडियन नेशनल आर्मी के योगदान को न तो भारत में और न ही बाहर रहने वालों के बीच ज्यादा समझा या माना जाता है।

डिजिटल धोखाधड़ी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। देश में तेजी से बढ़ते डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए इसे डकैती या लूट करार दिया है। अदालत ने कहा कि अब तक ?54,000 करोड़ से अधिक की राशि साइबर ठगी के जरिए निकाली जा चुकी है, जो बेहद गंभीर स्थिति को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तैयार किए गए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को पूरे देश में औपचारिक रूप से लागू किया जाए, ताकि डिजिटल फ्रॉड पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों की लापरवाही या अधिकारियों की मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई और बैंकों से कहा कि वे ऐसे मामलों में समय पर और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। सुनवाई के दौरान अदालत ने बताया कि आरबीआई ने पहले ही एक एसओपी तैयार किया है, जिसके तहत साइबर फ्रॉड की आशंका होने पर अस्थायी रूप से डेबिट कार्ड को होल्ड पर डालने जैसी त्वरित कार्रवाई का प्रावधान है। इसका उद्देश्य धोखाधड़ी से होने वाले नुकसान को तुरंत रोकना है। डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक और अहम निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि अंतर-विभागीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल के लिए चार सप्ताह के भीतर एक ड्राफ्ट मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) तैयार किया जाए। अदालत ने साफ शब्दों में कहा हम केंद्र सरकार को निर्देश देते हैं कि वह आरबीआई की एसओपी को औपचारिक रूप से अपनाए और पूरे भारत में लागू करे, ताकि डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने में एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय हो सके। अदालत ने सीबीआई को निर्देश दिया है कि वह देशभर में सामने आए डिजिटल अरेस्ट मामलों की पहचान करे और उनसे जुड़े तथ्यों की विस्तृत जांच की जाए।

मतदाता सूची से जुड़ा यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया

सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की डेडलाइन एक सप्ताह आगे बढ़ाई

■ वकील की दलील पर नाराज हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करा रहा है। मतदाता सूची से जुड़ा यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। कोर्ट ने आज इस मामले में अहम दिशा-निर्देश दिए। चीफ जस्टिस ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की डेडलाइन एक सप्ताह और बढ़ाई जा रही है। दरअसल, ममता बनर्जी की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने कहा, बीते चार फरवरी को अदालत ने नोटिस जारी किया, जिसमें कई टिप्पणियां थीं। बीते हफ्ते में कई बदलाव हुए हैं। इसी बीच सीनियर

एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी के हस्तक्षेप पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि ये कोई बाजार नहीं है। कोर्ट में अनुशासन और गरिमा बनाए रखें। मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि मंदिरों की देखरेख करने वाले एक संगठन ने एक याचिका दायर की है। उनका इस मामले में क्या हित हो सकता है? उनकी इस दलील पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, बारी-बारी से सुनते हैं। अगर अनुशासन बनाए नहीं रखा गया तो आपको चीफ जस्टिस के का स्वभाव पता होना चाहिए। तल्ख लहजे में जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा- आप किसी बाजार में बैठे हैं या अदालत में हैं?

तीन जजों की पीठ ने बंगाल सरकार को दिए आदेश

तारीख बढ़ाने का आदेश पारित करने से पहले चीफजस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को रिपोर्ट करेंगे। कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। चीफजस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजरिया भी शामिल हैं।

बंगाल के डीजीपी को हलफनामा दायर करने का निर्देश

सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि कुछ बदमाशों / असामाजिक तत्वों ने अपने नोटिस जला डाले। इस आरोप पर कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ और बातों पर भी जोर दिया। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने अपनी याचिका में विशेष गहन मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाया है। उन्होंने चुनाव आयोग पर राजनीतिक पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि इस प्रक्रिया में समाज के कमजोर वर्गों के लाखों मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान किसी भी मतदाता का नाम न हटाया जाए, खासकर उन लोगों के जो तार्किक विसंगतियां श्रेणी में हैं।

अखिलेश यादव ने अमेरिका के साथ हुई डील पर उठाए सवाल

■ कहा-मेक इन इंडिया के शेर को लगता है जंग लग गई

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते (S-India Trade Deal) को लेकर भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार की आर्थिक नीतियों और 'मेक इन इंडिया' अभियान की सफलता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने यहां मेक इन इंडिया की सफलता पर सवाल उठाए। सपा प्रमुख ने सरकार के विरोधाभासों पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ हवाई अड्डों पर मिलेट्स (मोटा अनाज) के विज्ञापन लगाए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ इसे विदेशों से आयात किया जा रहा है। घास एवं चारा अनुसंधान संस्थान' का हवाला देते हुए कहा कि पशु आहार का आयात करना स्थानीय प्रयासों को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन का काम मुख्य रूप से पिछड़े और दलित वर्ग के लोग करते हैं, जिनके हितों की अनदेखी कर सरकार विदेशी कंपनियों को फायदा पहुंचा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब बुनियादी मुद्दों पर बहस होती है, तो भाजपा 'सावरकर' जैसे विषयों को बीच में ले आती है ताकि इतिहास के पन्नों में उलझाकर वर्तमान समस्याओं से ध्यान भटकाया जा सके।

'मेक इन इंडिया' वाला शेर अब जंग खा चुका

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने भारत का 500 अरब डॉलर का विशाल बाजार अमेरिका को सौंप दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार का 'मेक इन इंडिया' वाला शेर अब "जंग खा चुका है।"

'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' पब्लिश होने से पहले राहुल गांधी को कैसे मिली

नई दिल्ली। संसद के बजट सेशन की शुरुआत में ही 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' किताब को लेकर हंगामा हो गया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने किताब में कुछ मुद्दों को उठाकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। लेकिन, राहुल गांधी को यह किताब पब्लिश होने से पहले कैसे मिली? पूर्व आर्मी चीफ जनरल एम.एन. नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब ने दिल्ली की पॉलिटिक्स में हलचल मचा दी। पार्लियामेंट ठप हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के भाषण पर अपना धन्यवाद प्रस्ताव

भी नहीं दे पाए। इसलिए इस समय दिल्ली की सेंट्रल पॉलिटिक्स में यह सवाल उठ रहा है कि यह किताब, जो 2024 में पब्लिश होनी थी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी तक कैसे पहुंची? फोर स्टार्स ऑफ़ डेस्टिनी किताब 2024 में पब्लिश होनी थी। बुक स्टॉल्स ने इसकी बुकिंग पहले ही कर ली थी। लेकिन अचानक इसका पब्लिकेशन रोक दिया गया। तब से यह किताब पब्लिकेशन का इंतज़ार कर रही है। हालांकि, विपक्ष के नेता राहुल गांधी को छपी हुई किताब मिल गई। बजट सेशन में राहुल गांधी ने इस किताब के बारे में एक मैगज़ीन में छपे आर्टिकल और इसके कुछ हिस्से पढ़े। इससे बहुत हंगामा हुआ। आज तक के हवाले से आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2024 में दिल्ली की कुछ किताबों की दुकानों में इस किताब की कुछ कॉपी अवेलेबल थीं।

दालमंडी में ध्वस्तीकरण: कार्रवाई के बीच पेट्रोल फेंककर दुकान में लगाई आग

■ अफरा-तफरी का माहौल, भारी फोर्स मौजूद

वाराणसी। दालमंडी चौड़ीकरण योजना को लेकर सोमवार को मकानों को ध्वस्त करने की बड़ी कार्रवाई की जा रही है। संबंधित विभाग की ओर से 21 भवनों को ध्वस्त करने के लिए चिह्नित किया गया है। कार्रवाई को लेकर सुबह एसीपी दशाश्वमेध द्वारा पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया गया। इसके बाद भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों के बीच दालमंडी में तोड़फोड़ की

कार्रवाई शुरू हुई।

कार्रवाई के बीच दुकानदार ने विरोध में पेट्रोल फेंककर दुकान में आग लगा दी। इस दौरान उसने खुद को भी आग के हवाले करने की चेतावनी दी। जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। सभी सुरक्षाकर्मी अलर्ट हो गए। आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा लोगों को पीछे हटने के लिए कहा गया।

दालमंडी में कार्रवाई से पहले एसीपी दशाश्वमेध अतुल अंजान त्रिपाठी ने फोर्स को गाइड किया। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट रहने के लिए कहा। इसे लेकर चौक थाने पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंची है। एसीपी दशाश्वमेध ने कहा कि कार्रवाई के दौरान विरोध हो सकती है। ऐसे में मानसिक रूप से तैयार रहिए।

जिम्बाब्वे ने बल्ले और गेंद से किया कमाल, ओमान को 8 विकेट से रौंदा

कोलंबो। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच नंबर-8 में जिम्बाब्वे और ओमान की टीम आमने-सामने थीं. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया. जहां जिम्बाब्वे ने ओमान को 8 विकेट से पटखनी दी. मुकाबले में ओमान ने जिम्बाब्वे को जीत के लिए 104 रनों का लक्ष्य दिया था. जिसे जिम्बाब्वे ने 14वें ओवर में ही चेज कर लिया.

जिम्बाब्वे और ओमान को ग्रुप बी में रखा गया है. इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और आयरलैंड जैसे टीम्स भी हैं. इसलिए हर मैच का नतीजा महत्वपूर्ण है. जीत-हार और सम्मान के लिए पांचों टीमें पूरी ताकत लगा रही हैं.

ऐसी रही ओमान की बल्लेबाजी: टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ओमान की पूरी टीम 19.5 ओरों में 103 रनों पर ढेर हो गई. ओमान की शुरुआत काफी खराब रही और उसने 27 रनों के स्कोर तक 5 विकेट खो दिए थे. इसके बाद विनायक शुक्ला और सुफ्यान महमूद ने छठे विकेट के लिए 42 रन जोड़कर इनिंग्स को

संभालने की कोशिश की.

विनायक शुक्ला ने चार चौके की मदद से 21 बॉल पर 28 रन बनाए. जबकि सुफ्यान महमूद ने 39 गेंदों पर 25 रनों का योगदान दिया, जिसमें दो चौके शामिल थे. इन दोनों के अलावा नदीम खान (20 रन) ही दोहरे अंकों में पहुंच सके. जिम्बाब्वे की तरफ से तेज गेंदबाजों ब्लेसिंग मुजारबानी, रिचर्ड नगारवा और ब्रैड इवांस ने तीन-तीन विकेट झटके.

मुकाबले में जिम्बाब्वे की प्लेइंग इलेवनः ब्रायन बेनेट, तादिवानाशे मारुमानी, डायोन मायर्स, ब्रेंडन टेलर (विकेटकीपर), सिकंदर रजा (कप्तान), रयान बर्ल, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्रैड इवांस, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, रिचर्ड नगारवा और ब्लेसिंग मुजारबानी.

ऐसी रही जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी

104 रनों के जवाब में उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी रही. 3 ओ ओवर में ही टीम ने 30 रन जड़ दिए. लेकिन चौथे ओवर की पहली गेंद पर विकेट गिरा. इसके बाद इसी ओवर में जिम्बाब्वे को दूसरा भी झटका लगा. लेकिन इसके बाद ब्रेंडन टेलर और ब्रायन बेनेट के बीच अच्छी साझेदारी हुई और जिम्बाब्वे ने ये मैच 14वें ओवर में ही जीत लिया.

अब यूपीआई के जरिए सीधे बैंक खाते में आएगा पीएफ का पैसा

मुंबई। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने आठ करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आ रहा है। अब पीएफ का पैसा निकालने के लिए लंबी कागजी कार्रवाई या क्लेम प्रोसेस के इंतजार की जरूरत खत्म हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, श्रम मंत्रालय अप्रैल में एक नया मोबाइल ऐप लॉन्च करने जा रहा है, जिसके जरिए ग्राहक यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल कर सीधे अपने बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था को लेकर सब्सक्राइबर्स के मन में कई सवाल हैं। यहां आसान सवाल-जवाब के जरिए समझें कि यह नया सिस्टम कैसे काम करेगा और इससे आपको क्या फायदा होगा।

क्या है ईपीएफओ का नया प्लान?

रिटायरमेंट फंड बॉडी ईपीएफओ एक ऐसा सिस्टम तैयार कर रही है, जिससे मेंबर अपने पीएफ (ईपीएफ) का पैसा यूपीएफ पेमेंट गेटवे के जरिए निकाल सकेंगे। इसके लिए अप्रैल में एक डेडिकेटेड मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च की जाएगी। अभी तक पैसा निकालने के लिए क्लेम फाइल करना पड़ता था, जो एक लंबा और समय लेने वाला प्रोसेस है।

यह नया एप कैसे काम करेगा?

एप कैसे काम करेगा इसकी पूरी प्रक्रिया नीचे जानें-

सब्सक्राइबर्स को नए मोबाइल ऐप पर लॉग-इन करना होगा। वहां उन्हें यह दिखेगा कि उनके पीएफ खाते में कितना बैलेंस ट्रांसफर के लिए उपलब्ध है।

ट्रांजैक्शन पूरा करने के लिए मेंबर को अपना लिंक्ड 'यूपीआई पिन' डालना होगा। इसके बाद पैसा सुरक्षित रूप से उनके बैंक खाते में ट्रांसफर हो जाएगा।

भारत बनाम पाक मैच को लेकर टेंशन बढ़ने पर टीम इंडिया ने लिया एक बड़ा फैसला

■ भारतीय टीम के फैसले के पीछे का कारण अभी भी साफ नहीं है

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 वर्ल्ड कप मैच को लेकर अभी भी शक है। सबसे पहले पाकिस्तान ने बांग्लादेश का हवाला देकर भारत के साथ खेलने से मना कर दिया था। उसके बाद आईसीसी ने दखल देते हुए हल निकालने और फैसले पर दोबारा सोचने की सलाह दी। इसके बाद अब पाकिस्तान टीम के भारत के साथ खेलने की संभावना पर बातें हो रही हैं। इस भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर हुए विवाद के दौरान भारतीय टीम ने एक अहम फैसला लिया है।

भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ जीत के साथ की। टी20 वर्ल्ड कप में भारत का दूसरा मैच नामीबिया के खिलाफ होगा। यह मैच 12 फरवरी को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। उस मैच से पहले भारतीय टीम ने एक अहम फैसला लिया। उन्होंने सोमवार को होने वाला अल्टरनेटिव प्रैक्टिस सेशन कैंसिल कर दिया है। भारत ने टूर्नामेंट का पहला मैच यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ खेला था। उसमें भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन औसत रहा था। इसलिए भारतीय बल्लेबाजों से प्रैक्टिस की उम्मीद थी।

फिल्म 'द्वादश ज्योतिर्लिंग मोर महादेव' प्रदेश में 15 सेंटर्स में रिलीज होगी 13 फरवरी को

रायपुर/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर डीसी फिल्म प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म 'द्वादश ज्योतिर्लिंग मोर महादेव' महाशिवरात्रि के 2 दिन पूर्व 13 फरवरी से प्रदेश के 15 सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है। फिल्म रायपुर के श्याम टॉकीज सहित छत्तीसगढ़ के समस्त सिनेमाघर एवं मल्टीप्लेक्स में भी इसे रिलीज किया जा रहा है। डीसी फिल्म प्रोडक्शन हाउस से व फिल्म के निर्माता निर्देशक श्रवण कुमार राठौर ने बताया कि वह स्वयं शिव भक्त हैं और ऐसी फिल्म का निर्माण किया है जिसमें दर्शकों को एक सुंदर धार्मिक परिवारिक कहानी के साथ भगवान शिव से

जुड़ी ऐसी ऐसी बातें जानने को मिलेगी जो सिर्फ शिव महापुराण में पढ़ी जा सकती हैं। फिल्म के डीओपी है दिनेश ठक्कर व क्रिएटिव डायरेक्टर की भूमिका निभाई है जॉनसन अरुण ताम्बी ने फिल्म में अभिनय किया सुपरस्टार प्रकाश अवस्थी, अभिनेत्री नैनी तिवारी, अखिलेश वर्मा, डॉ अजय सहाय, वर्षा बर्मन, संतोष जैन, योगेश अग्रवाल, नवलदास मानिकपुरी गोकुल चतुर्वेदी, विजय मिश्रा, नील देवांगन, भानुमति कोसरे, गोपाल पोर्ते मुस्कान, सीमा, सत्यभाभा संतोष राठौर, संजय तैलंग संतोष प्रकृति, स्वेता, याकूब खान दिलीप बैस, डुगेश्वर समेत अन्य कलाकारों ने अभिनय का जलवा दिखाया है। फिल्म में समस्त ज्योतिर्लिंगों का वर्णन मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गूंफी पेंटल करते नजर आएंगे।

सुकमा के जनजातीय वेशभूषा ने बिखेरा जलवा, गुंजन नाग और किरण नाग ने बढ़ाया जिले का मान

मां दंतेश्वरी की धरती पर संस्कृति का उत्सव, बस्तर पंडुम ने जीता सबका दिल

■ गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर की आत्मा, उसकी परंपराएं और उसकी जनजातीय पहचान–इन सबका भव्य उत्सव बनकर उभरा 'बस्तर पंडुम 2026' न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन रहा, बल्कि यह सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनजातीय संरक्षण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण भी बना। लाल बाग मैदान में हुए इस ऐतिहासिक समापन समारोह ने पूरे देश का ध्यान बस्तर की गौरवशाली विरासत की ओर आकृष्ट किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की परिकल्पना को प्रशासन ने पूरी निष्ठा के साथ साकार किया। यह आयोजन उन परंपराओं के लिए संजीवनी साबित हुआ, जो समय के प्रवाह में विलुप्त होने की कगार पर थीं। पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, जनजातीय वेशभूषा, खानपान और शिल्प–सब कुछ अपने मूल स्वरूप में सहेजा गया, यही इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

सुकमा बना सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक

सुकमा जिला प्रशासन ने इस आयोजन में उत्कृष्ट समन्वय, प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का परिचय दिया। जिले के कलाकारों ने बस्तर की आत्मा को मंच पर जीवंत कर दिया। छिंदगढ़ विकासखंड के किंदरवाड़ा निवासी गुंजन नाग और किरण नाग ने जनजातीय वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल सुकमा, बल्कि पूरे बस्तर का मान बढ़ाया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर देश के गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं 50 हजार रुपये का प्रोत्साहन चेक प्रदान किया गया, जो शासन की कलाकारों के प्रति सम्मान और विश्वास को दर्शाता है।

सहभागिता ने रचा इतिहास

सुकमा जिले से 12 विधाओं में 69 कलाकारों की सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए मंच और अवसर जनजातीय प्रतिभाओं को नई उड़ान दे रहे हैं। यह सहभागिता केवल प्रस्तुति नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, पहचान और भविष्य की उम्मीद का प्रतीक रही।

विकास के साथ संस्कृति का संरक्षण

बस्तर पंडुम 2026 यह स्पष्ट संदेश देता है कि विष्णु देव साय सरकार का विकास मॉडल केवल सड़कों, भवनों और योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनजातीय अस्मिता, सांस्कृतिक जड़ों और सामाजिक आत्मसम्मान को समान महत्व देता है। यह आयोजन साबित करता है कि जब प्रशासन संवेदनशील हो और नेतृत्व दूरदर्शी, तो विकास और परंपरा एक–दूसरे के पूरक बन सकते हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री का जगदलपुर एयरपोर्ट में विजय शर्मा और केदार कश्यप ने किया स्वागत

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आज बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में गरिमामय आगमन हुआ। वे यहां के ऐतिहासिक लालबाग मैदान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय संभाग स्तरीय 'बस्तर पण्डुम' समापन समारोह में पहुंचे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, सांसद कांकेर भोजराज नाग, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव सहित महापौर संजय पांडे और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी केन्द्रीय गृह मंत्री का अभिवादन करते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों की प्रस्तुति से प्रभावित हुए शाह, ताली बजाकर बढ़ाया उत्साह

बस्तर पण्डुम समापन समारोह में बच्चों की कला को मिला केंद्रीय गृहमंत्री का सम्मान

■ 'ऐसा जादू है मेरे बस्तर में' गीत पर बच्चों की प्रस्तुति ने बांधा समां

■ बस्तर की बादल अकादमी के कलाकारों ने गीत को आवाज और संगीत में योगदान दिया

संभाग स्तरीय बस्तर पण्डुम 2026 के समापन समारोह में स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और ताली बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री के स्वागत में जगदलपुर के हजारों स्कूली बच्चों ने ÷ऐसा जादू है मेरे बस्तर में÷ गीत पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। बच्चों की भावपूर्ण और अनुशासित प्रस्तुति देखकर अमित शाह भी भावविभोर हो उठे और उन्होंने बच्चों को ताली बजाकर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा *मलखंभ प्रदर्शन* भी किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने बच्चों की कला, अनुशासन एवं आत्मविश्वास की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने भी बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कि ÷ऐसा जादू है मेरे बस्तर में÷ गीत को हिंदी एवं हल्बी बोली में रचा गया है। इसमें बस्तर की बादल अकादमी के कलाकारों ने अपनी आवाज और संगीत का योगदान दिया है। दायरा बैंड द्वारा इस गीत को आधुनिक संगीत के साथ नया स्वरूप प्रदान किया गया है, जिससे यह गीत युवाओं और बच्चों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय हो रहा है।

केंद्रीय मंत्री शाह ने देखा बस्तर की जनजातीय विरासत का वैभव, विजेताओं से मिलकर बढ़ाया उत्साह

■ बस्तर पंडुम में दिखी आदिवासी जीवन की झलक, प्रदर्शनी देखकर मंत्रमुग्ध हुए केंद्रीय गृहमंत्री

संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम 2026 के समापन अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालबाग मैदान में आयोजित जनजातीय परंपराओं और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर जनजातीय समाज के जीवन में उपयोग होने वाले उत्पादों, हस्तशिल्प और कलाओं की जानकारी ली।

केंद्रीय गृह मंत्री ने ढोकरा शिल्प, टेराकोटा, वुड कार्विंग, सीसल कला, बांस व लौह शिल्प, जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण, तुम्बा कला, जनजातीय चित्रकला, वन औषधि, स्थानीय व्यंजन तथा लोक चित्रों पर आधारित प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति भारत की आत्मा का जीवंत स्वरूप है।

प्रदर्शनी में दंडामी माड़िया, अबूझमाड़िया, मुरिया, भतरा एवं हल्बा जनजातियों की पारंपरिक वेशभूषा और आभूषणों का प्रदर्शन किया गया। जनजातीय चित्रकला के माध्यम से आदिवासी जीवन, प्रकृति और परंपराओं की सजीव झलक प्रस्तुत की गई। वहीं, वैद्यराज द्वारा वन औषधियों का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया।

स्थानीय व्यंजन स्टॉल में जोंधरी लाई के लड्डू, मंडिया पेज, आमट, चापड़ा चटनी, कुलथी दाल, पान बोबो, तीखुर जैसे पारंपरिक व्यंजन तथा लांदा और सल्फी पेय पदार्थ प्रदर्शित किए गए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ÷बस्तर पंडुम जनजातीय संस्कृति को सहेजने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। राज्य सरकार जनजातीय कला, शिल्प और परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।÷

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने बस्तर पंडुम की बारह विधाओं की प्रतियोगिता में विजेता दलों से भेंट कर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंह देव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

'बस्तर पंडुम–2026' संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता

जनजातीय नृत्य	गौर माड़िया नृत्य (बुधराम सोढ़ी, दंतेवाड़ा)
जनजातीय गीत	पालनार दल (मंगली एवं साथी, दंतेवाड़ा)
जनजातीय नाट्य	लेखम लखा (सुकमा)
जनजातीय वाद्ययंत्र	रजऊ मंडदी एवं साथी (कोण्डागांव)
जनजातीय वेशभूषा	गुंजन नाग (सुकमा)
जनजातीय आभूषण	सुदनी दुग्गा (नारायणपुर)
जनजातीय शिल्प	ओमप्रकाश गावड़े (कोया आर्ट्स, कांकेर)
जनजातीय चित्रकला	दीपक जुर्री (कांकेर)
जनजातीय पेय पदार्थ	भैरम बाबा समूह (उर्मीला प्रधान, बीजापुर)
जनजातीय व्यंजन	ताराबती (दंतेवाड़ा)
आंचलिक साहित्य	उत्तम नाईक (कोण्डागांव)
बस्तर वन औषधि	राजदेव बघेल (बस्तर)

संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम–2026 का समापन: गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह और चेक प्रदान कर किया सम्मानित

आदिवासी संस्कृति, कला और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन, सुकमा के जनजातीय नाट्य ने बिखेरा जलवा

बस्तर संभाग की गौरवशाली संस्कृति, कला और परंपराओं के संरक्षण हेतु आयोजित 'बस्तर पंडुम 2026' में सुकमा जिले ने सफलता का परचम लहराया है। जगदलपुर के लाल बाग मैदान में आयोजित इस भव्य संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सुकमा के जनजातीय नाट्य दल विधा को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। देश के गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा के कलाकारों को स्मृति चिन्ह और 50 हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

कला का जीवंत चित्रण

मुड़िया जनजाति के 13 सदस्यीय दल (9 पुरुष, 4 महिला) ने दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसे ताड़ का पत्ता, मयूर पंख, तीर–धनुष और मछली पकड़ने के जाल का कलात्मक प्रयोग कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संस्कृति के संरक्षण की अनूठी पहल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बस्तर के पारंपरिक नृत्य, गीत, खानपान, शिल्प और आंचलिक साहित्य के मूल स्वरूप को सहेजना और स्थानीय कलाकारों को एक बड़ा मंच प्रदान करना है। प्रशासन की इस पहल से न केवल विलुप्त हो रही विधाओं को संजीवनी मिल रही है, बल्कि जनजातीय समूहों के सतत विकास का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है।

सुकमा के कलाकारों ने जीती प्रतियोगिता

कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन और जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर के कुशल प्रबंधन में सुकमा जिले से 12 विधाओं के कुल 69 कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान कोंटा विकासखंड के सुदूर ग्राम पंचायत कोंडासांवली के आश्रित गांव पारला गट्टा की टीम ने नाट्य विधा में बाजी मारी।

इन कलाकारों ने बढ़ाया जिले का गौरव

कोंटा विकासखंड में स्थित पारला गट्टा निवासी कलाकार लेकम लक्का, प्रकाश सोड़ी, विनोद सोड़ी, जोगा सुदाम और उनकी टीम ने अपनी प्रतिभा से सुकमा जिले को गौरवान्वित किया है। कलाकारों की इस सफलता में नोडल अधिकारी मनीराम मरकाम और पी निवास राव का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने कलाकारों को संभाग स्तर तक पहुंचाने और प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर–सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक–चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक–विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक–संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com